हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



खेल

**विश्व कप से पहले अर्जेंटीना टीम की मुश्किलें बढ़ी, मैत्री मैच में नहीं खेल सके चोटिल मेसी**



देश

**सीएम विजय ने चलाया करप्शन पर चाबुक, पार्टी फंड के नाम पर चल रहे गोरखधंधे पर...**

कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 08 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 186 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,40,000 | ₹ 2,65,000 |

## आज का इतिहास

**2004** : भारतीय संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के दौरान, राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने घोषणा की कि तमिल को भारत की कानूनी मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषा बनाया जाना चाहिए।

**1997** : बैंकाक में भारत, बांग्लादेश श्रीलंका एवं थाईलैंड ने बिस्टेक नामक आर्थिक सहयोग समूह का गठन किया।

## न्यूज बाइट्स

### 33 दिन बाद विक्रमशिला सेतु पर बहाल हुआ आवागमन

**भागलपुर (नि.सं.)**। 33 दिनों तक बंद रहने के बाद विक्रमशिला सेतु पर एक बार फिर वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। सेतु पर तैयार किए गए बेली ब्रिज का उद्घाटन बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेंद्र ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन के साथ ही छोटे वाहनों के लिए पुल को खोल दिया गया, जिससे अंग, कोसी और सीमांचल क्षेत्र के लाखों लोगों ने राहत की सांस ली। उद्घाटन समारोह में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पुल पर जैसे ही वाहनों की आवाजाही शुरू हुई, लोगों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई देने लगा।

### नीतीश कुमार 40 साल बाद अचानक पहुंचे मौसी के घर

**हरनौत (नालंदा) (नि.सं.)**। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नीतीश कुमार रविवार को नालंदा जिले के हरनौत नगर पंचायत स्थित अपने मौसी के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से शिष्टाचार मुलाकात की और अपने दिवंगत रिश्तेदारों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला पूर्वाह्न करीब सवा 11 बजे गांव पहुंचा। उनके आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग वहां एकत्र हो गए। इस दौरान समर्थकों ने नीतीश कुमार के समर्थन में नारे लगाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने वाहन से ही हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। गांव पहुंचने के बाद नीतीश कुमार ने अपनी दिवंगत मौसी स्वर्गीय देव लगन देवी तथा मौसा स्वर्गीय रामानंद सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और नमन किया।

खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने विभागीय अधिकारियों को दिये निर्देश

# राजस्व और रॉयल्टी बकाया रखने वाले 1068 ईंट भट्ठों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

- सभी भट्ठों का कराया जाएगा स्थलीय निरीक्षण
- नीलाम पत्र पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर होगी कार्रवाई
- पर्यावरणीय मानकों की भी होगी जांच
- सरकार ने राजस्व वसूली अभियान तेज करने के दिए संकेत।

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार सरकार ने राजस्व बकाया रखने वाले ईंट-भट्ठा संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है। राज्य में 1068 ईंट-भट्ठा संचालकों द्वारा सरकार को देय राजस्व और रॉयल्टी का भुगतान नहीं किए जाने के मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई तेज की जाएगी। खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे सभी ईंट-भट्ठों का स्थलीय निरीक्षण कराया जाए और बकाया राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जाए। हाल ही में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई थी।

बैठक में यह तथ्य सामने आया कि राज्य के एक हजार से अधिक ईंट-भट्ठा संचालकों ने समय पर राजस्व अथवा रॉयल्टी का भुगतान नहीं किया है। इसे गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जिन ईंट-भट्ठा मालिकों ने निर्धारित राजस्व जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। इसके साथ ही बकाया राशि की वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद (सर्टिफिकेट केस) भी दायर किया जाएगा, ताकि सरकारी राजस्व की वसूली प्रभावी ढंग से हो सके।

विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही ईंट-भट्ठों के संचालन और पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन की भी जांच की जाएगी। सरकार के इस फैसले से राज्यभर के ईंट-भट्ठा संचालकों में हलचल बढ़ गई है। विभाग का मानना है कि इस कार्रवाई से राजस्व वसूली में तेजी आएगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों पर अंकुश लगेगा।

# इंजीनियर के ठिकानों पर छापा, बैंक लॉकरों से दो करोड़ नकद बरामद

- पत्नी के बैंक लॉकरों से करीब दो करोड़ रुपये नकद बरामद
- पांच बहुमंजिला इमारतें और 13 प्लॉट का पता चला

**एजेंसी | भुवनेश्वर(ओडिशा)**



ओडिशा में आय से अधिक संपत्ति के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। कंधमाल जिले के बलिगुड़ा स्थित एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) में पदस्थापित सहायक कार्यपालक अभियंता बैकुंठ नाथ बेहरा के विभिन्न ठिकानों पर विजिलेंस विभाग की छापेमारी में करोड़ों रुपये की संपत्ति का पता चला है। कार्रवाई के दौरान बैंक लॉकरों से करीब दो करोड़ रुपये नकद, पांच बहुमंजिला इमारतें, 13 प्लॉट तथा अन्य चल-अचल संपत्तियां बरामद की गई हैं। विजिलेंस विभाग को बैकुंठ नाथ बेहरा के पास आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद भुवनेश्वर स्थित विशेष न्यायाधीश (विजिलेंस) के आदेश पर भुवनेश्वर, जाजपुर, बारिपदा और कंधमाल जिले में स्थित उनके कुल नौ ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने भुवनेश्वर के विभिन्न इलाकों में चार बहुमंजिला मकानों और जाजपुर जिले के धर्मशाला स्थित पैतृक भूमि पर बने दो मंजिला भवन का पता लगाया। इसके अलावा बेहरा और उनके परिवार के नाम पर 13 भूखंड भी मिले हैं। इनमें सात प्लॉट भुवनेश्वर, पांच जाजपुर जिले के धर्मशाला क्षेत्र और एक बारिपदा में स्थित है। जांच एजेंसियों को भुवनेश्वर में अन्य संपत्तियों की जानकारी भी मिली है, जिसकी जांच जारी है। विजिलेंस अधिकारियों के अनुसार बैकुंठ नाथ बेहरा की पत्नी के नाम पर भुवनेश्वर के चंद्रशेखरपुर स्थित दो बैंकों के लॉकरों की भी जांच की गई। एक्सिस बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के लॉकर खोलने पर करीब दो करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। सभी नोट 500 रुपये मूल्य वर्ग के बताए जा रहे हैं। नकदी की गिनती बैंक की मशीनों के माध्यम से कराई जा रही है।

इसके अलावा विभिन्न ठिकानों से करीब 2.66 लाख रुपये नकद, सोने के आभूषण और अन्य निवेश संबंधी दस्तावेज भी मिले हैं। अधिकारियों ने सोने के गहनों का मूल्यांकन शुरू कर दिया है, जबकि बैंक खातों और अन्य निवेशों की भी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार बैकुंठ नाथ बेहरा ने 16 अगस्त 1999 को जूनियर इंजीनियर के रूप में सरकारी सेवा शुरू की थी। उस समय उनका मासिक वेतन लगभग छह हजार रुपये था। वर्ष 2016 में उन्हें सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति मिली थी। फरवरी 2026 में वे सहायक कार्यपालक अभियंता बने और उनकी वर्तमान मासिक आय करीब 80 हजार रुपये बताई जा रही है। विजिलेंस विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि जांच पूरी होने के बाद संपत्तियों का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा और आय से अधिक संपत्ति के मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भारत-नेपाल के बीच शुरू हुई यूपीआई भुगतान सुविधा, अब सीमा पार पैसे भेजना होगा आसान



**नई दिल्ली(ए.)**। भारत और नेपाल के बीच डिजिटल भुगतान सहयोग को नई मजबूती मिली है। दोनों देशों ने अपने-अपने डिजिटल भुगतान नेटवर्क को जोड़ते हुए सीमा पार भुगतान व्यवस्था की शुरुआत की है। इसके तहत भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्रणाली को नेपाल के राष्ट्रीय भुगतान नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे दोनों देशों के नागरिकों के लिए धन हस्तांतरण और भुगतान प्रक्रिया अधिक सरल और तेज हो जाएगी। यह घोषणा नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल के बीच हुई बैठक के दौरान की गई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने तथा आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक के दौरान भारत ने वर्ष 2015 में नेपाल में आए विनाशकारी भूकंप के बाद चल रहे पुनर्निर्माण कार्यक्रम के तहत 72 स्वास्थ्य सुविधाओं और 12 सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं को नेपाल को औपचारिक रूप से सौंप दिया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य नेपाल में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसके अलावा नेपाल में भाषा आधारित डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता भी किया गया। नेपाल की काठमांडू यूनिवर्सिटी और भारत की डिजिटल इंडिया भाषिणी पहल के बीच हुए समझौते के तहत नेपाल के लिए एक 'वॉइस फर्स्ट' भाषा अनुवाद मंच विकसित किया जाएगा। यह मंच विभिन्न भाषाओं के बीच संवाद और डिजिटल सेवाओं की पहुंच को आसान बनाने में मदद करेगा।

## एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि आज तक

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विधान परिषद की 10 सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून निर्धारित है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अपने सभी नौ उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं, जबकि महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अब तक अपने एकमात्र उम्मीदवार के नाम पर अंतिम निर्णय नहीं ले सका है। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में मौजूदा संख्या बल को देखते हुए विधान परिषद की 10 में से 9 सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत लगभग तय मानी जा रही है। वहीं एक सीट महागठबंधन के खाते में जाने की संभावना है। इसी को देखते हुए एनडीए ने समय रहते अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ कर दी है।

भारतीय जनता पार्टी ने अपने हिस्से की चार सीटों के लिए भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख संजय मयूख, वरिष्ठ नेता अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को उम्मीदवार बनाया है। जनता दल (यूनाइटेड) ने निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति और ललन प्रसाद को मैदान में उतारा है।

## घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 29 रुपये महंगा, दिल्ली में 942 और पटना में 1040 रुपये में मिलेगा

**एजेंसी | नई दिल्ली**



घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी गई है। 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 29 रुपये की वृद्धि की गई है। नई दरें शनिवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो गई है, जबकि पटना में उपभोक्ताओं को अब एक सिलेंडर के लिए लगभग 1040 रुपये चुकाने होंगे। पिछले तीन महीनों में यह दूसरी बार है जब घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। इससे पहले 7 मार्च को सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की वृद्धि की गई थी। इस तरह मार्च से अब तक घरेलू एलपीजी सिलेंडर कुल 89 रुपये महंगा हो चुका है। तेल विपणन कंपनियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की बढ़ती कीमतों के कारण ऊर्जा लागत में वृद्धि हुई है। साथ ही घरेलू बाजार में गैस की बिक्री पर होने वाले नुकसान को देखते हुए कीमतों में संशोधन करना आवश्यक हो गया था।

इस बीच केंद्र सरकार का कहना है कि वैश्विक बाजार में कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत में घरेलू रसोई गैस की कीमतें दुनिया के अनेक देशों की तुलना में काफी कम हैं। सरकार के अनुसार अंतरराष्ट्रीय लागत में वृद्धि का पूरा बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जा रहा है और उसका एक हिस्सा सरकार स्वयं वहन कर रही है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार से प्रभावित होती हैं, फिर भी घरेलू एलपीजी की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए सरकार समय-समय पर हस्तक्षेप करती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अब भी प्रति सिलेंडर 300 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

## सभी वर्गों के बीच प्रेम, सहयोग और सम्मान का वातावरण बने : प्रेम कुमार

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि भारत विविधताओं का देश है, जहां अनेक जातियां, भाषाएं, परंपराएं और संस्कृतियां मिलकर महान भारतीय सभ्यता का निर्माण करती हैं। उन्होंने कहा कि समाज का लक्ष्य ऐसा वातावरण तैयार करना होना चाहिए, जिसमें सभी वर्गों के बीच प्रेम, सहयोग, सद्भाव और सम्मान की भावना मजबूत हो। रविवार को पटना में आयोजित अखिल सिंदुरिया बनिया, कैथ बनिया एवं कैथल वैश्य महासभा के स्थापना दिवस समारोह सह राष्ट्रीय महासम्मेलन को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और सामाजिक एकता में निहित है। विभिन्न समुदायों और वर्गों के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द ही देश की प्रगति का आधार है।

उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

# जमालपुर में खुली बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज की शाखा, 50 चिकित्सकों को मिला प्रमाण पत्र

**निज संवाददाता | जमालपुर (मुंगेर)**




बिहार में एक्यूप्रेशर चिकित्सा के विस्तार की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। दरियापुर में बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, पटना की जमालपुर शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिले के 50 एक्यूप्रेशर चिकित्सकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अजय प्रसाद ने कहा कि राज्य में एक्यूप्रेशर चिकित्सा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में महाविद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जमालपुर में इस शाखा की स्थापना डॉ. मुकेश के निरंतर प्रयासों और समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा न केवल लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का माध्यम है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध करा सकती है। इस चिकित्सा पद्धति के व्यापक प्रचार-प्रसार से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। कार्यक्रम में जमालपुर शाखा की प्राचार्य नूतन कुमारी के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। समारोह के दौरान 50 एक्यूप्रेशर चिकित्सकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर डॉ. मुकेश ने कहा कि 26 वर्षों के लंबे संघर्ष और प्रयासों के बाद जमालपुर में एक्यूप्रेशर कॉलेज की स्थापना संभव हो सकी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान क्षेत्र के लोगों को एक्यूप्रेशर चिकित्सा के बारे में जानकारी देने, प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और युवाओं को नए अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में दयानंद प्रसाद, कमल नारायण साहू, रंजीत कुमार, अमित कुमार, डॉ. वीरेंद्र, एमपी अकेला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और उपस्थित लोगों ने इसे क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

BAYC Institute
स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE

DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE

MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE

MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE

BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE

MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

## पूर्वी भारत की ओर बढ़ रहा मानसून, बिहार-झारखंड को राहत का इंतजार

# अगले 10 दिनों में बिहार-झारखंड पहुंच सकता है मानसून, आईएमडी ने जताई संभावना

**निज सं. | भोपाल/लखनऊ/जयपुर**

दक्षिण-पश्चिम मानसून ने आखिरकार गति पकड़ ली है और अब यह महाराष्ट्र समेत देश के आठ राज्यों तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून ने महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मिजोरम और मणिपुर में दस्तक दी, जबकि इससे एक दिन पहले यह कर्नाटक, तमिलनाडु और गोवा पहुंचा था। केरल में मानसून 4 जून को प्रवेश कर चुका था। महाराष्ट्र के दक्षिण कोंकण क्षेत्र में मानसून के सक्रिय होने से सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी जिलों में 9 जून तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले सप्ताह राज्य में वर्षा की गतिविधियां कुछ कमजोर पड़ सकती हैं। मानसून के प्रभाव से केरल, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु के कई जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है।

इसके विपरीत तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में गर्मी का असर बरकरार है। यहां लगातार पांचवें दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। विभाग का अनुमान है कि अगले 10 दिनों में मानसून बिहार, झारखंड और ओडिशा में प्रवेश कर सकता है। इससे इन राज्यों में किसानों और आम लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में गर्मी ने फिर से जोर पकड़ लिया है।

### बंगाल की खाड़ी में मजबूत सिस्टम नहीं

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष जी.पी. शर्मा के अनुसार मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल की ओर मानसून की प्रगति फिलहाल कुछ धीमी रह सकती है। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में अभी कोई मजबूत मौसमी प्रणाली सक्रिय नहीं है, जो मानसून को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद कर सके। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में परिस्थितियां अनुकूल होने पर मानसून की रफ्तार फिर बढ़ सकती है और जून के मध्य तक यह पूर्वी भारत के बड़े हिस्से को कवर कर लेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### रजौली में अवैध परिवहन पर बड़ा एक्शन, गिट्टी लदे ओवरलोडेड हाइवा पर 12 लाख का जुर्माना,चालक फरार

**रजौली**। अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरकार के सख्त रुख के बीच रजौली में एक बार फिर से खनन विभाग का डंडा चला है। जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय के कड़े निर्देशानुसार खनन विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने रजौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चितरकोली चेकपोस्ट के पास एक विशेष और सघन जांच अभियान चलाया, जिसमें उन्हे कामयाबी हाथ लगी है। इस संयुक्त गश्ती दल का नेतृत्व खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा और थाने के एएसआई जय प्रकाश कर रहे थे, जिनके साथ पुलिस बल के जवान भी मुस्तैद थे। गश्ती के दौरान टीम लगातार हर आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की कड़ाई से जांच कर रही थी कि इसी बीच गिट्टी से लदा एक हाइवा ट्रक संख्या जेएच 02 बीडब्ल्यू 4425 आता दिखाई दिया, जिसे टीम ने तुरंत घेराबंदी कर रोक लिया। अधिकारियों द्वारा जब मौके पर ही वाहन के कागजात और उसकी क्षमता की बारीकी से जांच की गई, तो पाया गया कि यह हाइवा तय मानकों से कहीं अधिक मात्रा में गिट्टी लादकर परिवहन कर रहा था। ओवरलोडिंग के इस गंभीर मामले को देखते हुए संयुक्त टीम ने बिना कोई देरी किए गिट्टी लदे इस हाइवा ट्रक को मौके पर ही जब्त कर लिया। हालांकि, जैसे ही पुलिस और खनन विभाग की टीम ने इस दंडात्मक कार्रवाई को अंजाम देना शुरू किया, वैसे ही मौका पाकर गिट्टी लोड हाइवा ट्रक का चालक चालाकी से भागने में सफल रहा, जिसकी खोज पुलिस द्वारा किया जा रहा है। इस पूरी बड़ी कार्रवाई को लेकर खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा ने बताया कि जब्त किए गए हाइवा ट्रक पर नियमों के घोर उल्लंघन और ओवरलोडिंग के तहत सख्त कानूनी कदम उठाए गए हैं। विभाग द्वारा इस गाड़ी पर पूरे बारह लाख रूपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है, साथ ही स्थानीय थाने में संबंधित नियमों के तहत एक लिखित प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गई है ताकि दोषियों पर कानूनी शिकंजा कसा जा सके। खनन विभाग के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि रजौली और इसके आस-पास के सीमावर्ती क्षेत्रों में ओवरलोडिंग, अवैध खनन तथा बिना चालान के होने वाले अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी इस प्रकार का औचक चेकिंग अभियान पूरी कड़ाई के साथ लगातार जारी रहेगा ताकि राजस्व की चोरी और सड़कों को नुकसान पहुंचाने वाले माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

### मो. अशरफ अंसारी को एमएलसी उम्मीदवार बनाए जाने पर लोजपा (रा) कार्यकर्ताओं में उल्लास
#### रजौली में बैठक कर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, गांव-गांव तक सरकारी योजनाएं पहुंचाने पर दिया जोर

**रजौली**। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मो. अशरफ अंसारी को लोजपा (रामबिलास) पार्टी द्वारा एमएलसी उम्मीदवार बनाए जाने पर अनुमंडल स्तरीय पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं में भारी उल्लास है। इसी के मद्देनजर रजौली के पार बाध स्थित अनुमंडलीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने बैठक कर खुशी जताई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पासवान ने की। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो. तस्लीम, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष दिलीप पासवान, अकबरपुर प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र पासवान व वारिसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार पासवान एवं युवा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार मौजूद रहे। मो. अशरफ अंसारी को एमएलसी उम्मीदवार बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के इस फैसले से संगठन को नई ऊर्जा मिली है। बैठक में सरकार की योजनाओं को गांव के घर-घर तक पहुंचाने और पार्टी की मजबूती के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर आगामी चुनावों में पार्टी को बड़ी जीत दिलाई जाएगी। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन विस्तार का संकल्प लिया।

### ई-रिक्शा की टक्कर से वृद्ध की मौत, गांव में पसरा मातम

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत अंतर्गत फरकी पत्थर गांव में शनिवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान फरकी पत्थर गांव निवासी पाचू तुरिया के 62 वर्षीय पुत्र राजकुमार तुरिया के रूप में की गई है। स्वजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार तुरिया शनिवार की शाम बाजार से खरीदारी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कौआकोल थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा दुर्घटना में शामिल ई-रिक्शा और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### पुलिस के हत्थे चढ़े गैस कारोबार का खेल, 10 सिलेंडर जब्त; एजेंसी संचालक समेत दो पर मामला दर्ज

**कुरसेला (कटिहार)**: कुरसेला थाना क्षेत्र के एनएच-31 स्थित पुलिस पिकेट पर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टेंपू से 10 अवैध कमर्शियल गैस सिलेंडर बरामद किया गया हैं। बरामद गैस सिलेंडर इंडियन, भारत और एचपी कंपनी के बताए है। जबकि उन सभी गैस सिलेंडरों पर भारत गैस का सील और स्टीकर लगा हुआ था। जो गैस सिलेंडरों के अवैध कारोबार और रिफिलिंग नेटवर्क से जुड़ा हुआ को दर्शाता है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने टेंपू चालक समेत दो लोगों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान बरामद सिलेंडरों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। गिरफ्तार लोगों की पहचान बरारी निवासी मनोज कुमार साह तथा भागलपुर के रानीतलाब निवासी कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सिलेंडरों का उठाव कुरसेला स्थित भारत गैस एजेंसी से किया गया था। वहीं भारत गैस एजेंसी के संचालक मुकेश चौधरी ने बताया कि सुंदरम रेस्टोरेंट, नवगछिया के नाम से गैस की रसीद काटी गई थी, लेकिन संबंधित सिलेंडरों की डिलीवरी अभी नहीं हुई थी। हालांकि हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह 10 कमर्शियल गैस सिलेंडर नवगछिया स्थित महाराज जी के यहां पहुंचाने जा रहा था। एजेंसी संचालक और गिरफ्तार आरोपियों के बयानों में भिन्न-भिन्न सामने आने से मामला और अधिक संदिग्ध हो गया है।बताया जा रहा है कि एजेंसी संचालक द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर की रसीद दिखाई जा रही है, जबकि टेंपू से बरामद सिलेंडरों को अवैध है। और दस कमर्शियल गैस सिलेंडर है। ऐसे में कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इंडियन और एचपी के सिलेंडरों पर भारत गैस का सील और स्टीकर कैसे लगा, बिना वैध दस्तावेज के 10 कमर्शियल सिलेंडर एक साथ किसके आदेश पर भेजे जा रहे थे, यदि डिलीवरी नहीं हुई थी तो सिलेंडर आरोपियों के कब्जे में कैसे पहुंचे, पुलिस कार्रवाई के बाद ही रसीद काटे जाने की चर्चा क्यों हो रही है,

पदाधिकारी द्वारा बुकिंग नंबर पर फोन करने पर एजेंसी के किसी व्यक्ति के द्वारा क्यों उठाया गया, क्या अन्य कंपनियों के सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग कर उन्हें बाजार में खपाया जा रहा था? स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला केवल अवैध परिवहन का नहीं, बल्कि बड़े गैस सिंडिकेट और अवैध रिफिलिंग नेटवर्क की ओर भी इशारा करता है। उनका मानना है कि निष्पक्ष जांच होने पर कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

**एजेंसी संचालक समेत दो पर मामला दर्ज**:- खाद आपूर्ति पदाधिकारी किंचित कुमार ने बताया कि 10 अवैध कमर्शियल गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है तथा भारत गैस एजेंसी संचालक मुकेश चौधरी समेत संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की जब्ती के मामले में खाद आपूर्ति पदाधिकारी के आवेदन पर भारत गैस एजेंसी संचालक मुकेश चौधरी सहित दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच जारी है।

# रजौली में प्रशासनिक दावों की खुली पोल, नाबालिगों के हाथों में 'यमराज' बने ट्रैक्टर, एनएच-20 पर मंडरा रहा मौत का साया

## सड़क सुरक्षा नियमों की सरेआम अनदेखी और जिम्मेदार विभागों की रहस्यमयी चुप्पी से स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। रजौली थाना क्षेत्र में इन दिनों प्रशासनिक नाक के नीचे नियमों की धज्जियां उड़ाने के साथ सड़क सुरक्षा दावों की जमीनी हकीकत को बयां करती एक बेहद खौफनाक और विचलित करने वाली तस्वीर सामने आ रही है। स्थानीय पुलिस और परिवहन विभाग की नाक के नीचे क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर सैकड़ों भारी-भरकम और अनियंत्रित ट्रैक्टरों की कमान उन मासूम व नाबालिग बच्चों के हाथों में सौंप दी गई है, जिन्हें सही से वाहन की तकनीकी समझ तो दूर, उसे ठीक से संभालना तक नहीं आता।

**एनएच -20 पर मौत की रफ्तार**:- स्थानीय ग्रामीणों, दुकानदारों और राहगीरों का सीधा आरोप है कि कानून के रखवालों की ढुलमुल कार्यशैली और कथित अनदेखी के कारण ये कम उम्र के बच्चे बिना किसी हिचकिचाहट या डर के राष्ट्रीय राजमार्ग-20 जैसी बेहद व्यस्त और खतरनाक सड़कों पर भी दिन-रात तेज रफ्तार में ट्रैक्टर दौड़ा रहे हैं। यह घोर लापरवाही न सिर्फ यातायात नियमों का सरेआम मजाक उड़ा रही है, बल्कि हर पल इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों राहगीरों और वाहन चालकों की जिंदगी को भी मौत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर रही है।

**जिम्मेदारों की चुप्पी और कागजी खानापूर्ति** :- इलाके में आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और लहूलुहान होती सड़कों के बावजूद इस बेहद संवेदनशील समस्या पर प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस या सुधारात्मक कदम नहीं उठाया जा सका है। क्षेत्र के लोगों का गुस्सा इस बात को लेकर सबसे ज्यादा है कि ये खतरनाक और नाबालिग चालकों द्वारा दौड़ाए जा रहे ट्रैक्टर प्रतिदिन थानों, पुलिस चौकियों और प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों के सामने से बेधड़क गुजरते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अपनी आंखें मूंदे बैठे रहते हैं। सड़कों पर चेकिंग और सतर्कता के नाम पर महज कागजी खानापूर्ति होने की वजह से वाहन मालिकों और लापरवाह अभिभावकों के हौसले आसमान छू रहे हैं।

**चंद रुपयों के लिए जिंदगी से खिलवाड़** :- चंद रुपयों की मजदूरी बचाने या अपनी व्यक्तिगत लापरवाही के चलते ये लोग न सिर्फ उन बच्चों की जान जोखिम में डाल रहे हैं, बल्कि पूरी सड़क व्यवस्था को खतरे में धकेल रहे हैं। इस लचर और गैर-जिम्मेदाराना निगरानी व्यवस्था ने अब सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा को पूरी तरह से भगवान भरोसे छोड़ दिया है।

**क्या कहता है मोटर वाहन कानून** :- यदि इस पूरे मामले को कानूनी नजरिए से देखा जाए तो मोटर वाहन अधिनियम के तहत किसी भी नाबालिग द्वारा भारी व्यावसायिक, लोडिंग या कृषि से जुड़े वाहनों को सार्वजनिक सड़कों पर चलाना एक बेहद संगीन और गैर-जमानती श्रेणी का दंडनीय अपराध माना गया है। देश के कड़े कानून के अंतर्गत इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर न केवल वाहन चलाने वाले बच्चे के खिलाफ कार्रवाई होती है, बल्कि गाड़ी के मूल मालिक और बच्चे के अभिभावकों के खिलाफ भी भारी-भरकम आर्थिक जुर्माने के साथ-साथ सीधे जेल की सजा का सख्त प्रावधान सुनिश्चित किया गया है।

**जमीनी स्तर पर कानून का खत्म होता खौफ** :- कड़े कानूनी प्रावधानों के बावजूद रजौली और उसके आस-पास के लिंक रोड्स पर नाबालिगों का इस तरह बेखौफ होकर ट्रैक्टरों से स्टंट करना और रेस लगाना यह साफ तौर पर उजागर करता है कि जमीनी स्तर पर कानून का खौफ पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। ऐसा प्रतीत होता है कि बड़े हादसों को रोकने और मानव जीवन की रक्षा करने की प्रशासनिक इच्छाशक्ति अब पूरी तरह से शून्य हो चुकी है।

**जन-आक्रोश और सघन जांच की मांग** :- सड़कों पर लगातार बढ़ते इस जानलेवा खतरे को देखते हुए अब क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों और जागरूक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और परिवहन विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आर-पार की मांग शुरू कर दी है। आक्रोशित जनता का स्पष्ट कहना है कि एनएच-20 सहित रजौली को जोड़ने वाली सभी ग्रामीण और मुख्य लिंक रोडों पर तुरंत एक विशेष, निष्पक्ष और निरंतर चलने वाला सघन जांच अभियान शुरू किया जाना चाहिए।

**कब टूटेगी प्रशासन की नींद** :- लोगों ने पुरजोर मांग की है कि इस अभियान के तहत केवल बच्चों को रोककर औपचारिकता पूरी न की जाए, बल्कि उन रसूखदार और रसूख के नशे में चूर वाहन मालिकों पर भी सख्त धाराओं में कानूनी एफआईआर दर्ज की जाए जो इन मासूमों के हाथों में मौत का स्टीयरिंग थमा देते हैं। अब यह देखना बेहद दिलचस्प और महत्वपूर्ण होगा कि इस गहरे जन-आक्रोश और सुरक्षा से जुड़े गंभीर इनपुट्स के बाद भी स्थानीय प्रशासन अपनी गहरी नींद से जागता है या फिर हर बार की तरह किसी बड़ी अनहोनी और लाशों के ढेर लगने के बाद ही उसकी तंद्रा टूटेगी।

**क्या कहते हैं कि जिला परिवहन पदाधिकारी** :- इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय ने बताया कि विभाग द्वारा अक्सर विशेष अभियान चलाकर परिवहन के नियमों के उल्लंघन पर दोषियों पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही रजौली क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर नाबालिग चालकों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पुराना विवाद में जानलेवा हमला करने वाले चार नामजद आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

- साल 2025 के मामले में फरार चल रहे हमलावरों को पुलिस ने दबोचा,बाथरूम से लौट रहे युवक व उसके परिजनों का ईंट-पत्थरों से फोड़ा था सिर



पुलिस के गिरफ्त में चारो आरोपीत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के ग्राम एकम्बा में साल 2025 में हुए एक जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुराना विवाद को लेकर एक युवक और उसके परिजनों पर हिंसक हमला करने के मामले में फरार चल रहे चार नामजद आरोपियों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार हमलावरों की पहचान ग्राम एकम्बा निवासी चंद्रिका राजवंशी के पुत्र दयानंद राजवंशी, रामप्रीत राजवंशी, श्रीकांत राजवंशी के अलावे रामप्रीत राजवंशी के पुत्र मिथलेश कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मनोज राजवंशी के पीड़ित पुत्र रोशन कुमार द्वारा पूर्व में ही थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर रजौली पुलिस ने कांड संख्या 604/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 109, 352, और 3(5) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया था।दर्ज मामले के अनुसार, घटना की शाम करीब 6:30 बजे जब रोशन कुमार जरापोल लेन के समीप बाथरूम करने गया था, तभी पहले से पुल पर घात लगाकर बैठे इन असामाजिक तत्वों ने उसे घेरकर गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते जमकर मारपीट करने लगे। भांजे को संकट में देख पास ही खड़े मामा नितीश कुमार और भाई राजेश कुमार जब बीच-बचाव करने पहुंचे, तो हमलावरों ने उन पर भी लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला बोल दिया था, जिसमें रोशन कुमार का सिर फट गया था, मामा की पीठ पर गंभीर चोटें आईं थीं और भाई राजेश कुमार की आंख के नीचे ईंट लगने से वह लहूलुहान हो गया था, जिन्हें इलाज के लिए रजौली के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 में दर्ज इस केस के बाद से ही पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी और इसी क्रम में गांव में ही छिपे होने की सटीक सूचना पर दबिश देकर चारों को दबोच लिया गया।

### नवादा में हुआ 'संडे ऑन साइकिल' का आयोजन, पेफी एवं स्काउट एंड गाइड कैडेट ने दिया फिटनेस का संदेश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण एवं फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PEFI) के आह्वान पर स्काउट एंड गाइड नवादा इकाई एवं इंटर विद्यालय आती के विद्यार्थियों द्वारा रविवार को नवादा जिले में "संडे ऑन साइकिल" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों के साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिलिंग को एक सरल, सुलभ एवं पर्यावरण-अनुकूल शारीरिक गतिविधि के रूप में बढ़ावा देना तथा युवाओं एवं आम नागरिकों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिट इंडिया आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व पेफी नेशनल अवार्ड से सम्मानित संतोष कुमार वर्मा स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त संतु कुमार ने सभी कैडेट एवं विद्यार्थियों को संडेज ऑफ साइकिल का उद्देश्य को बताया और इसे हर संडे को अभियान के रूप में लागू करने की बात कही इस अवसर पर सौरभ गिरी मुरली मनीष कुमार आदि लोगों ने सहयोग किया

### देवधा गांव में मंदिर जीर्णोद्धार सह वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पकरीबरावां**। प्रखंड के देवधा गांव में रविवार को ब्रह्म पिशाच मंदिर का जीर्णोद्धार एवं वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन देवता विकास समिति के सौजन्य से किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि आरओ एफ सौरभ शांडिल्य शेखेदेवरा कृषि केन्द्र का प्रधानमंत्री अरविंद कुमार कृषि वैज्ञानिक शशांक शेखर अधिकारी प्रतिभा कुमारी अंगद कुमार जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि पंकज कुमार भोजपुरी कलाकार राजा भैया अमित आशिक उत्तम सिंह एवं देवता विकास समिति के सदस्यों ग्रामीण समाजसेवी के द्वारा सैकड़ो छायादार तथा फलदार पौधे लगाया गया । देवधा विकास समिति के सदस्यों के द्वारा बताया गया की दो चरणों में 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

वृक्षारोपण के उपरांत मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गांव का विकास पर्यावरण तथा मंदिर का जीर्णोद्धार एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आगंतुक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों को आभार पत्र देकर सम्मानित विकास समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम विकास समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार उपाध्यक्ष चंदन कुमार बृजेश कुमार नीतीश कुमार देवकांत मिश्रा सुधीर कुमार समाजसेवी राजकुमार सिंह कुंदन कुमार मुकेश कुमार विजय सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे

# हिसुआ में मगही और हिन्दी के साहित्यकारों का जुटान मगही को भाषा का दर्जा को लेकर बुलंद की आवाज




- गया, जहानाबाद, अरवल, पटना सहित जिले के 40 साहित्यकारों ने लिया हिस्सा, हुए सम्मानित
- हिन्दी मगही साहित्यिक मंच के तत्वावधान में मगही चौपाल और कवि सम्मेलन का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हिसुआ**। रविवार को हिसुआ में हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच शब्द साधक के बैनर तले मगही और हिन्दी के साहित्यकारों का जुटान हुआ. आयोजित मगही चौपाल और मगही हिन्दी कवि सम्मेलन में नवादा सहित गया, जहानाबाद, अरविल और पटना के 40 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया. मंच अध्यक्ष दीनबंधु, मुख्य अतिथि टीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो गणेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि नवोत्साह साहित्य संगम की संरक्षिका वीणा मिश्रा, वरीय नागरिक संघ के महामंत्री ललित किशोर शर्मा ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की. अध्यक्षता दीनबंधु और मंच संचालक संयोजक व्यंग्यकार उदय भारती ने किया. धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी व वरीय कांग्रेसी बांके बिहारी सिंह ने किया. अतिथि और वक्ताओं ने मगही को साहित्य की हर विधा के परिपूर्ण बताया. बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल सहित देश के कई प्रदेशों में भारी संख्या में मगही भाषी हाने की बात करते हुए सरकार को मगही को आठवीं अनुसूची में शामिल कर भाषा का दर्जा देने की आवाज बुलंद की.

**मगही चौपाल के माध्यम से मगही आंदोलन को तेज करने की अपील**: कार्यक्रम में मगही को भाषा का दर्जा देने की मांग को लेकर जहानाबाद से शुरु हुए मगही चौपाल का शब्ध साधक मंच ने समर्थन किया और इसको गति देने का संकल्प लिया. मगही चौपाल के कारवां का प्रतिनिधित्व कर रहे हिमांशु शेखर ने कहा कि मगही माय का हक हम लेकर रहेंगे. हम घऱ-घर, गांव-गांव, गली-मोहल्ला जाकर मगही भाषी को जगा रहे हैं. इस तरह आंदोलन को बड़ा रूप दिया जाएगा. संयोजक गौतम पराशर ने आंदोलन में मगही भाषियों को आगे आने का आह्वान किया.

**मगही चौपाल का कारवां लेकर पहुंचे हिमांशु शेखर, गौतम पराशर, अरविंद कुमार आजांस, रम्भा कुमारी, अवनीश कुमार मुन्ना**: अवनीश कुमार उर्फ मुन्ना दीवाना, विश्वजीत अकेला, कमरूद्दीन शम्शी, सुजीत कुमार, अंतर्यामी कुमार, सन्नी कश्यप धर्मेंद्र रंगकर्मी, नंदकिशोर विद्यार्थी, अंतर्यामी कुमार को सम्मानित किया गया. अन्य क्षेत्र में जिले से बेहतर करने वालों में खेल कोच और शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा, स्काउट एंड गाइड के संटू कुमार, उभरते अभिनेता और कवि सागर इंडिया, जेपी सेनानी जयनारायण प्रसाद को भी सम्मानित किया गया. बेस्ट श्रोता का सम्मान नंद किशोर प्रसाद को मिला. मौक पर शफी जानी नादां, कवि प्रवीण पंकज, अमरेंद्र पुष्प, युगल किशोर राम, अनिल कुमार, नीतेश कपूर, उत्पल भारद्वाज, दयानंद गुप्ता, गौतम कुमार सरगम, ओंकार कश्यप, श्याम सुंदर कुमार, कृष्ण कुमार भट्टा, द्वारिका प्रसाद, ड़ॉ. रमेश कुशवाहा सहित 30 कवियों ने काव्य पाठ किया.

# दलित एवं आदिवासी पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**: दलित एवं आदिवासी समुदाय के पंचायत प्रतिनिधियों को सशक्त एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से PARA द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नवादा जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की जड़ें पंचायतों में मजबूत होती हैं। जनप्रतिनिधियों को अपने अधिकारों, कर्तव्यों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचा सकें।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन PARA के बिहार राज्य समन्वयक धर्मदेव पासवान के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में नवादा जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिय रंजन सहित कई गणमान्य अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न पंचायतों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को स्थानीय शासन व्यवस्था, सामाजिक न्याय, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नेतृत्व विकास तथा समुदाय के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान में सहायता मिलेगी। दो दिवसीय यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न सत्रों और संवादात्मक चर्चाओं के साथ जारी रहेगा।

प्रशिक्षण में जिला काउंसलर परामर्श पदाधिकारी आदित्य कुमार ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दलित-आदिवासी छात्रों को कैसे मिलेगा, इसकी पूरी प्रक्रिया बताई। प्रशिक्षण में दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि एवं जीविका की दीदियाँ भी शामिल हुईं।

## संक्षिप्त समाचार

### मोरहर नदी की भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण का मामला गरमाया, भाजपा नेता ने मंत्री से की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**इमामगंज**। इमामगंज प्रखंड के रानीगंज स्थित मोरहर नदी की भूमि पर कराए जा रहे सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार शौण्डिक ने बिहार सरकार के खान-भूतत्व एवं कला-संस्कृति मंत्री को पत्र भेजकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने मंत्री को भेजे गए पत्र में संतोष कुमार शौण्डिक ने आरोप लगाया है कि मोरहर नदी की भूमि पर अवैध रूप से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के लिए जारी एनओसी किसी अन्य स्थल के लिए दी गई थी, जबकि संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर द्वारा जियो टैगिंग नदी क्षेत्र में की गई है और निर्माण कार्य भी उसी स्थान पर कराया जा रहा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि नदी की भूमि पर किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण सरकारी नियमों एवं पर्यावरणीय मानकों के विपरीत है। इससे नदी के प्राकृतिक प्रवाह, जल संरक्षण व्यवस्था तथा भविष्य में बाढ़ और कटाव जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। साथ ही सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को भी बढ़ावा मिलने की आशंका है। भाजपा नेता ने मंत्री से मांग की है कि मोरहर नदी की भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। साथ ही निर्माण स्थल को एनओसी और जियो टैगिंग की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि एनओसी और वास्तविक निर्माण स्थल में अंतर पाया जाता है तो दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।संतोष कुमार शौण्डिक ने नदी की सरकारी भूमि को अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण से मुक्त कराने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि जनहित पर्यावरण संरक्षण और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार को इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करना चाहिए।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर 9 जून को स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित होगा विशेष कार्यक्रम

**कटिहार/पूर्णिया**। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 09 जून 2026 को जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों यथा जिला अस्पताल से लेकर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के आदेश पर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किया जाएगा जिस दौरान अस्पताल में चिकित्सा अधिकारियों द्वारा उपस्थित गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करते हुए लाभार्थियों को चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जाएगी।

**प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत वर्ष 2016 में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी : सिविल सर्जन-** सिविल सर्जन डॉ प्रमोद कुमार कनौजिया द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत वर्ष 2016 में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। पिछले दस वर्षों में इस अभियान ने उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की पहचान, मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप मापन, वजन जांच, हीमोग्लोबिन जांच, मूत्र जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान करते हुए जरूरतमंद लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार रेफरल करने की सेवाएं प्रदान की जाएगी। साथ ही सुरक्षित मातृत्व, पोषण, एनीमिया नियंत्रण, संस्थागत प्रसव एवं नवजात शिशु देखभाल से संबंधित परामर्श भी दिया जाएगा जिससे माँ और नवजात शिशु स्वस्थ्य और शुरुआती रहते हुए स्वास्थ्य जीवन का लाभ उठा सकें।

**सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम, आशा कर्मियों को दी गई है महत्वपूर्ण जिम्मेदारी** : डॉ कनौजिया ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ), एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से क्षेत्र की सभी पात्र गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली एवं छूटी हुई गर्भवती महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों से अपील की गई है कि उनके द्वारा 09 जून 2026 को अपने निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर अथवा सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएं तथा सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहयोग करते हुए होने वाली माँ और नवजात शिशु को स्वस्थ्य और सुरक्षित सकें।

# 'शिक्षक लड़ेंगे तो छात्रों में गलत संदेश जाएगा'

## गयाजी के बीआईआईटी में सम्मान समारोह, टीचर बोले- छात्रों का भटकाया जा रहा है





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। चर्चित शिक्षक खान सर और रौशन आनंद के बीच परिणाम की संख्या को लेकर हाल ही में विवाद हुआ था। उसपर गयाजी के एक संस्थान ने प्रतिक्रिया दी है। बीआईआईटी जीएस क्लासेस के डायरेक्टर संस्थान के डाइरेक्टर रवि कुमार, शिक्षक नीतीश और अविनाश ने कहा है कि ये छात्रों का ध्यान भटकाने का हथकंडा करार है। इन शिक्षकों का मानना है कि एक शिक्षक वह होता है जो रास्ता जानता है, उस रास्ते पर चलता है और दूसरों को रास्ता दिखाता है।

शिक्षकों के बीच वैचारिक और शैक्षणिक लड़ाइयां होनी चाहिए, जो नए ज्ञान का सृजन करें, लेकिन जब शिक्षक ही आपस में इस तरह लड़ेंगे, तो समाज और छात्रों के बीच गलत संदेश जाएगा। शिक्षकों को द्रोणाचार्य और गुरु संदीपनी की भूमिका में रहकर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। न कि छात्रों को बरगलाकर व्यावसायिक हितों के लिए खींचतान करनी चाहिए। दरअसल, बीआईआईटी जीएस की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें ये सारी प्रतिक्रियाएं दी गई हैं।

**छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीः** इस मौके पर उपस्थित छात्राओं ने जब मंच पर अपनी रंगारंग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि और टिकारी के पूर्व विधायक अनिल कुमार ने भी इस बात को रेखांकित करते हुए कहा कि अब गर्व होता है कि पुलिस सेवा में इतने पढ़े-लिखे और जिम्मेदार ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र आ रहे हैं। उन्होंने इसे देश और राज्य का असली भविष्य बताया। इस दौरान मौर्या हाइट्स के इकबाल हुसैन और रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह ने भी छात्रों की हौसलाअफजाई की।

**सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीरः** पूर्व विधायक अनिल सिंह ने कहा कि सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर पूरी तरह गंभीर है। बिहार सरकार और सीएम सम्राट चौधरी ये तय करने में लगे हैं कि परीक्षा या किसी भी व्यवस्था में किसी प्रकार का लीकेज न हो।

## 24 सेंटर्स पर बीएड एंट्रेंस एग्जाम, 17 हजार से अधिक स्टूडेंट्स हुए शामिल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में राज्यस्तरीय बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले के 24 सेंटर्स पर 17,286 अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रशासन के सामने इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के सफल और शांतिपूर्ण संचालन की कड़ी चुनौती है, जिसके लिए सुरक्षा और निगरानी के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं।

इस बार परीक्षा में सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सभी सेंटर्स पर पहली बार जैमर लगाए गए थे। साथ ही बायोमेट्रिक सत्यापन की भी व्यवस्था की गई। गयाजी कॉलेज को जिले का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां अकेले 3,060 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था है।

**सुरक्षा के कड़े इंतजामः** हर केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और केंद्राधीक्षकों की तैनाती की गई है। फ्लाइंग स्क्वायड भी अलर्ट मोड में हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के कदाचार या अनुचित साधनों के इस्तेमाल को रोकने के लिए विशेष निगरानी सेल सक्रिय है।

**सुबह 10:30 बजे के बाद नहीं मिलेगी एंट्रीः** परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक का समय दिया गया था। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गी। परीक्षा का आयोजन सुबह 11 बजे शुरू हुई, जो दोपहर 1 बजे तक चली।

**हाफ शर्ट और पैंट में ही मिलेगी प्रवेश की अनुमतिः** परीक्षा को लेकर ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को हाफ शर्ट और साधारण पैंट पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंचने का निर्देश दिया गया था। फुल बाजू की शर्ट, जैकेट या अतिरिक्त कपड़ों के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई थी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा को देखते हुए कई वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया गया। अभ्यर्थियों को जूता-मोजा पहनकर प्रवेश नहीं मिला। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाने पर भी रोक है।

## नक्सल प्रभावित इलाके की बेटियों ने भरी सफलता की उड़ान







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- **बिहार पुलिस में चयनित 46 अभ्यर्थियों का भव्य सम्मान**
- **22 बेटियों समेत 46 युवाओं ने बढ़ाया क्षेत्र का मान, टाउन हॉल में सम्मान समारोह आयोजित**

**इमामगंज**। कभी नक्सलवाद और हिंसा की घटनाओं के लिए चर्चित रहा इमामगंज क्षेत्र आज शिक्षा, मेहनत और सफलता की नई कहानी लिख रहा है। इसी बदलाव की मिसाल पेश करते हुए इमामगंज फिजिकल अकादमी के 46 अभ्यर्थियों ने बिहार पुलिस में सफलता हासिल की है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर रविवार को इमामगंज टाउन हॉल में सम्मान समारोह आयोजित कर सभी सफल अभ्यर्थियों को अंगवस्त्र, पुष्पमाला, डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि टिकारी विधायक अजय कुमार दांगी ने कहा कि इमामगंज जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से इतनी बड़ी संख्या में युवाओं और विशेषकर बेटियों का बिहार पुलिस में चयनित होना पूरे मगध क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज को नई दिशा दे रही हैं। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। वहीं अंचलाधिकारी सुकेश कुमार ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद यहां के युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर परिश्रम से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने सफल अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि बिहार पुलिस में चयनित होकर ये युवा केवल नौकरी नहीं प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का महत्वपूर्ण दायित्व भी संभालने जा रहे हैं। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा करने की अपील की। वहीं अकादमी के संचालक धीरज कुमार ने कहा कि सही मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। समारोह में उपस्थित लोगों ने धीरज कुमार एवं पैरामाउंट के परवेज सर के योगदान की सराहना करते हुए इस सफलता का श्रेय उनके बेहतर प्रशिक्षण को दिया। वही बिहार पुलिस में सफल सम्मानित अभ्यर्थियों में सूरज कुमार, गणेश कुमार, राजीव कुमार, प्रिंस कुमार, आशीष कुमार, नीरज कुमार, प्रतिमा कुमारी, शोभा कुमारी, खुशबू कुमारी, मधु कुमारी, चांदनी कुमारी, प्रियम कुमारी, रीता कुमारी, रीतू कुमारी, ज्योति माला, विभा कुमारी, पवंती कुमारी, निक्की कुमारी, तुल्ला कुमारी, अर्चना कुमारी, पूजा कुमारी, धीरज कुमार, बिट्टू कुमार, प्रशांत कुमार, सोनू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सत्युदान कुमार, राज कुमार, प्रेम कुमार, रौशन कुमार, रुपेश कुमार, राकेश कुमार, जे.पी. कुमार, अनिश कुमार, सादम अंसारी, गौतम कुमार, अंकित कुमार, अनुष्का कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, सौरभ कुमार, गुलशन कुमार, मनीष कुमार, भोला कुमार, बबलू कुमार तथा सुजीत कुमार शामिल हैं।एक समय जिस इलाके में गोलियों और विस्फोटों की आवाजें सुर्खियां बनती थीं, आज वहां से बेटियों की सफलता की गूंज सुनाई दे रही है। कल तक जिन हाथों में भय और असुरक्षा का माहौल था, आज उन्हीं हाथों में किताबें, कलम और सफलता के प्रमाण पत्र हैं। इमामगंज की बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर वे किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती हैं।

## गयाजी में रेलवे ट्रैक पर टीचर की मिली लाश, दोनों पैर गमछा से बंधा था

### मर्डर के बाद शव फेंकने की आशंका, कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में रेल पटरी पर सरकारी टीचर की लाश मिली है। पैर गमछा से बंधा था। हत्या कर शव फेंकने की आशंका है। मृतक की पहचान बुनियादगंज के अलीपुर गांव निवासी मोहम्मद खुरूद्दीन के तौर पर हुई है। घटना बेलागंज-चाकंद रेलवे स्टेशन के बीच की है। बेलागंज पुलिस के मुताबिक मृतक के दोनों पैर को गमछा से बांधा गया था। आशंका है कि टीचर को पहले बंधक मारपीट की गई। इसके बाद गला घोंट दिया। साक्ष्य छिपाने के लिए रेलवे पटरी पर लाकर फेंक दिया।

रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों और समय का आधिकारिक खुलासा हो सकेगा।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** मोहम्मद खुरूद्दीन वर्तमान में नगर निगम के वार्ड संख्या-48 स्थित पठान टोली मोहल्ले के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थे। मौत की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव अलीपुर और स्कूल के सहकर्मियों तक पहुंची तो सभी सन्न रह गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन इसे सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या बता रहे हैं। अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

**मोबाइल खंगाल रही पुलिसः** एसएसपी सुशील कुमार के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किए जाने की बात कही गई है। मृतक के मोबाइल को खंगाला जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि घटना की शाम उनकी आखिरी बार किससे बात हुई थी। पुलिस आपसी रंजिश, संपत्ति विवाद और अन्य संभावित दृष्टि कोण से मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रही है। वहीं, बेलागंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामला पूरी तरह संदिग्ध है। वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रहे हैं। शीघ्र ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

# सरकारी बसों के किराए में बढ़ोतरी, बिहारशरीफ से पटना का किराया 22 रुपए तक बढ़ा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## प्राइवेट बसों में अब भी पुरानी दरों पर सफर



**नालंदा**। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों का हवाला देते हुए परिवहन विभाग ने सरकारी बसों के किराए में चार जून से बढ़ोतरी कर दी है। एक तरफ जहां बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का सफर महंगा हो गया है, वहीं निजी बस संचालक अब भी पुरानी दरों पर ही यात्रियों को सेवाएं दे रहे हैं। इस कारण सरकारी बसों में सफर करने वाले यात्रियों और कंडक्टरों के बीच बढ़े हुए किराए को लेकर अक्सर नोकझोंक देखने को मिल रही है। किराए में इस अप्रत्याशित वृद्धि के बाद बड़ी संख्या में यात्रियों ने निजी बसों का रुख कर लिया है।

साधारण, डीलक्स, इलेक्ट्रिक वातानुकूलित (एसी) और वॉल्वो श्रेणी की बसों के लिए दूरी के अनुसार नई दरें लागू की गई हैं। नई दरों के तहत बिहारशरीफ से पटना तक चलने वाली तीन श्रेणियों की सरकारी बसों के किराए में 17 से 22 रुपए तक का इजाफा किया गया है। इसके विपरीत, निजी बसों में बिहारशरीफ से पटना तक का किराया महज 120 रुपए निर्धारित है। नियमित रूप से सफर करने वाले यात्रियों को तो निजी एसी बसों में आरामदायक सफर के लिए मात्र 80 से 100 रुपये ही चुकाने पड़ रहे हैं। निजी वाहन एसोसिएशन के सदस्य संजीव कुमार ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल उनकी तरफ से किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

**दूसरे राज्यों के लिए खुलती है बसः** सरकारी बसों में दूरी के हिसाब से किराए में 10 से 15 फीसदी तक की वृद्धि की गई है। नए नियम के अनुसार 50 किलोमीटर तक 15 फीसदी, 100 किलोमीटर तक 14 फीसदी, 150 किलोमीटर तक 13 फीसदी, 200 किलोमीटर तक 12 फीसदी, 250 किलोमीटर तक 11 और अधिकतम 300 किलोमीटर तक 10 फीसदी की बढ़ोतरी लागू हुई है।

बिहारशरीफ के सरकारी बस स्टैंड से जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, जमालपुर, नवादा, राजगीर, बाढ़ और पटना के लिए गाड़ियां खुलती हैं। इसके अलावा बरबीघा और दनियावां के लिए महिलाओं के लिए विशेष पिंक बस सेवा का भी परिचालन होता है, जबकि शहर के निजी बस स्टैंडों से कई अन्य राज्यों के लिए बसें खुलती हैं।

**ज्यादा किराया वसूलने पर होगी कार्रवाईः** इस पूरे मामले पर पटना के डिपो मैनेजर अरविंद कुमार ने कहा कि परिवहन निगम की बसों में निर्धारित किराया दूरी के अनुसार ही लिया जाना है। यदि किसी भी बस के उपचालक (कंडक्टर) द्वारा यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक राशि की वसूली की जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**जानिए अब कितना लगेगा किरायाः** सरकारी बसों के पुराने और नए किराए के आंकड़ों पर गौर करें तो, राजगीर से पटना के लिए साधारण बस का किराया 150 रुपए से बढ़ाकर 173 रुपए, डीलक्स बस का 166 से 191 रुपए और इलेक्ट्रिक एसी बस काकिराया 193 रुपए से बढ़ाकर 223 रुपए कर दिया गया है। इसी तरह, बिहारशरीफ से पटना के लिए साधारण बस का किराया 116 रुपए से बढ़ाकर 133 रुपए, डीलक्स का 129 से 148 रुपए और इलेक्ट्रिक एसी बस का किराया 150 रुपए से बढ़ाकर 172 रुपए हो गया है। बिहारशरीफ से बाढ़ जाने के लिए साधारण बस का भाड़ा अब 71 रुपए की जगह 82 रुपए लगेगा। इसके अलावा नगर सेवा के तहत बिहारशरीफ से दनियावां का किराया 63 रुपए से बढ़ाकर 72 रुपए और बिहारशरीफ से बरबीघा का किराया 36 रुपए से बढ़ाकर 41 रुपए कर दिया गया है।

# मॉडल स्कूलों के लिए 28 शिक्षकों का चयन, सेकंड फेज में 8 जून से होगा इंटरव्यू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## जुलाई से शैक्षणिक सत्र की होगी शुरुआत




**नालंदा**। नालन्दा जिले के सभी प्रखंडों में एक-एक स्कूल को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने की दिशा में शिक्षा विभाग ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए दक्ष शिक्षकों की तैनाती की जा रही है। पहले चरण में हुए इंटरव्यू के बाद जिले के 14 मॉडल स्कूलों के लिए 28 शिक्षकों का चयन किया गया है। इसके बावजूद कई पद रिक्त रह गए हैं, जिन पर बहाली के लिए दूसरे चरण का साक्षात्कार आठ से 12 जून तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 13 जून को मेधा सूची प्रकाशित की जाएगी। विभाग की तैयारी है कि जुलाई माह से इन स्कूलों में नए शैक्षणिक माहौल में पढ़ाई सुचारू रूप से शुरू कर दी जाए।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) आनंद विजय ने इस प्रक्रिया को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। डीईओ ने बताया कि पहले चरण में 120 शिक्षकों की मेधा सूची प्रकाशित की गई थी। जिनमें से 28 को 14 स्कूलों में भेजकर जल्द से जल्द योगदान देने का निर्देश दिया गया है। शेष रिक्त पदों के लिए ई-शिक्षा कोष के माध्यम से एक से चार जून तक आवेदन मांगे गए थे। पांच से सात जून तक इन आवेदनों की जांच पूरी कर ली गई है और अब आठ जून से योग्य शिक्षकों का साक्षात्कार लिया जाएगा।

**संजीव कुमार रंजन को सबसे ज्यादा नंबरः** शिक्षकों का चयन पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से 100 अंकों के आधार पर किया जा रहा है। इसमें शैक्षणिक योग्यता के लिए 40, कार्य अनुभव के लिए 20, प्रदर्शन के लिए 20 और साक्षात्कार के लिए 20 अंक निर्धारित किए गए हैं। इस मेधा सूची में तेतरावां उत्क्रमित मध्य विद्यालय में तैनात वनस्पति शास्त्र के शिक्षक संजीव कुमार रंजन ने सर्वाधिक 78 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, 73 अंकों के साथ रुपेश कुमार पांडेय दूसरे और 71 अंकों के साथ रोहित कुमार तीसरे स्थान पर रहे। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने उम्मीद जताई है कि इन मेधावी शिक्षकों की तैनाती से जिले का शैक्षणिक माहौल और बेहतर होगा तथा ये स्कूल अन्य विद्यालयों के लिए एक आदर्श स्थापित करेंगे।

**शिक्षकों की सूचीः** अलग-अलग मॉडल स्कूलों में जिन शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है, उनमें बिहारशरीफ के झींगनगर स्थित जवाहर कन्या हाई स्कूल में संजीव कुमार रंजन (बोटनी), रोहित कुमार (गणित), विकास कुमार (हिंदी), आयशा तबस्सुम (रसायन शास्त्र), ऋतु पंडित (भूगोल), कुमारी प्रियदर्शनी (जूलोजी) व ओमपाल कुमार (शारीरिक शिक्षा) शामिल हैं। इसी तरह, अस्थावां के आरएसबी हाई स्कूल में रागिनी कांत व गणिता कुमारी, बेन के उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुधांशु कुमार, एकंगरसराय एसएस एकेडमी में अस्मिता देवी व रोहन कुणाल, हिलसा के राम बाबू प्लस टू हाई स्कूल में प्रीतम कुमार, गीतांजलि सिन्हा व ओम देव अपनी सेवा देंगे।

इस्लामपुर नेताजी प्लस टू में प्रभाकर कुमार, करायपरसुराय के मकरौता हाई स्कूल में अंशु प्रिया कुमारी व ममता कुमारी, कतरीसराय मैरा बरीठ हाई स्कूल में संदीप कुमार, नगरनौसा भोभी विकास हाई स्कूल में सुदीप कुमार तथा नूरसराय के सरदार बिगहा हाई स्कूल में संतोष कुमार की तैनाती हुई है।

इसके अलावा रहुई के पैठना सर्वोदय हाई स्कूल में सत्यनारायण कुमार व अमृता भारती, सिलाव के रास बिहारी हाई स्कूल में शिव शंकर व सरिता कुमारी, थरथरी के अस्ता हाई स्कूल में रुपेश कुमार पांडेय और गिरियक के चोरसुआ हाई स्कूल में ज्योति व निशा को प्रतिनियुक्त किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कार और बाइक मे हुई भिड़ंत, एक 50 वर्षीय व्यक्ति घायल

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोचस मोहनिया रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर रविवार को अर्टिगा कार ने बाइक में ठोकर मार दी जिसमें एक 50 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए.घायल युवक की पहचान प्रेम शंकर प्रसाद उम्र 53 वर्ष ग्राम कल्याणपुर बंजारी थाना रोहतास के बताए जाते हैं. घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल व्यक्ति अपने बाइक से कोचस होते हुए मोहनिया की तरफ रिश्तेदारी मे जा रहा था तभी अर्टिगा कार ने पीछे से ठोकर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित डॉक्टर राजीव रंजन ने उक्त व्यक्ति की दाहिना पैर टूटने तथा शरीर में गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है. उन्होंने कहा इस घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है.

### शराब कारोबारियों ने पुलिस टीम पर किया पथराव,छापेमारी दौरान एक पुलिसकर्मी घायल

**बिक्रमगंज/ रोहतास** : संझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलई स्थित दलित बस्ती में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची पुलिस टीम पर कथित शराब कारोबारियों ने पथराव कर दिया । जिस घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया,जबकि इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और बिक्री की सूचना मिली थी । सूचना के आधार पर पुलिस टीम तिलई गांव के दलित बस्ती में छापेमारी एवं शराब विनष्ट करने पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लेकर साथ ले जाने का प्रयास किया । इसी बीच वहां मौजूद शराब कारोबारियों और उनके समर्थकों ने विरोध शुरू कर दिया । बताया जाता है कि देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस टीम पर पत्थरबाजी शुरू कर दी गई। जिस पथराव में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया । अंततः पुलिस को हिरासत में लिए हुए महिला को छोड़ बैरंग वापस लौटना पड़ा । इस घटना की पुष्टि थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने की । उन्होंने कहा कि उक्त मामले की जांच जारी है ।

### 16 जून को पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, घर के नजदीक मिलेगा बिजली समस्याओं का समाधान

**सासाराम /रोहतास**। आम विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में विद्युत विभाग द्वारा 16 जून को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के विभिन्न पंचायतों में विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान उनके पंचायत स्तर पर ही सुनिश्चित करना है, ताकि उन्हें विभागीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रजेश ने बताया कि सहयोग शिविरों में बिजली बिल सुधार, नया विद्युत कनेक्शन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित सहायता, मीटर खराबी, लोड वृद्धि, बकाया भुगतान तथा विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का निवारण किया जाएगा। शिविर में विभागीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी सहायक एवं कनीय विद्युत अभियंताओं को निर्देश दिया है कि शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन किया जाए तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराई जाए। सहयोग शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित विद्युत उपयोग, ऊर्जा संरक्षण, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी। 16 जून को जिन पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित होंगे, उनमें शिवसागर के नाद, नोखा के दक्षिणी बरांव, संझौली के उदयपुर, बिक्रमगंज के जमोढ़ी, सासाराम के दरिगांव, दिनारा के भुई, दावथ के सहिनौर, करगहर के सेन्दुआर, चेनारी के सदोखर, कोचस के रेडिया तथा शिवसागर के करूप पंचायत सरकार भवन शामिल है। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने निकटतम सहयोग शिविर में पहुंचकर विभागीय सेवाओं का लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें। विभाग का लक्ष्य उपभोक्ताओं को पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुख सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दिनारा विधायक आलोक सिंह को चुने जाने से क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में खुशी की लहर



**काराकाट / रोहतास**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश दिनारा विधायक आलोक सिंह को चुने जाने से क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में खुशी की लहर साथ हीं साथ राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश किसान प्रकोष्ठ महासचिव गुड्डू उपाध्याय ने बधाई संदेश भेजते हुए कहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने विधायक आलोक सिंह को बिहार प्रदेश का जिम्मेवारी देकर के यह साबित कर दिया की कार्य कुशलता एवं बिहार को सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार का जिम्मेवारी दिया है आलोक सिंह के नेतृत्व में बिहार और गांव हर वार्ड पंचायत ब्लॉक और जिला सहित पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय जन्म मोर्चा मजबूत होगा राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश के नेतृत्व को बार-बार बधाई कर्मठ सुयोग्य एवं नेतृत्व करने की क्षमता को देखते हुए आलोक सिंह को बिहार प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया।

### भाजपा बिहार की प्रदेश मंत्री सीमा झा ने एम.एल. सी.उम्मीदवारों को दिया बधाई

**कटिहार**। विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव हेतु भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवार शीला प्रजापति, पवन सिंह, संजय मयूख, अनिल ठाकुर को भाजपा बिहार की प्रदेश मंत्री सीमा झा ने हार्दिक बधाई और शुभकामना दी है। भाजपा बिहार की प्रदेश मंत्री सीमा झा ने अपने शुभकामना संदेश में बताया कि भाजपा हमेशा राष्ट्र कल्याण के लिए नित्य नये-नये व्यक्तित्व को अवसर देती है। आज जब भाजपा ने एम.एल.सी. चुनाव हेतु सभी नए प्रत्याशियों की घोषणा कर "सबका साथ, सबका विकास" और "राष्ट्र प्रथम" की सिद्धांतों को साकार किया है। और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को जनप्रतिनिधि बनाकर कार्यकर्ताओं में एक जबरदस्त उत्साह का संचार किया है।

### बासगीत पर्चा मिला, पर जमीन का अधिकार अधूराः 694 विस्थापित परिवार नापी, म्यूटेशन व रसीद के इंतजार में

**कटिहार**। गंगा एवं कोसी नदी के कटाव से लगभग 40 वर्ष पूर्व विस्थापित हुए सैकड़ों परिवार आज भी अपने भूमि अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रशासन ने शिविर में वर्ष 2025 में विस्थापित परिवारों को बासगीत पर्चा वितरित कर राहत देने का प्रयास किया था। लेकिन पर्चा वितरण के डेढ़ वर्ष बाद भी जमीन की नापी, दाखिल-खारिज, नाम सुधार और सरकारी रसीद निर्गत करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इससे विस्थापित परिवारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। 3 जनवरी 2025 को आयोजित कार्यक्रम में दक्षिणी मुरादपुर पंचायत के वार्ड संख्या 3, 6, 7 एवं 8 के कुल 350 विस्थापित परिवारों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया गया था। इसके बाद 7 जनवरी 2025 को नगर पंचायत क्षेत्र के इंदिरा ग्राम स्थित वार्ड संख्या 7, 8 एवं 9 के 344 विस्थापित परिवारों को भी बासगीत पर्चा प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 694 विस्थापित परिवारों को बासगीत पर्चा मिला।हालांकि पर्चा वितरण के बाद कई लाभुकों ने नाम, रकबा, खाता और खेसरा से संबंधित त्रुटियों की शिकायत की। अंचल कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार ऐसे 36 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें सुधार के लिए संबंधित कार्यालय भेजा गया है। वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। विस्थापित परिवारों का आरोप है कि पर्चा वितरण के दौरान ही आवेदन लिए गए थे, उसके बाद नाम और रकबा सुधार के लिए कोई विशेष शिविर नहीं लगाया गया। इसके कारण बड़ी संख्या में प्रभावित परिवार आवेदन ही नहीं दे सके।नगर पंचायत क्षेत्र के इंदिरा ग्राम वार्ड संख्या 9 निवासी सुरेश मंडल, महेंद्र मंडल, बासुदेव मंडल एवं प्रसादी यादव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि उनके बासगीत पर्चा में नाम, खाता, खेसरा और रकबा संबंधी त्रुटियां हैं, लेकिन सुधार के लिए न तो कोई शिविर लगाया गया और न ही प्रशासन द्वारा विशेष पहल की गई।

# अमवलिया महादलित टोला में सुविधाओं का अभाव, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**। सरकारी योजनाओं के संचालन के बावजूद प्रखंड के अमवलिया महादलित टोला के दर्जनों परिवार आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। आवास, राशन, सड़क और नाली जैसी मूलभूत जरूरतों को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने टोला में विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का आरोप है कि महादलित परिवारों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंच पा रहा है। लगभग 60 परिवारों वाले इस टोला में अधिकांश लोगों के पास पक्का मकान नहीं है। वहीं कई जरूरतमंद परिवारों को अब तक मुफ्त राशन योजना का भी लाभ नहीं मिला है।

टोला के लोगों ने बताया कि बस्ती में आज तक न तो नाली का निर्माण हुआ है और न ही गली का पक्कीकरण कराया गया है। इसके कारण बारिश हो या सामान्य दिन, गलियों में पानी और कीचड़ जमा रहता है। कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार बजट की कमी का हवाला देकर मामले को टाल दिया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि बस्ती के कई बच्चे कुपोषण की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वहीं दिव्यांग और वृद्ध लोगों को भी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

प्रदर्शन में शामिल महादलित परिवारों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे सर्वे में भी उन्हें परेशान किया जा रहा है। आवास सहायकों द्वारा बार-बार विभिन्न दस्तावेजों की मांग की जा रही है, जिससे गरीब परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कई बार प्रखंड कार्यालय में शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द बस्ती में सड़क, नाली, आवास और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# सशक्त अस्थाई समिति की हुई पहली बैठक




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)** स्थानीय नगर पंचायत के सभाकक्ष में शनिवार को सशक्त स्थायी समिति की पहली बैठक मुख्य पार्षद शबनम प्रवीण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यपालक पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि बैठक में नगर क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नालों की उड़ाही, सभी 16 वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने, बिजली के खंभों पर तिरंगा लाइट लगाने और शहरी इलाके में हाईमास्ट लाइट लगाने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया गया। साथ हीं सैरात बंदोबस्ती एवं विस्तार, सफाई एजेंसी के निविदा निस्तारण में तेजी लाने और नगर कार्यालय में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चेंबर के लिए एक अनुसेवक नियुक्त करने के प्रस्ताव भी पारित किए गए। बोर्ड ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण पूरा किया जाए। ताकि कोचस की विकास अमलोगो तक पहुँचता दिखाई दे। वहीं बैठक से पूर्व मुख्य पार्षद शबनम परवीन ने सशक्त स्थायी समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।बैठक में उपमुख्य पार्षद स्नेहा कुमारी, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी प्रीति आर्या, विनय सिंह, नाजिया खातून, रोहित कुमार केसरी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाप बेटा हुए जख्मी, निलगाय कुदने से हुई दुर्घटना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता






**राजपुर**। प्रखंड के तरांव गांव निवासी पैंतीस वर्षीय जितेन्द्र कुमार राम व उनके दस वर्षीय बेटा सिवांश कुमार शनिवार को दोपहर राजपुर नासरिगंज पथ में बालचंद टोला के समीप बाईक दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी हो गये. सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर दोनों का राजपुर थाना की 112 पुलिस द्वारा ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया.जहां ईलाज के उपरांत चिकित्सकों द्वारा दोनों को खतरे से बाहर बताया गया.

ड्यूटी में तैनात डाक्टर राकेश कुमार ने बताया कि जख्मी युवक सेन्सलेस स्थिति में लाया गया था.जिसको ईलाज के बाद होश में लाया गया.

दुर्घटना में घायल जितेन्द्र ने बताया कि अपने बेटा सिवांश को राजपुर अस्पताल से ईलाज कराकर बाईक से गांव जा रहे थे,तभी घटनास्थल पर अचानक बहुत तेज दौड़कर दो घडरोज नीलगाय आकर बाईक से टकरा गये.जिससे दुर्घटनाग्रस्त हो वे दोनों सड़क पर गीर बेहोश हो गये.

# रोने से नहीं, कर्म से बदलता है संगीतः मनीषा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास**। बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव जो अपनी गायकी एक मुकाम बना चुकी है वे आज के संगीत जगत में व्याप्त निराशा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि अच्छे संगीत के श्रोता कभी खत्म नहीं होते। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर सुसंस्कृत समाज तक अच्छे गीत नहीं पहुंच रहे तो यह कलाकारों की जिम्मेदारी है कि वे खुद पहल करें। मनीषा ने कहा, "मैं इस बात का रोना लेकर कभी नहीं बैठ सकती कि अच्छे गीतों को सुनने वाले लोग नहीं बचे। सच तो यह है कि कद्रदान आज भी हैं और हमेशा रहेंगे। वहीँ अश्लीलता पर अपनी बेबाक राय देते हुए कहा कि सोशल मीडिया और यूट्यूब पर भोजपुरी गीतों की द्विअर्थी गानों की बाढ़ आ जाने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थिति स्थायी नहीं है। "जब तक बाजार में सीमित अच्छे और वैचारिक गाने आते हैं, तब तक अश्लील गानों की बाढ़ अच्छे गीतों के अनुपात को कुछ समय के लिए दबा देती है। लेकिन समाज को अच्छे गीतों की जरूरत है।" आज के बदलाव की आहट को लेकर मनीषा ने मौजूदा दौर को सकारात्मक बताया। उनके अनुसार जमीनी हकीकत बदल चुकी है। "चारों तरफ वैचारिक जागरूकता आ रही है। समाज में सच्चे और मर्यादित कलाकारों की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोग खुलेआम अश्लीलता को नकार रहे हैं।"उन्होंने कहा कि लोग अब अपनी जड़ों, संस्कृति और संस्कारों से जुड़े गीतों की तरफ वापस लौट रहे हैं। "निराश होकर शिकायतें करने के बजाय, अगर हम निरंतर अपनी कला और कड़े परिश्रम पर विश्वास रखें, तो बदलाव निश्चित है। इस सकारात्मक बदलाव को मैं खुद हर दिन महसूस कर रही हूँ।" मनीषा श्रीवास्तव लोक संगीत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जानी जाती हैं।

# ग्रामीण चिकित्सकों को 'झोलाछाप' टैग से ऊपर उठाने का मिशन- आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन

## ट्रेनिंग एवं सम्मान समारोह सम्पन्न, 14 राज्यों में फैल रहा जागरूकता अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम /रोहतास**। आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित ट्रेनिंग एवं सम्मान समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. आलोक कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार में एक नई प्रवृत्ति तेजी से उभर रही है, जहां विभिन्न स्थानों पर स्वयंभू नेता सामने आ रहे हैं। ये लोग अपने आपको ग्रामीण चिकित्सकों का हितैषी और मसीहा बताकर चंदा उगाही के माध्यम से उनका शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तथाकथित नेता ग्रामीण चिकित्सकों के बीच भ्रम फैलाते हैं कि वे सरकार से उनकी लड़ाई लड़ रहे हैं और जल्द ही नौकरी दिलाई जाएगी, जबकि वास्तविकता इससे कोसों दूर है। न तो ये चिकित्सकों को सही दिशा दे पा रहे हैं और न ही उनके भविष्य के लिए कोई ठोस पहल कर रहे हैं।

डॉ. तिवारी ने बताया कि आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित "चिकित्सक मंच" के माध्यम से प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को ग्रामीण चिकित्सकों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस मंच के जरिए उन्हें उचित मार्गदर्शन और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता है, ताकि वे समाज में सम्मानपूर्वक अपनी सेवाएं दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि नौकरी एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है, लेकिन जब तक रोजगार का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक चिकित्सकों को स्वयं को प्रशिक्षित और सक्षम बनाना आवश्यक है, जिससे वे "झोलाछाप" जैसे नकारात्मक टैग से ऊपर उठ सकें। संस्था का यह शिक्षित करने का अभियान अब एक व्यापक आंदोलन का रूप ले रहा है। वर्तमान में आर्श हेल्थ इंडिया फाउंडेशन बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित देश के 14 राज्यों में सक्रिय है और ग्रामीण चिकित्सकों को संगठित कर उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम में संस्था के अन्य पदाधिकारी जैसे डॉ. शोभा जी, संतोष ओझा जी, शशिरंजन जी, डॉ. रामचंद्र सिंह, अमित वर्मा, मिथलेश तिवारी, युगेंद्र जी, प्रदीप जी, संतोष जी, सोनी मौर्या जी, धनंजय जी, सुदामा जी, मुरारी जी, अजीत जी सहित सैकड़ों ग्रामीण चिकित्सकों की उपस्थिति रही। सभी ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए अपना विश्वास व्यक्त किया।

# दिन के उजाले में गैस सिलेंडर ले भागे चोर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**। स्थानिय बजार के कचहरी मोड पर शनिवार को दोपहर होम डिलिवरी देने गये आटो से चोरों द्वारा एक गैस सिलेंडर चोरी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है.आटो चालक सूर्य कुमार ने बताया कि वह हमेशा उक्त जगह पर आटो खड़ा करके राजपुर इंडेन गैस वितरक केंद्र उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी गैस उपलब्ध कराते हैं.गाडी खड़ा कर कुछ देर के लिए वे बगल के दुकान पर नाश्ता करने गये.वापस आये तो देखा कि गैस भरा सील पैक एक सिलेंडर कम है.उसके जगह पर खाली सिलेंडर रखा हुआ है.आस पड़ोस सीसीटीवी कैमरा लगाये दुकानदारों से जानकारी के लिए मदद मांगी तो उनके द्वारा सीसीटीवी में तरह तरह के खराबी का बहाना बनाते हुए फुटेज दिखाने से मना कर दिया गया.घटना में प्राथमिकी के लिए स्थानिय पुलिस को आवेदन उपलब्ध कराया गया है.मामले को ले थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि आवेदन मिलने पर जांच कराई जायेगी.

# भाजपा बिक्रमगंज नगर इकाई की मासिक बैठक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास** : भारतीय जनता पार्टी बिक्रमगंज नगर इकाई की मासिक बैठक नगर के डुमरांव रोड स्थित पूर्व विधायक राजेश्वर राज के आवास पर हुई । जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष पंकज सिंह एवं संचालन जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह ने की । कार्यक्रम की शुरुआत सभी ने अपने पुरोधा पंडित दिन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर की गई ।तत्पश्चात उक्त अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व फूलमाला से सम्मानित किया गया । पूर्व बैठक की समीक्षा के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं ने अपना विचार रखा । पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की । विश्व पर्यावरण दिवस के साथ-साथ सेवा और सुशासन के माध्यम से सभी कार्यक्रमों को पूरा करने का आह्वान किया । उन्होंने 21 जून को योग दिवस मनाने का विशेष रूप से आग्रह किया ।

मासिक बैठक में काराकाट विधानसभा संयोजक अजीत सिंह,अनुसूचित जाति मोर्चा सदस्य लक्ष्मण पासवान,विस्तारक कुश पांडेय,महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा पांडेय,मंडल पदाधिकारी गुड़िया देवी,सदस्य मनी देवी,रामवती देवी,आरती देवी,राजकुमारी देवी, काशीनाथ पासवान,मुन्ना पासवान सहित कई गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ ।

# मधुमेह आज एक गंभीर बीमारी के रूप में उभरी है तथा सभी उम्र के लोग इससे प्रभावित हो रहे है- गोविंद नारायण सिंह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**सासाराम**। भारतीय मधुमेह अध्ययन अनुसंधान समाज आर.एस. एस.डी आई. के बिहार अध्याय की ओर से आयोजित दो दिवसीय राज्य सम्मेलन नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार की मेजबानी व संयोजन में कल शाम शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन देवमंगल सभागार में मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविन्द नारायण सिंह, कुलपति डाक्टर जगदीश सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रबंध निदेशक सह औरंगाबाद के माननीय विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ,विशिष्ट अतिथि आर एस एस डी आई पूर्वी जोन समिति के सदस्य डॉक्टर बी के सिंह, राष्ट्रीय समिति सदस्य डॉक्टर राजेश केसरी ,बिहार चैप्टर के पैटर्न डॉ अजय कुमार, बिहार के अध्यक्ष डॉक्टर शैबाल गुहा,डॉ अतुल कुमार आर एस एस डी आई बिहार चुनाव समिति के अध्यक्ष, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार ,सचिव डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह तथा सह संयोजक डॉ अभिषेक कमेन्दु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी आगत अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गोविंद नारायण सिंह ने आर एस एस डी आई बिहार चैप्टर के अध्यक्ष एवं उपस्थित राष्ट्रीय समिति के सदस्यों के प्रति इसके लिए आभार व्यक्त किया कि और उन्हें बधाई दी कि बिहार चैप्टर का सम्मेलन की मेजबानी का अवसर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को दिया गया ।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से चिकित्सा जगत में हो रहे नित्य नई खोज और शोधों से अवगत होने का अवसर प्राप्त होता है जिसका सीधा-सीधा लाभ चिकित्सकों ,छात्रों एवं जनमानस को प्राप्त होता है ।उन्होंने कहा कि मधुमेह आज एक गंभीर बीमारी के रूप में उभरी है तथा सभी उम्र के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं ।तेजी से पांव पसार रहे मधुमेह के उपचार एवं बचाव को लेकर इस सम्मेलन से जो भी फलाफल निकलेगा वह निश्चित रूप से समाज और देश के हित के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। इस अवसर पर कुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह ने विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए चिकित्सकों द्वारा मधुमेह को लेकर किए जा रहे हैं खोज एवं उनके रोकथाम के लिए लगातार हो रहे उपायों पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में आए विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को उनके द्वारा प्रस्तुत व्याख्यानों के लिए उन्हें सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही आज दो दिवसीय सम्मेलन का विधिवत समापन हो गया ।कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मधुमेह को लेकर अत्यंत नए शोधों का प्रस्तुतीकरण इस आयोजन का सबसे सुंदर पहलू रहा। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने मधुमेह पर काबू पाने तथा इसकी रोकथाम की नई तकनीक को लेकर अपनी प्रस्तुति दी जो उल्लेखनीय रहा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विक्रमशिला सेतु 1 महीने बाद आम लोगों के लिए खुला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । भागलपुर में करीब एक महीने बाद विक्रमशिला सेतु आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री ई. शैलेंद्र ने बेली ब्रिज का उद्घाटन किया। बेली ब्रिज पर सबसे पहले मंत्री ई. शैलेंद्र की सरकारी गुजरी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार और विभाग के लिए सुखद क्षण है। जनता से किए गए वादे को समय पर पूरा करते हुए बेली ब्रिज को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विभागीय अधिकारियों, जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों का आभार जताया।

**टीम लगातार निगरानी करेगी** : मंत्री ने कहा कि सभी के समन्वित प्रयास से रिकॉर्ड समय में यह कार्य पूरा हुआ है। विक्रमशिला सेतु के स्थायी पुनर्निर्माण से जुड़े दूसरे चरण का कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। बेली ब्रिज को तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। इसके रखरखाव और सुरक्षा के लिए विशेषज्ञ अभियंताओं की टीम लगातार निगरानी करेगी, ताकि वाहनों का परिचालन सुरक्षित और सुचारु रूप से जारी रह सके।

**आम जनता को किया समर्पित** : वहीं, वहीं, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज निर्माण का कार्य 16 मई से शुरू किया गया था। रिकॉर्ड समय में चारों स्पैन पर बेली ब्रिज का निर्माण पूरा कर आम जनता को समर्पित कर दिया गया है। अब वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। बेली ब्रिज की सुरक्षा और मेंटेनेंस के लिए प्रतिदिन निगरानी की जाएगी। प्रत्येक रात एक घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लेकर विशेषज्ञ अभियंता इसकी जांच और आवश्यक मरम्मत करेंगे। साथ ही प्रतिदिन ड्रोन सर्वेक्षण कर संरचना की स्थिति का अध्ययन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 30 नवंबर तक चारों स्पैन पर स्थायी स्टील ट्रस संरचना लगाकर पहले की तरह सामान्य यातायात बहाल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**सुरक्षा के लिए पुलिस टीम मौजूद** : इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, बीआरओ के अधिकारी, पथ निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। पहले सिर्फ छोटे फोर व्हीलर को ही आने जाने की अनुमति दी गई है। प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में वाहनों का परिचालन शुरू किया गया है।

# बच्चे की मौत पर सड़क जाम-आगजनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर** । भागलपुर में सड़क हादसे में 12 साल के बच्चे की मौत हो गई थी। परिजन और स्थानीय लोगों ने रविवार को आक्रोश जताया। लोगों ने तिलकामांझी विश्वविद्यालय मुख्य मार्ग स्थित नया बाजार के पास बच्चे की लाश को सड़क पर रखा और प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजन प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाकर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस दौरान राहगीरों को परेशानी हुई। इसके बाद पुलिस पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की। मृतक कोतवाली थाना के निवासी राजीव पासवान का बेटा अमित कुमार (12) है।

**ऑटो से टक्कर लगी थी** : अमित के परिजन के अनुसार शनिवार रात करीब 10 बजे अमित घर से किराना दुकान पर सामान खरीदने के लिए निकला था। इसी दौरान टीएनबी कॉलेज के पास तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अमित को परिजन आनन-फानन में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (मायागंज अस्पताल) लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज शुरू किया गया। लेकिन देर रात करीब 2:30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

**ड्राइवर को लोगों को पीटा था** : परिवार के सदस्यों ने जमकर हंगामा कर दिया। आरोपी ड्राइवर को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### जून में पांच पंचायतों में विधिक जागरूकता शिविर

**अररिया** । बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया जून माह में पांच पंचायतों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करेगा। इन शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों तथा सामाजिक न्याय संबंधी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। अवर न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ये शिविर पंचायत सरकार भवनों में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 7 जून 2026 को पंचायत सरकार भवन, कमलदाहा (प्रखंड-अररिया) से होगी। इसके बाद 13 जून को पंचायत सरकार भवन, दभड़ा (प्रखंड-जोकीहाट), 14 जून को पंचायत सरकार भवन, कनखुदिया (प्रखंड-पलासी), 21 जून को पंचायत सरकार भवन, सिरसिया हनुमानगंज (प्रखंड-भरगामा) और 28 जून को पंचायत सरकार भवन, बागनगर (प्रखंड-जोकीहाट) में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नामित पैनल अधिवक्ता और पारा विधिक स्वयंसेवक उपस्थित जनसमूह को जागरूक करेंगे। विशेष रूप से महिलाओं के अधिकार, बाल संरक्षण, निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, सामाजिक न्याय तथा अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने सभी नामित अधिवक्ताओं और स्वयंसेवकों से निर्धारित तिथियों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा शिविर के बाद अगले कार्य दिवस को विस्तृत प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने का अनुरोध किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना तथा कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना शामिल है। ऐसे शिविर न केवल कानूनी साक्षरता बढ़ाते हैं बल्कि लोगों को अदालतों से दूर रहकर विवादों का समाधान करने, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और अपने अधिकारों की रक्षा करने में सक्षम बनाते हैं। जिले के सभी पंचायतों के निवासियों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में बड़ी संख्या में भाग लेकर लाभ उठाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के इस प्रयास से स्थानीय स्तर पर कानूनी जागरूकता का वातावरण बनेगा और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

### सरकारी घर और गार्ड वापस कर देंगे सभी आरजेडी विधायक

**बेगूसराय** । बेगूसराय के मटिहानी से आरजेडी विधायक विधायक नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह ने बिहार सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार को विकास से कोई मतलब नहीं है। कोई भी वादा पूरा नहीं कर रही है, लेकिन हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा में कटौती कर दी गई। आरजेडी के सभी विधायक सरकारी घर और सुरक्षा गार्ड वापस कर देंगे। आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में बोगो सिंह ने कहा कि बिहार में तानाशाह हिटलर की सरकार चल रही है। यहां शिक्षा की हालत बद से बदतर है, स्वास्थ्य की हालत बदतर है, विकास के काम बंद पड़े हैं। चुनाव में जीविका दीदी के खाते में 10-10 हजार रुपए देकर वोट की चोरी की गई। चुनाव के 9 महीना हो चुके हैं, अभी तक जीविका दीदी के खाते में बकाया 1.90 लाख नहीं भेजा गया है। मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए तेजस्वी यादव का सुरक्षा गार्ड हटाया गया। लालू यादव मुख्यमंत्री और भारत सरकार में मंत्री रह चुके हैं। राबड़ी देवी भी मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। जनता का ध्यान भटकाने के लिए पहले उनके आवास को खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया। सबको पता है यह नोटिस सिर्फ एक नाटक है। तेजस्वी यादव के बेटे का जन्मदिन दिल्ली में मनाया जा रहा था। वे सपरिवार दिल्ली में थे, वहीं से लालू यादव सिंगापुर चले गए। उनकी गैरमौजूदगी में बिहार सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया है। सरकार को बिहार की जनता ने चुना है। मुख्यमंत्री ईमानदारी से समीक्षा करें। बोगो सिंह ने आगे कहा कि जाति, धर्म और दल का चश्मा पहनने से उनका व्यक्तित्व दागदार हो रहा है। नीतीश कुमार पूर्व मुख्यमंत्री हैं, उनके लिए पांच एकड़ जमीन का बंगला और जेड श्रेणी की सुरक्षा, क्योंकि उन्हें भूत पकड़ रहा था। बिहार सरकार के ही एजेंसी उनके हिसाब से रिपोर्ट दे रही है कि लालू यादव को कोई खतरा नहीं है। यह स्पेशल ट्रीटमेंट क्यों कर रहे हैं। बिहार किसी की जागीर नहीं है, यह 14 करोड़ जनता की जागीर है। इसलिए बिहार के मुख्यमंत्री ईमानदारी से सुरक्षा सलाहकार कमेटी की समीक्षा करें, तराजू में वजन इधर-उधर नहीं होना चाहिए। नीतीश कुमार, लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव को जरूरत के अनुसार सुरक्षा मिले। आरजेडी विधायक ने कहा कि नीतीश कुमार को दिल्ली जाने के लिए रनवे तक गाड़ी ले जाने की सुविधा है, जबकि वह चंगा है। लालू जी बीमार हैं तो वह पैदल जाएंगे, यह भारत सरकार और बिहार सरकार के शासन की हिटलर व्यवस्था है। हम लोग अपने नेता के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। जिस समय आदेश होगा, राजद के सभी विधायक सरकारी घर और गार्ड वापस कर देंगे। बिहार की जनता ने हमें चुनने का काम किया है, जनता के भरोसे ही सुरक्षा में रहेंगे। जनता के घरों में रहकर अपना जीवन निर्वाह करेंगे। हमारे नेता की सुरक्षा पर एनडीए के लोग हमला कर रहे हैं। एनडीए के कुछ बुलडॉग सरकार का पक्ष रखने का काम कर रहे हैं।

### स्कॉर्पियो से 288 लीटर बीयर बरामद

**अररिया** | आरएस थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान एक स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में बीयर बरामद की है। थानाध्यक्ष अंकुर कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम आरएस मोड़ के पास बंगाल नंबर (WB 20 U 7524) की स्कॉर्पियो संदिग्ध अवस्था में दिखी। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर चालक वाहन को तेज गति से भगाते हुए रजोखर होते नर्सिंग कॉलेज जेजेबी के पास कोशी धार स्थित बादाम के खेत में छोड़कर फरार हो गया। तलाशी के दौरान वाहन से 24 कार्टन में कुल 288 लीटर बीयर बरामद की गई। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन मालिक और तस्कर की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### शराब मामले में दोषी को पांच वर्ष की सजा

**अररिया**| विशेष न्यायालय एक्सक्लूसिव एक्साइज कोर्ट प्रथम, अररिया की न्यायाधीश शेफाली नारायण ने अवैध शराब बरामदगी मामले में दोषी सोनू पंडित को पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर छह माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। 18 अगस्त 2023 को महावीर चौक स्थित जनता होटल के पास पुलिस ने कार्रवाई कर शराब पकड़ी थी।

### बेटी के जन्मदिन पर लगाए फलदार पौधे

**अररिया**| समाजसेवी संजय मिश्रा ने बेटी के जन्मदिन पर फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। संजय मिश्रा ने बताया कि बेटी निशुप्रिया के जन्म के बाद से ही उन्होंने पौधे लगाना शुरू किया। अब उन्होंने पूरा बगीचा तैयार कर लिया है। निशुप्रिया के जन्मदिन पर शनिवार को एक दर्जन से अधिक पौधे लगाए गए। इनमें जामुन, आंवला, आम, स्टार फ्रूट शामिल हैं। शिवपुरी स्थित उनके कामत में फलदार और अन्य पौधों की संख्या पांच सौ से अधिक है।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत के बाद तनाव, पंचायत बेनतीजा

**अररिया** । जोकीहाट थाना क्षेत्र के काकन पंचायत के वार्ड 06 स्थित सोहेल सरपंच टोला में शनिवार को 35 वर्षीय लाडली खातून की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। मृतका के पति का नाम हसन है। घटना को लेकर मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है, जबकि ग्रामीण इसे कथित रूप से विषाक्त पदार्थ सेवन का मामला बता रहे हैं।जानकारी के अनुसार शनिवार को लाडली खातून की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए अररिया ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही चकई से पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने आक्रोश जताया।

# बाइक लूटकांड का खुलासा, 2 बदमाश गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका** । बांका के धोरैया थाना क्षेत्र में हुए बाइक लूटकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि धोरैया थाना क्षेत्र में हुई बाइक लूट की घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और मामले के उद्भेदन के लिए बौंसी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इंद्रजीत बैठा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था।

**छापेमारी में देसी कट्टा-दो जिंदा गोली बरामद** : गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रजौन थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी अमन कुमार (पिता सिकंदर मंडल) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अमन कुमार ने बाइक लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली और लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद की।

**दोनों आरोपियों का रहा है आपराधिक इतिहास** : अमन कुमार से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसके सहयोगी अमरेश कुमार (पिता तूफानी यादव), निवासी चैनपुर गांव को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों का धोरैया थाना क्षेत्र में पहले से आपराधिक इतिहास रहा है और उनके खिलाफ धोरैया थाना में कार्रवाई जारी है। दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। इस अभियान में धोरैया थानाध्यक्ष अमित कुमार, रजौन थानाध्यक्ष राजरतन, इंस्पेक्टर राजेश कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।


## पूर्व मध्य रेलवे के तहत ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

पूर्व मध्य रेलवे के तहत दानापुर मंडल के नवादा और तिलैया स्टेशनों के बीच सीमित ऊँचाई के सबवे के लिए आरसीसी बॉक्स को स्थापित करने के संबंध में, **दिनांक 09.06.2026 (मंगलवार) को 08 घंटे (09.30 बजे से 17.30 बजे तक) ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: ● **मार्ग परिवर्तन: (1) 19604 गोड्डा – दौराई साप्ताहिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 09.06.2026) को किऊल – नदवां – गया के बदले किऊल – पटना – जहानाबाद – गया होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। **(2) 63387 जमालपुर – गया एमईएमयू** (यात्रा शुरू दिनांक 09.06.2026) को लक्खीसराय – नवादा – मानपुर के बदले शेखपुरा – बिहार शरीफ – राजगीर – तिलैया होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। **(3) 13024 गया – हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 09.06.2026) को वज़ीरगंज – शेखपुरा – किऊल के बदले गया – जहानाबाद – पटना – किऊल होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। **(4) 15619 गया – कामाख्या एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 09.06.2026) को तिलैया – शेखपुरा – किऊल के बदले गया – जहानाबाद – पटना – किऊल होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। ● **पुनर्निर्धारण: 63388 गया – जमालपुर एमईएमयू** (यात्रा शुरू दिनांक 09.06.2026) को गया से 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# 6 आइस बॉक्स वाहनों का वितरण



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया** । अररिया में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना के तहत मत्स्य परिवहन वाहन योजना में रविवार को 6 थ्री-व्हीलर आइस बॉक्स युक्त वाहनों का वितरण किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. राम चंद्र प्रसाद, जो अररिया जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं, ने लाभुकों को वाहनों की चाबी सौंपी और हरी झंडी दिखाकर इन्हें रवाना किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी विनोद दूहन और पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। **मत्स्य विक्रेताओं की आजीविका को मजबूती मिल रही** : लाभुकों को संबोधित करते हुए डॉ. राम चंद्र प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिससे मछुआरों और मत्स्य विक्रेताओं की आजीविका को मजबूती मिल रही है। उन्होंने बताया कि आइस बॉक्स युक्त इन वाहनों से जलाशयों और उत्पादन स्थलों से बाजार तक मछलियों का सुरक्षित, स्वच्छ और हाइजेनिक परिवहन सुनिश्चित होगा, जिससे मछलियां लंबे समय तक ताज़ा और गुणवत्तापूर्ण बनी रहेंगी। मंत्री ने जानकारी दी कि योजना के तहत एक वाहन की इकाई लागत 3.00 लाख रुपये है, जिसमें लाभुकों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना का लाभ थोक एवं खुदरा मत्स्य विक्रेताओं तथा वेंडिंग कार्य से जुड़े पात्र मछुआ समुदाय के सदस्यों को मिल रहा है।

**9 वाहनों का लक्ष्य रखा गया था** : अररिया जिले के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रत्येक प्रखंड से एक लाभुक चुनकर कुल 9 वाहनों का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से 3 वाहन मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। शेष 6 लाभुकों को आज चाबी सौंपी गई। आज लाभान्वित होने वाले लाभुकों में भवेश मंडल (सिकटी), मानकी देवी (कुर्साकांटा), राजकुमार चौधरी (जोकीहाट), मुन्नी देवी (भरगामा), गुरुदेव सिंह

# बेटा न होने पर विवाहिता की गला दबाकर हत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका** । बांका में बेटा नहीं होने पर एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना रजौन थाना क्षेत्र में संझा पंचायत अंतर्गत मधाय गांव की है। मृतका की पहचान मधाय गांव निवासी अमृत मंडल की 25 वर्षीय पत्नी नीतू कुमारी के रूप में हुई है। मायके पक्ष ने पति सहित ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है।


बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

## बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल हेतु सुझाव

भारत में वर्षा ऋतु का समय सामान्यतः 15 जून से 15 सितम्बर तक का होता है। इसी मौसम के दौरान परजीवियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि देखने को मिलती है। वर्षा ऋतु के दौरान अपनाने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख किया गया है जिसका पालन करने से पशुपालक अपने पशु संसाधन के स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं–

- बारिश के पहले पशुओं के पशुशाला की छत की मरम्मत कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके।
- पशुशाला की खिड़कियाँ खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से बचने के लिये पंखों का उपयोग करें।
- इस मौसम में साफ–सफाई का खास ख्याल रखें एवं पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें जिससे मच्छड़ न हों और परजीवी संक्रमण को रोका जा सके।
- पशुशाला में पशु के मल–मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन हो। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाईल के घोल से अवश्य साफ करें, जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टिरिया कम हो सके।
- बाड़े में और उसके आस–पास कचड़ा और गंदगी इकठ्ठा न होने दें और उसके निकास की उचित व्यवस्था हो। नियमित अन्तराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें।
- जानवरों को ज्यादा शारीरिक थकावट न होने दें और बार–बार धूप में न लाएँ।
- बारिश के मौसम में पशुओं को बाहर चरने के लिये नहीं भेजें क्योंकि बारिश के मौसम में गीली घास पर कई तरह के कीड़े होते हैं जो पशुओं के पेट में चले जाते हैं और शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं।
- पशु को खेतों के समीप गढ्ढे या तालाब का पानी पिलाने से परहेज करें क्योंकि इस दौरान किसान खेतों में खर–पतवार एवं कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करते हैं जो कि रिसकर इनमें आ जाता है।
- कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएँ।
- दाने का भण्डारण नमी रहित जगह पर करें और ध्यान दें कि इस मौसम में दाने को 15 दिन से अधिक भण्डारण न करें।
- बरसात आने से पहले पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध टीकाकरण करवा दें।



PR No.- 005145 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कायमनगर सब्जी बाजार के स्थानांतरण की कवायद तेज

**कोईलवर** । राष्ट्रीय राजमार्ग-922 के किनारे संचालित कायमनगर सब्जी बाजार से उत्पन्न हो रही यातायात बाधाओं और सुरक्षा संबंधी समस्याओं को देखते हुए प्रशासन ने बाजार के स्थानांतरण की दिशा में पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कायमनगर अवस्थित सब्जी बाजार का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने बाजार क्षेत्र का जायजा लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ रहे यातायात दबाव एवं आम लोगों की सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बाजार संचालन के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा संभावित समाधान पर चर्चा की। बाद में सब्जी विक्रेताओं के साथ बैठक कर बाजार को किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान प्रशासन की ओर से बताया गया कि बाजार के स्थानांतरण से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी तथा सड़क दुर्घटनाओं की आशंका में कमी आएगी। वहीं विक्रेताओं ने भी अपनी समस्याओं और सुझावों से प्रशासन को अवगत कराया। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रस्तावित नए स्थल का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं बाजार संचालन की संभावनाओं का आकलन किया। प्रशासन का मानना है कि नए स्थान पर बाजार संचालित होने से विक्रेताओं और ग्राहकों दोनों को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण मिल सकेगा। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी कोईलवर, गीधा थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### जिले के 19 संस्कृत विद्यालयों और तीन मदरसों की होगी जांच

**आरा** । भोजपुर जिले में संचालित गैर सरकारी प्रस्वीकृत एवं अनुदानित संस्कृत विद्यालयों तथा अनुदानित मदरसों की वास्तविक स्थिति की जांच के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने त्रि-स्तरीय जांच समितियों का गठन किया है। यह कार्रवाई शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार जिले के सभी प्रखंडों में जांच के लिए अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं। प्रत्येक समिति में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को अध्यक्ष, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सदस्य सचिव तथा एक प्रधानाध्यापक को सदस्य बनाया गया है। जांच के दौरान विद्यालयों और मदरसों की भौतिक स्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं का सत्यापन किया जाएगा। समिति को निर्देश दिया गया है कि वह संबंधित संस्थानों का स्थल निरीक्षण कर स्पष्ट प्रतिवेदन तैयार करे और फोटो साक्ष्य के साथ एक सप्ताह के भीतर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराए। जिले में कुल 19 प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों तथा 3 अनुदानित मदरसों की जांच की जाएगी। इनमें आरा, बिहिया, गड़हनी, जगदीशपुर, कोईलवर, पीरो, संदेश, सहार, शाहपुर और तरारी प्रखंडों के विद्यालय शामिल हैं। डीईओ ने कहा है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर संस्थानों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग के इस कदम को विद्यालयों और मदरसों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### कोरम के अभाव में व्यापार मंडल का चुनाव स्थगित

**गड़हनी** । सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार गड़हनी प्रखंड के व्यापार मंडल का चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन अंतिम का तिथि समाप्त हो गई।प्रखंड के आठ व नगर के एक पैक्स अध्यक्ष पद सृजित हैं।किसानो के हित मे पैक्स अध्यक्ष की रुचि नही दिखाई दी।अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए कुरकुरी पैक्स अध्यक्ष शिवमंगल सिंह सदस्य पद के लिए बड़ौरा पैक्स अध्यक्ष रमेश प्रसाद व बँगवा पैक्स अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह उर्फ चिकू सिंह, इचरी पैक्स अध्यक्ष अमृता देवी ने नामांकन दाखिल किया,ताकि किसानों की बात और उनके कार्यो के लिए अग्रणी रहे।वही बराप पैक्स अध्यक्ष मधु देवी ,बलिगांव पैक्स अध्यक्ष रामलायक सिंह,गड़हनी पैक्स अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी उर्फ भोली मियां,हरपुर पैक्स अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह, काउप पैक्स अध्यक्ष कुसुम देवी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। जिस कारण कोरम का अभाव में चुनाव को विभाग के द्वारा स्थगित कर दिया गया।वही बतादें की चुनाव के कोरम को पूरा करने के लिए सात पैक्स अध्यक्ष सदस्यों को नामांकन करना अनिवार्य था। वही सूत्रों ने बताया कि अपने-अपने वर्चस्व की लड़ाई में इस कोरम को पूरा नहीं किया गया जिस कारण गड़हनी प्रखंड में व्यापार मंडल की धान खरीदारी लगभग 14 वर्षों से बंद है। वही अन्य पांच पैक्स अध्यक्षों के नामांकन नही होने से किसान को लाभ से वंचित रखने का प्रयास किया गया है। बतादें की व्यापार मंडल के गठन हो जा जाने से कम से कम 2 से 3 करोड़ रुपए प्रति वर्ष गड़हनी प्रखंड के किसान की हानि नही होता।

### शहीद बाबा के सालाना उर्स में अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़

**आरा**| शहीद बाबा के सालाना उर्स पर शनिवार को जगदीशपुर नगर के वार्ड नं. 18 पठान टोली में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी रही। शहीद बाबा का सालाना उर्स पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। खान साहब पोखरा के समीप शहीद बाबा की मजार को फूल-मालाओं से काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रोशनी से जगमग रहा। उर्स के पवित्र मौके पर पठान टोली मस्जिद से भव्य चादर जुलूस निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए मजार तक पहुंचा, जहां अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर माथा टेका और अमन-चैन, भाईचारा व परिवार की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया था। कुरानखानी और मजार पर गुसुल के बाद शाम में मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। उर्स के समापन पर दावत-ए-आम का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### पत्नी की दहेज हत्या में पति और सास-ससुर को उम्रकैद

**आरा** । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधाकर पांडेय की अदालत ने दहेज हत्या के एक चर्चित मामले में पति, सास और ससुर को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने तीनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मुख्य अभियोजक माणिक कुमार सिंह ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी की। अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलों को स्वीकार करते हुए शनिवार को सजा का आदेश सुनाया। इससे पहले इसी सप्ताह अदालत ने तीनों आरोपितों को दोषी करार दिया था। मामला टाउन थाना क्षेत्र के रामगढ़िया मीठा कुआं मोहल्ले का है। मृतका नेहा कुमारी उर्फ सोनी के पिता अरुण कुमार गुप्ता ने 5 जून 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया था कि उनकी गर्भवती पुत्री नेहा की दहेज की मांग को लेकर गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पति उज्ज्वल उर्फ अविनाश कुमार, सास आशा देवी और ससुर शिवजी प्रसाद को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 304-बी और 34 के तहत केस दर्ज कर जांच की। जांच के दौरान पर्याप्त साक्ष्य जुटाकर आरोपपत्र दाखिल किया गया। सत्र वाद संख्या 693/23 की सुनवाई एडीजे-2 की अदालत में हुई। मामले में साक्ष्य संकलन और समय पर अदालत में प्रस्तुत करने को लेकर पुलिस की भूमिका भी सराहनीय रही। फैसला दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को कड़ा संदेश दिया : दहेज हत्या के मामलों में अदालत का यह फैसला समाज को कड़ा संदेश देने वाला माना जा रहा है। गर्भवती महिला की हत्या जैसे गंभीर अपराध में दोषियों को उम्रकैद की सजा मिलने से पीड़ित परिवार को न्याय मिला है।

# नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज क्षतिग्रस्त, भारी गाड़ियों की एंट्री बंद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर-बरुणा रेलवे स्टेशन के बीच इटाढ़ी गुमटी के पास बने नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के क्षतिग्रस्त होने के बाद जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। सुरक्षा को देखते हुए पुल से बड़े और भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने मरम्मत कार्य पूरा होने तक यातायात को नियंत्रित करने के लिए वैकल्पिक रूट जारी किया है। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर की ओर से जारी आदेश के अनुसार, पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। यात्रियों की सुविधा और हादसे की आशंका को देखते हुए अलग-अलग वाहनों के लिए अलग व्यवस्था लागू की गई है।

**बक्सर को दक्षिणी इलाकों से जोड़ता है यह मुख्य मार्ग** : प्रशासन के अनुसार, इटाढ़ी गुमटी वाला मार्ग बक्सर को जिले के दक्षिणी हिस्सों और रोहतास जिले से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। इस मार्ग से हर दिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े और भारी वाहन गुजरते हैं। आरओबी में खराबी आने के बाद भारी वाहनों का दबाव पुल पर सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता था। इसी वजह से प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई है।

**भारी वाहनों के लिए बदला गया रूट** : जारी आदेश के अनुसार इटाढ़ी की ओर से आने वाले भारी वाहन अब राजपुर और चौसा होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। वहीं नवानगर और सिकरौल क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों को कोरानसराय, डुमरांव और नया भोजपुर के रास्ते बक्सर पहुंचना होगा। रोहतास जिले से आने वाले भारी वाहनों को भी इटाढ़ी मार्ग का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया गया है।

**छोटे वाहनों को पाण्डेयपट्टी रेलवे फाटक से मिलेगी अनुमति** : प्रशासन ने मोटरसाइकिल, ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा जैसे छोटे वाहनों को पाण्डेयपट्टी रेलवे फाटक से आने-जाने की अनुमति दी है। इसके अलावा जरूरी सेवाओं से जुड़े वाहन जैसे स्कूल बस, दूध वाहन और गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाले वाहनों को भी इसी रास्ते से प्रवेश और निकास की अनुमति दी गई है।

**बसों का परिचालन भी सीमित** : इटाढ़ी, धनसोई, सिकरौल और रोहतास की तरफ जाने वाली सभी यात्री बसों के लिए भी नया नियम लागू किया गया है। इन बसों को इटाढ़ी गुमटी के दक्षिणी हिस्से तक ही चलाने का निर्देश दिया गया है। वहीं यात्रियों को उतारने और बैठाने की व्यवस्था करनी होगी। इन बसों को बक्सर नगर क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर महाराजा कॉलेज की छात्रा हुई सम्मानित




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**| विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता अभियान में उल्लेखनीय योगदान के लिए महाराजा कॉलेज, आरा के वनस्पति विज्ञान विभाग की छात्रा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की स्वयंसेवक साक्षी कुमारी को जिला प्रशासन, जिला गंगा समिति एवं जिला स्तरीय जलवायु परिवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा सम्मानित किया गया। शहर के करमन टोला निवासी राजेश कुमार की पुत्री साक्षी कुमारी को समाहरणालय सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में भोजपुर के उप विकास आयुक्त ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। साक्षी कुमारी पिछले कई वर्षों से एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और गंगा स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को भी उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया था। उनके इसी समर्पण और सक्रिय योगदान को देखते हुए जिला प्रशासन ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं की ऐसी प्रतिबद्धता समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# गंगा स्नान के दौरान किशोर डूबा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित अर्जुनपुर गंगा घाट पर शनिवार को गंगा स्नान के दौरान एक 16 वर्षीय किशोर डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग घाट पर पहुंच गए। प्रशासन ने किशोर की तलाश के लिए गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम को लगाया है। अर्जुनपुर निवासी जितेंद्र राय का 16 वर्षीय बेटा अक्षित राय उर्फ छोटू शनिवार को अपने दोस्तों के साथ अर्जुनपुर घाट पर गंगा स्नान करने गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया, जहां संतुलन बिगड़ने के कारण वह नदी की तेज धारा में फंस गया और डूबकर लापता हो गया।

**दोस्तों ने शोर मचाकर लोगों को दी जानकारी** : अक्षित के साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। घाट पर मौजूद ग्रामीणों और अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर किशोर की खोजबीन शुरू की, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल औद्योगिक थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों को सूचित कर खोज अभियान शुरू कराया। गोताखोर नदी के विभिन्न हिस्सों में तलाश कर रहे हैं, जबकि एसडीआरएफ की टीम भी आधुनिक उपकरणों की मदद से किशोर की खोज में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक किशोर का कोई सुराग नहीं मिल पाया था और खोज अभियान जारी था।

**गोताखोरों की टीम किशोर की तलाश में जुटी** : किशोर के डूबने की खबर मिलने के बाद परिजनों का बुरा हाल है। परिवार के सदस्य और रिश्तेदार घाट पर मौजूद हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घाट पर उपस्थित रहकर खोज अभियान की जानकारी ले रहे हैं और प्रशासन की मदद कर रहे हैं। औद्योगिक थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम किशोर की तलाश में जुटी हुई है। प्रशासन ने लोगों से गंगा नदी में स्नान के दौरान सतर्क रहने, सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा गहरे पानी में जाने से बचने की अपील की है।

# मोबाइल लूट का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग भी शामिल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर पुलिस ने जनवरी में हुई मोबाइल लूट की घटना का खुलासा किया है। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें तीन वयस्क और एक नाबालिग शामिल है। पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है।

**चाकू दिखाकर मोबाइल फोन और नकदी छीनी** : घटना 27 जनवरी 2026 की शाम करीब 6:30 बजे सोनवर्षा थाना क्षेत्र में हुई थी। गिरीधर बरांव निवासी राहुल कुमार बाजार से घर लौट रहे थे, तभी दो अज्ञात बदमाशों ने चाकू दिखाकर उनका मोबाइल फोन और नकदी छीन ली। राहुल कुमार ने 28 जनवरी 2026 को सोनवर्षा थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कांड संख्या 10/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) बक्सर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

**मानवीय सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई** : टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपराधियों की पहचान की और छापेमारी की। जांच के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान गिरीधर बरांव निवासी रितेश कुमार, अगिआंव बाजार (भोजपुर) निवासी विनय प्रकाश सिंह, गिरीधर बरांव निवासी मिथुन कुमार और एक नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री पर जानलेवा हमला मामले में एफ आई आर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा** । भोजपुर के छोटकी सासाराम गांव में अतिक्रमण हटाने के बाद भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री भगवान सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घायल के बयान पर हरभजन बिंद, हरिओम बिंद, बलिराम बिंद, हरिकिशुन बिंद समेत 12 नामजद और 12 से 15 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपी फिलहाल फरार है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र की है। भगवान सिंह फिलहाल आरा सदर अस्पताल में भर्ती हैं। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट लगी है और एक दांत भी टूट गया है। पुलिस के अनुसार यह पूरा विवाद गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद शुरू हुआ। गजराजगंज ओपी प्रभारी ने बताया कि घायल पक्ष की शिकायत पर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाए जाने के बाद कुछ लोग इससे नाराज हो गए। समूह बनाकर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

**अतिक्रमणकारियों ने घेरकर मारा** : घायल के पुत्र विवेक कुमार सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर गांव में अतिक्रमण हटाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान सीओ और दो थानों की पुलिस भी मौके पर मौजूद थी। दोपहर में अतिक्रमण हटाने का कार्य पूरा होने के बाद सभी अधिकारी लौट गए। इसके कुछ देर बाद अतिक्रमण करने वालों में शामिल 10 से 12 लोग पहुंचे और उनके पिता को घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया। हमले में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।


**बिहार सरकार के मंत्री ने सख्त कार्रवाई की बात कही** : इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद आरा विधायक सह बिहार सरकार के मंत्री संजय सिंह टाइगर सदर अस्पताल पहुंचे। घायल भाजपा नेता से मुलाकात कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून को अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानून के तहत उन्हें दंड दिलाया जाएगा।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने वाला अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । भोजपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी कर इंजन का शीशा क्षतिग्रस्त करने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर उसकी पहचान की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव निवासी गावस्कर पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 31 मई की रात करीब 10:40 बजे गाड़ी संख्या 22346 वंदे भारत एक्सप्रेस आरा रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। इसी दौरान स्टेशन के पूर्व स्थित श्री टोला नहर पुल के पास किसी व्यक्ति ने चलती ट्रेन के इंजन पर पत्थर फेंक दिया। पत्थर लगने से इंजन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना से यात्रियों और रेल कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न हो गई थी।

**पहचान के बाद पुलिस ने पकड़ा** : सूचना मिलने के बाद आरपीएफ पोस्ट आरा में रेल अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की




गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास और ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया। फुटेज में एक व्यक्ति को चलती वंदे भारत एक्सप्रेस के

**♦ इंजन का अगला शीशा हुआ था क्षतिग्रस्त, सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान**

इंजन की ओर पत्थर फेंकते हुए स्पष्ट रूप से देखा गया। इसके बाद आरपीएफ ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान का प्रयास शुरू किया। तकनीकी और मानवीय सूचनाओं के आधार पर संदिग्ध की पहचान गावस्कर पासवान के रूप में हुई। पहचान सुनिश्चित होने के बाद आरपीएफ टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

**अलर्ट मोड में रेलवे पुलिस** : रेलवे अधिकारियों ने कहा कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी जैसी घटनाएं यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### पांच साल बाद घर लौट रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा** । दानापुर दीनदयाल रेल खंड पर आरा रेलवे स्टेशन से के पास ट्रेन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक बड़हरा प्रखंड के अलेखी टोला गांव के निवासी बिजेंद्र राय के पुत्र मनु कुमार राय था। मनु कुमार राय दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। 5 साल बाद वह गांव आ रहा था। उसी क्रम में आरा रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिर गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक मनु कुमार राय के पास मिले मोबाइल से घर वालो को सूचना दिया गया। जीआरपी पुलिस ने बताया कि शनिवार को यात्रियों के द्वारा सूचना दिया गया कि ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को घटना स्थल से लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक मनु राय के बड़ा भाई विकास कुमार राय ने बताया कि मनु दिल्ली में रहकर नौकरी करता था। 5 साल बाद वह घर आ रहा था। इसी बीच ट्रेन से गिर गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मनु कुमार दो भाई में छोटा था। बड़ा भाई विकास कुमार राय है। परिजन शव का पोस्टमार्टम करा कर शव को गांव ले गए। घटना के बाद परिवार और गांव में शोक है। आरा रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्रों में ट्रेन से गिरने अथवा कटकर जान गंवाने की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं।

### 109 निजी विद्यालयों ने नहीं लिया यू-डाइस कोड

**आरा** । भोजपुर जिले में संचालित 109 निजी विद्यालयों द्वारा अब तक यू-डाइस (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) कोड प्राप्त नहीं किए जाने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। बिहार शिक्षा परियोजना, भोजपुर की ओर से इस संबंध में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों और आरा नगर क्षेत्र के विद्यालय निरीक्षकों को पत्र जारी कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन विद्यालयों ने अब तक यू-डाइस कोड प्राप्त नहीं किया है, उनकी स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि जिले में प्रत्यावेदित निजी विद्यालयों को यू-डाइस कोड प्राप्त करना अनिवार्य है। विभागीय जांच और उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार भोजपुर जिले के कुल 109 निजी विद्यालय ऐसे चिन्हित किए गए हैं, जिन्होंने अभी तक यू-डाइस कोड प्राप्त नहीं किया है। इसके अतिरिक्त सूची में शामिल कुछ विद्यालय ऐसे भी हैं, जो वर्तमान में बंद बताए जा रहे हैं। ऐसे विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का सत्यापन भी कराया जाएगा। पत्र में कहा गया है कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संचालित निजी विद्यालयों की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि संबंधित विद्यालयों द्वारा यू-डाइस कोड प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए। साथ ही निर्धारित प्रपत्र में सभी आवश्यक सूचनाएं एकत्रित कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएं। जिन विद्यालयों का संचालन बंद हो चुका है, उनके संबंध में भी अलग से प्रतिवेदन भेजने को कहा गया है। यू-डाइस कोड प्रत्येक विद्यालय की एक विशिष्ट पहचान संख्या होती है जानकारी के अनुसार यू-डाइस कोड प्रत्येक विद्यालय की एक विशिष्ट पहचान संख्या होती है। इसके माध्यम से विद्यालयों से संबंधित छात्र संख्या, शिक्षक, आधारभूत संरचना, शैक्षणिक गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण आंकड़ों का संकलन किया जाता है। केंद्र और राज्य सरकार की कई शैक्षणिक योजनाओं में विद्यालयों की भागीदारी के लिए यू-डाइस कोड आवश्यक माना जाता है। शिक्षा विभाग के इस कदम के बाद जिले के निजी विद्यालय संचालकों में हलचल तेज हो गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि समय सीमा के भीतर रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी तथा यू-डाइस कोड नहीं लेने वाले विद्यालयों के संबंध में आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। इससे जिले के निजी विद्यालयों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# साइकिल से केदारनाथ धाम की यात्रा पर निकले श्रद्धालु दंपत्ति का बिक्रम में भव्य स्वागत

## महावीर मंदिर परिसर में हुआ सम्मान, श्रद्धालुओं ने सफल यात्रा की कामना की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रम (पटना)।** देवघर के चकाई से साइकिल के माध्यम से बाबा केदारनाथ धाम की लंबी और कठिन धार्मिक यात्रा पर निकले एक श्रद्धालु दंपत्ति का रविवार को पटना जिले के बिक्रम में भव्य स्वागत किया गया। शहीद चौक स्थित महावीर मंदिर परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, धर्मप्रेमी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। हिंदू धर्म रक्षक संगठन (एचडीआरएस) के संयोजक गुड्डू गुप्ता के नेतृत्व में श्रद्धालु दंपत्ति को अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने यात्रियों के साहस, समर्पण और धार्मिक आस्था की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। जैसे ही स्थानीय लोगों को इस विशेष यात्रा की जानकारी मिली, महावीर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। सभी ने यात्री दंपत्ति का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना की। इस दौरान भगवान महावीर और बाबा केदारनाथ के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की कि दंपत्ति अपनी यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकें और उन्हें मार्ग में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए एचडीआरएस के संयोजक गुड्डू गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में जब युवा आधुनिक जीवनशैली में व्यस्त हैं, ऐसे में साइकिल से हजारों किलोमीटर की धार्मिक यात्रा पर निकलना सनातन संस्कृति और धार्मिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बाबा केदारनाथ धाम तक साइकिल से पहुंचने का संकल्प केवल श्रद्धा का प्रतीक नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का भी संदेश देता है। ऐसे प्रयास युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने श्रद्धालु दंपत्ति से उनकी यात्रा के उद्देश्य और अनुभवों के बारे में जानकारी प्राप्त की। दंपत्ति ने बताया कि वे बाबा केदारनाथ के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति की भावना से यह यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान वे विभिन्न स्थानों पर लोगों को धार्मिक जागरूकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। उनका उद्देश्य लोगों को प्रकृति और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने दंपत्ति को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल यात्रा मार्ग की कामना की। महावीर मंदिर परिसर श्रद्धा और भक्ति के माहौल से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने "जय श्रीराम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ यात्री दंपत्ति को आगे की यात्रा के लिए विदाई दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसी यात्राएं समाज में धार्मिक चेतना, सकारात्मक सोच और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करती हैं। बिक्रम में आयोजित यह स्वागत समारोह श्रद्धा, सम्मान और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के प्रति लोगों की आस्था का जीवंत उदाहरण बन गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पति से विवाद के बाद युवती पुल पर पहुंची, नदी में कूदने की कर रही थी तैयारी, होमगार्ड जवानों ने बचाया

**हाजीपुर।** वैशाली में हाजीपुर-पटना को जोड़ने वाले पुराने गंडक पुल पर एक युवती को आत्महत्या करने से बचाया गया। युवती पुल से नदी में छलांग लगाने की तैयारी में थी, तभी होमगार्ड के दो जवानों ने उसे रोक लिया। सोनपुर के परमानंदपुर की रहने वाली खुशबू कुमारी अपने पति के साथ हाजीपुर में रहती है। बताया गया कि खुशबू ने प्रेम विवाह किया है और पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद खुशबू आत्महत्या करने के इरादे से पुराने गंडक पुल पर पहुंच गई। हालांकि, नदी में कूदने से पहले ही होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंच गए और उसे पकड़कर चेक पोस्ट ले आए। इसी दौरान युवती का पति भी वहां पहुंच गया। काफी समझाने-बुझाने के बाद खुशबू अपने पति के साथ घर लौट गई। हालांकि, पति-पत्नी के बीच विवाद का सटीक कारण सामने नहीं आया है। होमगार्ड जवानों की सतर्कता और राहगीरों की सक्रियता से एक युवती की जान बचाई जा सकी।

### सोनपुर में कटाव रोधी कार्य के विरोध में धरना, ग्रामीणों ने ली जल समाधि, रिंग बांध की मांग

**हाजीपुर।** सोनपुर में गंगा किनारे चल रहे कटाव रोधी कार्य में कथित अनियमितता के विरोध में रविवार को नया बाजार घाट पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। "रिंग बांध बनाओ संघर्ष समिति" के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने सांकेतिक जल समाधि भी ली। सुबह 7 बजे से ही लोगों का जुटना शुरू हो गया था। इस दौरान जोगीरा गायन, ग्रामीणों को संबोधित करना और मानव श्रृंखला बनाना जैसे कार्यक्रम हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कटाव रोधी बोल्डर पिचिंग कार्य में गंभीर अनियमितताएं बरती जा रही हैं, जिससे गंगा कटाव का खतरा लगातार बढ़ रहा है। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मजबूत रिंग बांध और गुणवत्तापूर्ण कटाव रोधी कार्य नहीं किया गया, तो क्षेत्र के कई गांवों पर संकट गहरा सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस कार्य की निष्पक्ष जांच और स्थायी समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान "जब तक हक की लड़ाई अधूरी है, तब तक संघर्ष हमारा जारी है" जैसे नारे लगाए गए। संघर्ष समिति ने यह भी चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### अवैध मिट्टी खनन पर विभाग की छापेमारी, 3 ट्रैक्टर किया जब्त, ड्राइवर और जेसीबी मशीन को मौके पर छोड़ा



**हाजीपुर।** वैशाली के महनार थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। खनन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीन ट्रैक्टर, एक जेसीबी और एक मोटरसाइकिल जब्त की। हालांकि, इस कार्रवाई के तरीके पर कई सवाल उठ रहे हैं। भारतेंदु नगर गांव में पहुंची खनन विभाग की टीम ने मौके पर अवैध मिट्टी खनन करते हुए इन वाहनों को पकड़ा। छापेमारी की भनक लगते ही कथित खनन माफिया मौके से फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान घटनास्थल पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कार्रवाई के बाद खनन विभाग की टीम और खनन से जुड़े लोगों के बीच काफी देर तक बातचीत चलती रही। आरोप है कि करीब एक घंटे तक चले इस घटनाक्रम के बाद विभाग की टीम केवल तीन ट्रैक्टरों को अपने साथ ले गई, जबकि ट्रैक्टर चालकों और जेसीबी मशीन को मौके पर ही छोड़ दिया गया। अवैध मिट्टी खनन से जुड़े एक व्यक्ति ने फोन पर बातचीत में दावा किया कि महनार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन होता है। उसने यह भी आरोप लगाया कि खनन विभाग की कार्रवाई चयनात्मक होती है और कुछ लोगों को ही निशाना बनाया जाता है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। यह सवाल उठ रहा है कि जब जेसीबी और अन्य वाहन मौके पर पकड़े गए थे, तो उन्हें क्यों छोड़ा गया? क्या यह कार्रवाई विभागीय नियमों के तहत की गई, या इसमें कोई अन्य कारण है? इन सवालों का जवाब खनन विभाग की आधिकारिक प्रतिक्रिया के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### हाजीपुर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित, विधायक अवधेश सिंह ने छात्रों को सम्मानित किया

**हाजीपुर।** हाजीपुर में रविवार को जढ़ूआ ब्रह्मस्थान के समीप कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति ने मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह के दौरान मैट्रिक, इंटरमीडिएट और अन्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। विधायक अवधेश सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों से निरंतर मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कई छात्र-छात्राएं मैट्रिक या इंटर पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं, जबकि सफलता के लिए लगातार प्रयास करना आवश्यक है। विधायक ने छात्रों को जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, उसमें पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मेहनत करने की सलाह दी। विधायक सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि गरीबी या आर्थिक स्थिति कभी भी प्रतिभा के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। उन्होंने छात्रों से यह सोच छोड़ने को कहा कि वे गरीब परिवार, गरीब राज्य या गरीब देश से आते हैं। उनके अनुसार, प्रतिभा किसी भी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। शिक्षा ही वह सबसे बड़ा हथियार है, जिसके माध्यम से गरीबी और सामाजिक पिछड़ेपन पर विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों को माता-पिता के सम्मान का महत्व भी समझाया। विधायक ने कहा कि जीवन में चाहे जितनी बड़ी सफलता हासिल कर लें, अपने माता-पिता का सम्मान कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि जब बच्चे शिक्षा और मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त करते हैं, तो समाज भी उनके परिवार का सम्मान करने लगता है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न शिक्षा और महिला सशक्तिकरण योजनाओं का भी उल्लेख किया। विधायक ने कहा कि सरकार चाहती है कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और देश-समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने छात्रों को हाल ही में चर्चा में रहे 'ऑपरेशन सिंदूर' का स्मरण कराते हुए देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक, समाज के गणमान्य लोग और समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गैस नहीं मिलने पर सड़क जाम, लोगों ने सिलेंडर रखकर किया प्रदर्शन, हाजीपुर-महुआ मार्ग बाधित

**हाजीपुर।** हाजीपुर-महुआ मुख्य मार्ग पर स्थित सुभई चौक के पास लोगों ने सड़क जाम कर दिया। यह प्रदर्शन गैस की अनुपलब्धता के विरोध में किया गया, जिससे सुबह से ही यातायात बाधित हो गया। सड़क जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। जाम में फंसे लोग काफी परेशान दिखे। सूचना मिलने पर सदर थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उन्हें गैस के लिए एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उन्होंने डिलीवरी करने वाले वाहन पर सवार एजेंसी कर्मियों पर मनमानी का आरोप लगाया। लोगों ने बताया कि गैस न मिलने के कारण उनके दैनिक कामकाज में परेशानी हो रही है और बच्चों के लिए समय पर खाना बनाना मुश्किल हो गया है। इसी परेशानी के चलते लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हुए। आक्रोशित लोगों ने हाजीपुर-महुआ मुख्य मार्ग पर गैस सिलेंडर रखकर जाम कर दिया था। काफी मशक्कत के बाद सदर थाने के पुलिस अधिकारियों द्वारा जाम को हटाया जा सका।

## विनय कुमार हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बनाये गये



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना,** केन्द्र सरकार ने बिहार एवं झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार और राष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड के राज्य कोऑर्डिनेटर विनय कुमार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य बनाया है।

ज्ञात हो कि इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान हैं। मंत्रालय के उप सचिव डीएसएस श्रीनिवासा राव द्वारा जारी पत्र के अनुसार मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव तथा अध्यक्ष स्तर के अधिकारी भी बतौर सदस्य शामिल हैं। इस संबंध में भारत सरकार के गजट के माध्यम से अधिसूचना जारी कर दी गई है ।

गौरतलब है कि करीब साढ़े तीन दशक से बिहार और झारखंड में कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया,हिंदुस्थान समाचार के ब्यूरो प्रमुख और विशेष संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके श्री कुमार ने इसके पूर्व भी केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास,इस्पात मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों की विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन को भी एक पत्रकार के रूप में कवर किया था। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है, उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

गौरतलब है कि विनय कुमार जमुई जिले के खैरा प्रखंड के खैरा गांव के रहने वाले हैं।

## निजी अस्पताल की खिड़की से कूदकर आईटीबीपी दारोगा ने दी जान, जांच में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना।** राजधानी पटना के पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक दारोगा ने अस्पताल के वॉशरूम की खिड़की से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी विजय सिंह के रूप में हुई है। वे आईटीबीपी के टेलीकॉम विभाग में दारोगा के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में उनकी तैनाती सारण जिले के जलालपुर क्षेत्र में थी। जानकारी के अनुसार विजय सिंह की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें 3 जून को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। प्रारंभिक उपचार फुलवारीशरीफ स्थित एक अस्पताल में चल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उन्हें बाद में पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया था।अस्पताल में उनका इलाज जारी था और चिकित्सकों की निगरानी में वे स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। सूत्रों के अनुसार विजय सिंह की देखरेख और सुरक्षा के लिए आईटीबीपी का एक जवान भी अस्पताल में उनके साथ तैनात था। बताया जाता है कि रविवार को उन्होंने वॉशरूम जाने की बात कही और वहां चले गए। कुछ देर बाद उन्होंने अंदर से वॉशरूम का दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद वॉशरूम की खिड़की से नीचे छलांग लगा दी। अस्पताल परिसर में गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। अस्पताल कर्मियों, मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ मौके पर जुट गई। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि विजय सिंह ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज, अस्पताल कर्मियों के बयान और मृतक के साथ मौजूद जवान से पूछताछ कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति कैसी थी। जानकारी के अनुसार विजय सिंह की तबीयत में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दिए जाने की तैयारी चल रही थी। बताया जा रहा है कि शनिवार को ही उन्हें डिस्चार्ज किया जाना था, लेकिन इसी बीच यह दुखद घटना हो गई। इस घटना ने सुरक्षा बलों और अस्पताल प्रशासन दोनों को झकझोर कर रख दिया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और उनके पटना पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्पष्ट निष्कर्ष सामने आ सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी तथ्यों को एकत्रित किया जा रहा है।

## पटना में खान सर के कोचिंग-हॉस्पिटल में फायर सेफ्टी जांच, कई गंभीर कमियां मिलीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**फायर कमांडेंट बोले-एक सप्ताह में कमियां दूर करें, नहीं तो कार्रवाई होगी**

**पटना।** खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग के संस्थापक खान सर फायरिंग मामले पहले से मुश्किल में है। उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार कोशिश कर रही है। इस बीच पटना स्थित खान सर की कोचिंग सेंटर और हॉस्पिटल में फायर सेफ्टी व्यवस्था की जांच के लिए रविवार को फायर सेफ्टी डिपार्टमेंट की ऑडिट टीम ने निरीक्षण किया। जांच के दौरान कोचिंग संस्थान और हॉस्पिटल में अग्नि सुरक्षा मानकों से जुड़ी कई गंभीर कमियां पाई गईं। इसके बाद विभाग ने कोचिंग और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधार के लिए 7 से 10 दिन का समय दिया गया है। फायर सेफ्टी विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय के भीतर कमियों को दूर नहीं किया गया तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**एक सप्ताह में सुधार का निर्देशः** फायर सेफ्टी विभाग ने कोचिंग प्रबंधन को एक सप्ताह के भीतर सभी जरूरी सुरक्षा मानकों को पूरा करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में छात्र प्रतिदिन संस्थान में आते हैं, इसलिए अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।


**कमियों को दूर नहीं किया तो कार्रवाई तयः** अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, यह संस्थान का दूसरा फायर ऑडिट था। पहले निरीक्षण के दौरान भी कई सुझाव दिए गए थे, लेकिन अब तक उन पर संतोषजनक अमल नहीं किया गया है। विभाग निर्धारित समय सीमा के बाद दोबारा निरीक्षण करेगा। यदि कमियों को दूर नहीं किया गया तो नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

## पटना- पीएमसीएच लैब टेक्नीशियन स्टूडेंट का मिला शव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना में एक बिल्डिंग से PMCH में लैब टेक्नीशियन की पढ़ाई कर रहे छात्र का शव बरामद हुआ है। उसकी बॉडी फंदे से लटकी थी। मृतक की पहचान गुड्डू राजा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मुजफ्फरपुर का रहने वाला था। गुड्डू PMCH के आई डिपार्टमेंट में लैब टेक्नीशियन कोर्स का छात्र था। उसने सत्र 2025-27 में नामांकन लिया था। घटना बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के गौरैया स्थान स्थित हीरा चंद्र झा के मकान की है, जहां वह किराए पर रहता था।

कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा है, "मेरा सफर अब यहीं तक था।" हालांकि, परिजनों ने छात्र की हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए PMCH भेज दिया है।



**रुपयों के लेनदेन को लेकर हत्या का आरोपः** मृतक गुड्डू राजा के पिता नरेश राय, जो एक सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं, ने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि गुड्डू 4 जून को घर से पटना लौटा था।

वह पांच बहनों के बीच इकलौता भाई था। 13 मई को उसकी बहन की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए वह घर गया था। नरेश राय ने आरोप लगाया कि उन्हें बेटे की मौत की जानकारी घटना के करीब 24 घंटे बाद मकान मालिक ने दी। उनके अनुसार, गुड्डू का अपने दो दोस्तों अनिकेत और नीरज के साथ पैसों का लेनदेन था।


## पटना नगर निगम ने 'वार्ड फाइंडर' फीचर को किया अपडेट

## एक क्लिक पर वार्ड संख्या, अधिकारियों का नंबर डिस्प्ले, डिजिटल मैप में बनी बाउंड्री

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना नगर निगम ने अपने ऐप के 'वार्ड फाइंडर' फीचर को लेकर कई अपडेट किए हैं। जैसे ही लोग 'फाइंड योर वार्ड' के लिए अपने लोकेशन पर क्लिक करेंगे तो उनके वार्ड से जुड़े सभी अधिकारी के नंबर, नाम के साथ स्क्रीन पर डिस्प्ले कर दिए जाएंगे। यानी अब एक क्लिक पर लोग वार्ड पार्षद और अधिकारियों का नंबर प्राप्त कर सकेंगे। किसी भी समस्या का समाधान लोग घर बैठे ही कर सकेंगे।

**व्हाट्सएप चैट बॉट सर्विस में पूछ सकते सवालः** इसमें वार्ड संख्या के साथ एग्जीक्यूटिव ऑफीसर, सिटी मैनेजर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर, CSI और SI का नंबर डिस्प्ले हो जाएगा। इसके साथ ही नीचे व्हाट्सएप चैट बॉट सर्विस का भी ऑप्शन दिया गया है। निगम के प्रॉपर्टी टैक्स या फिर किसी भी तरह के शिकायत को लेकर जैसे ही क्लिक करेंगे वह लिंक यूजर को सीधे व्हाट्सएप में ले जाएगा और




वहां वह अपनी समस्या रख सकते हैं या कोई भी सवाल पूछ सकते हैं।

**डिजिटल मैप में हर वार्ड की अपनी एक बाउंड्री बनाई गईः** इसके साथ ही नीचे पटना नगर निगम वार्ड मैप का भी फीचर दिया गया है। अपने वार्ड नंबर पर क्लिक करते ही लोग यह देख सकेंगे कि उनके वार्ड एरिया कितने क्षेत्र में फैला हुआ है। हर वार्ड की अपनी एक बाउंड्री बनाई गई है जिसे लाल रंग से दिखाया गया है। लोग अपने वार्ड को देखने के लिए जूमि इन, जूम आउट भी कर सकते हैं। इसके साथ ही अपने व्यू को रिसेट करके वह दूसरे वार्ड के भी बाउंड्री को देख सकते हैं। हालांकि, अभी इस मैप में पूरी तरह से जगह के बारे में जानकारी नहीं दी गई है, जिसे अभी और अपडेट होना बाकी है।

**नालों से लेकर सड़कों का देख सकेंगे डिजिटल रिकॉर्डः** पटना नगर निगम सारा काम पूरा हो जाने पर इस ऐप को जल्द ही लॉन्च करेगा। नगर निगम की यह पहल "डिजिटल पटना" के विज़न को साकार करने की दिशा में एक कदम है। इस ऐप की मदद से लोग शहर की सड़कों, नालों, पाइपलाइन, पार्क, शौचालय, श्मशान घाट, पार्किंग और अन्य संपत्तियों का पूरा डिजिटल रिकॉर्ड देख सकेंगे। इसके साथ ही नागरिक किसी भी वार्ड में नजदीकी शौचालय, पार्किंग, निगम कार्यालय, श्मशान घाट, आदि की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में प्री-मानसून का असर तेज, ठेठईटांगर में 70.3 मिमी बारिश; 11 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट



**रांची।** झारखंड में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने लगी हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हुई बारिश और बादलों की आवाजाही के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। इस दौरान सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर में सर्वाधिक 70.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में दिनभर बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में प्री-मानसून सिस्टम सक्रिय हो गया है, जिसके प्रभाव से मौसम का मिजाज बदला है। विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में इसका असर बना रहेगा। पिछले 24 घंटों में राज्य का सर्वाधिक तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज हुआ। इसके अलावा राज्य के विभिन्न जिलों में 13 जून तक गर्जन, आकाशीय बिजली और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका को लेकर भी येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। हालांकि दोपहर बाद मौसम साफ हो गया, लेकिन विभाग ने शाम के समय गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। ना है कि प्री-मानसून गतिविधियों के कारण आगामी दिनों में राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना बनी रहेगी। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है तथा लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही किसानों के लिए भी यह बारिश खरीफ सीजन की तैयारियों के लिहाज से लाभदायक साबित हो सकती है।

### नौकरी बहाली की आस में सरयू राय के दरवाजे पहुंचे एटीएम सुरक्षा गार्ड




**पूर्वी सिंहभूम।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एटीएम केंद्रों पर वर्षों से सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत कर्मचारियों का रोजगार संकट गहराता जा रहा है। नई सुरक्षा एजेंसी सीआईएसएस के आने के बाद करीब 140 सुरक्षा गार्डों को बिना स्पष्ट कारण बताए कार्य से हटा दिए जाने का मामला अब राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। रविवार को नौकरी से हटाए गए सुरक्षा गार्डों का एक प्रतिनिधिमंडल असंगठित क्षेत्र मजदूर प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि अमित शर्मा के साथ जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। गार्डों ने बताया कि उनमें से कई पिछले 10 से 15 वर्षों से एसबीआई के विभिन्न एटीएम केंद्रों की सुरक्षा में तैनात थे, लेकिन एजेंसी बदलने के बाद अचानक उन्हें काम से अलग कर दिया गया। गार्डों का कहना है कि लगातार प्रयासों और राजनीतिक समर्थन के बावजूद जब कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला तो उन्होंने अब विधायक सरयू राय से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका विश्वास है कि विधायक के प्रयासों से एजेंसी और बैंक प्रबंधन के साथ सार्थक बातचीत हो सकेगी। अमित शर्मा ने कहा कि पूर्व में भी सुरक्षा एजेंसियां बदलती रही हैं, लेकिन कर्मचारियों की सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहती थीं। इस बार नई एजेंसी के आने के बाद बड़े पैमाने पर छंटनी की गई है और कम वेतन पर नए लोगों की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि नौकरी जाने की आशंका और मानसिक तनाव के कारण एक महिला सुरक्षा गार्ड के पति की भी सदमे में मृत्यु हो गई थी।

### कांग्रेस नेता परविंदर सिंह ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना



**पूर्वी सिंहभूम।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परविंदर सिंह ने केंद्र सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि आम जनता, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ साबित होगी। रविवार को जारी बयान में परविंदर सिंह ने कहा कि देश में पहले से ही पेट्रोल, डीजल और दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे समय में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए जाने से मजदूरों, किसानों, निम्न आय वर्ग और मध्यम वर्गीय परिवारों की परेशानियां और बढ़ जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में विफल रही है, जबकि लोगों की आय और रोजगार के अवसरों में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो पाई है। परविंदर सिंह ने केंद्र सरकार से एलपीजी सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमत को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस और व्यावहारिक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम लोगों को राहत देने की होनी चाहिए, न कि उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रही है और आगे भी महंगाई, बेरोजगारी तथा जनहित के अन्य विषयों पर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी आम लोगों के हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी और जनता की समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से रखेगी।

### तोरपा विधायक ने किया सात एंबुलेंस और तीन शव वाहनों का लोकार्पण



**खूंटी।** खूंटी जिले के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। तोरपा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित टाउन हॉल में आयोजित एक समारोह में विधायक मद से उपलब्ध कराए गए 07 एंबुलेंस और 03 शव वाहनों का लोकार्पण कर उन्हें क्षेत्र की जनता को समर्पित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विधायक, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रवाना होने के साथ ही उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी कदम बताया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में विभिन्न पंचायतों और प्रखंडों से आए जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए विधायक मद से एंबुलेंस और शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम को झामुमो महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुशांति कोनगाड़ी, बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष विरेन कंडुलना, विधायक प्रतिनिधि जगदीश बागे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।समारोह में विभिन्न प्रखंडों के जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, झामुमो पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के संदेश के साथ हुआ।

# मांडर सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने आठ आरोपितों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। रांची**



रांची जिले के मांडर थाना क्षेत्र में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज आठ घंटे के भीतर आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा मामले में संलिप्त एक 15 वर्षीय नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्त में आए आरोपितों में पापड़ मुण्डा उर्फ प्रकाश मुण्डा, आयुष उरांव, रामलुस कुजूर, रंजीत उरांव, उमेश भगत, दीपक उरांव, राम उरांव और विकास उरांव शामिल हैं। सभी आरोपितों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा। खलारी के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राम नारायण चौधरी ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि छह जून की शाम मांडर थाना क्षेत्र के करगे गांव की एक महिला के लिखित आवेदन के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म की घटना दर्ज की गई और इस पूरे मामले की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को दी गई। डीएसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। इस टीम में मांडर, चान्हों, बुढ़मू और ठाकुरगांव थाना के प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल किए गए। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए पीड़िता को चिकित्सकीय जांच और उपचार के लिए रांची सदर अस्पताल भेजा। इसके साथ ही विभिन्न थाना क्षेत्रों में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस की सक्रिय कार्रवाई के परिणामस्वरूप मामले में शामिल आठ आरोपितों को आठ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और सभी पहलुओं की गहन पड़ताल की जा रही है। अनुसंधान पूरा होने के बाद आरोपितों के विरुद्ध शीघ्र आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपितों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाने के लिए न्यायालय से अनुरोध किया जाएगा, ताकि पीड़िता को शीघ्र न्याय मिल सके और आरोपितों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में यदि अन्य किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी तथ्यों और साक्ष्यों को एकत्र कर मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

## एकलव्य विद्यालय चोरी कांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र स्थित गंडकीदा गांव के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में 06 जून को हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गए सामान भी बरामद कर लिए हैं। इस संबंध में रविवार को आयोजित पत्रकार सम्मेलन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रफायल मुर्मू ने पूरी जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि विद्यालय से फर्नीचर और अन्य उपयोगी सामग्री की चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने विशेष जांच शुरू की। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने गंडकीदा गांव के जंजरासाई टोला निवासी राम हेंब्रम (38) और रासिका हेंब्रम (31) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की, जहां से चोरी गया सामान बरामद किया गया। बरामद सामग्री में नौ लोहे के बेड (प्लाई सहित),चार गद्दे और बजाज कंपनी के आठ पंखे शामिल हैं। पुलिस ने सभी सामान जब्त कर लिया है और उसे विद्यालय प्रबंधन को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में एसडीपीओ रफायल मुर्मू के नेतृत्व में झीकपानी के इंस्पेक्टर वासुदेव मुंडा,कुमारडुंगी थाना प्रभारी सुनील कुमार चौधरी,पुलिस अवर निरीक्षक मिलन कर्माली,सहायक अवर निरीक्षक सोमाय टुडू,सुनील कुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## सड़क किनारे साइन बोर्ड से टकराई बाइक, 22 वर्षीय युवक की मौत

**एजेंसी। खूंटी**



खूंटी-कोलेबिरा स्टेट हाईवे-3 पर तोरपा थाना क्षेत्र स्थित कारो नदी के समीप रविवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान डोड़मा चंद्रपुर निवासी 22 वर्षीय अनीस हेमरोम के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, अनीस हेमरोम रविवार सुबह करीब 10 बजे अपाची मोटरसाइकिल से कोटेंगसेरा से मरचा की ओर जा रहा था। इसी दौरान कारो नदी के पास उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक बाइक से उछलकर दूर जा गिरा और उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसे के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण अनीस की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों के अनुसार, अनीस हेमरोम अपने मित्र प्रेम होरो की अपाची मोटरसाइकिल लेकर किसी कार्य से जा रहा था। बताया जाता है कि वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में बाइक के अनियंत्रित होकर साइन बोर्ड से टकराने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड दौरे के दूसरे दिन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का रामगढ़ और बोकारो में भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह





**एजेंसी। रांची**

झारखंड प्रवास के दूसरे दिन रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का रांची से बोकारो जाते समय कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान रामगढ़ और बोकारो जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा, जयघोष और गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया। यात्रा के क्रम में रामगढ़ के निर्मल महतो चौक और मांडू के छतरपुर में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद रामगढ़ जिले के गोला और चितरपुर तथा बोकारो जिले के पेटरवार, जैनामोड़ और नया मोड़ में भी कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इन सभी स्थानों पर माहौल पूरी तरह संगठनात्मक जोश और उत्साह से भरा रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वर्गीय छत्रु राम महतो की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्षपूर्ण जीवन व योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा और नारों के बीच संगठन के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्वागत में शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में जनसैलाब जैसा माहौल बन गया। इस अवसर पर झारखंड भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, विधायक रौशन लाल चौधरी और पूर्व विधायक बिरंची नारायण सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## राहरगोड़ा में ओवरब्रिज-अंडरपास बनाने की मांग को लेकर सड़क जाम और विरोध-प्रदर्शन

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



परसुडीह थाना क्षेत्र के राहरगोड़ा रेलवे फाटक पर वर्षों से लंबित ओवरब्रिज और अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आया। सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर टायर जलाए, धरना-प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग को जाम कर रेलवे प्रशासन तथा रेल मंत्रालय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के प्रतिनिधि मिथुन चक्रवर्ती और उत्तर पश्चिम गदरा पंचायत की मुखिया सुनीता नाग के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांगों की अनदेखी की जा रही है, जबकि रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि राहरगोड़ा, सलगाझुड़ी, बारीगोड़ा और गोविंदपुर रेलवे फाटक पर प्रतिदिन घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे हजारों लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि फाटक लंबे समय तक बंद रहने के कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होती है, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है और कामकाजी लोगों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी दावा किया कि चुनाव से पहले ओवरब्रिज और अंडरपास निर्माण का शिलान्यास किया गया था, जिससे लोगों में उम्मीद जगी थी। हालांकि तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका, जिससे स्थानीय लोगों में निराशा और नाराजगी बढ़ती जा रही है। मुखिया सुनीता नाग ने कहा कि रेलवे फाटक पर लगातार हो रही दुर्घटनाएं और जाम की समस्या क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के लोग एकजुट होकर व्यापक जनआंदोलन छेड़ेंगे। प्रदर्शन के दौरान कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। हालांकि बाद में स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में स्थिति सामान्य हुई। क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## एनटीएचए के दो खिलाडियों ने भारत को दिलाया अंडर-18 एशिया कप का स्वर्ण

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



जापान के काकामिगाहारा में आयोजित पुरुष अंडर-18 एशिया कप हॉकी 2026 में भारत की ऐतिहासिक स्वर्णिम सफलता में जमशेदपुर की नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) के दो कैडेटों ने अहम भूमिका निभाई। अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने फाइनल में मेज़बान जापान को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में भारत अपराजित रहा और उसने एशिया की मजबूत टीमों को मात देते हुए अपना दबदबा कायम रखा। टूर्नामेंट में आशीष तानी पूर्ति सबसे बड़े सितारे बनकर उभरे। उन्होंने 13 गोल दागकर प्रतियोगिता के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी का सम्मान हासिल किया। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों मुकाबलों में लगातार हैट्रिक लगाकर उन्होंने अपनी असाधारण क्षमता का परिचय दिया। जापान के खिलाफ खिताबी मुकाबले में उनके तीन गोलों ने भारत की जीत सुनिश्चित की, जिसके लिए उन्हें फाइनल का प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं मिडफील्ड में प्रेमचंद सोय ने अपनी बेहतरीन खेल समझ, तेज पासिंग और आक्रामक रणनीति से भारतीय टीम को मजबूती प्रदान की। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में टीम के खेल की गति नियंत्रित की और कई महत्वपूर्ण अवसर तैयार किए। चीनी ताइपे के खिलाफ उनका गोल भी भारत की सफलता में निर्णायक साबित हुआ। इस उपलब्धि पर रविवार को एनटीएचए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल अकादमी बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये खिलाड़ी भविष्य में भारतीय सीनियर टीम में भी देश का नाम रोशन करेंगे।

## झारखंड की शॉर्ट फिल्म 'नो मोर वॉर' को अंतरराष्ट्रीय पहचान, कोलकाता-श्रीलंका फिल्म फेस्टिवल में हुआ चयन

**एजेंसी। रांची**




झारखंड के फिल्मकारों के लिए गर्व की बात है कि नौरस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित शॉर्ट फिल्म 'नो मोर वॉर' ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। फिल्म का चयन प्रतिष्ठित विवेकानंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, कोलकाता और श्रीलंका इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए किया गया है। इस उपलब्धि से राज्य की फिल्म प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। फिल्म के लेखक और निर्देशक अमित अक्षत ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि विवेकानंद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तहत फिल्म का प्रदर्शन 21 जून को कोलकाता के साइंस सिटी में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्मकार के लिए अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अपनी कृति का चयन होना बड़ी उपलब्धि होती है और यह फिल्म की विषयवस्तु की प्रासंगिकता को भी दर्शाता है। अमित अक्षत के अनुसार, 'नो मोर वॉर' का मूल उद्देश्य युद्ध, हिंसा और संघर्ष की मानसिकता के विरुद्ध शांति, प्रेम और मानवता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में यह विषय और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्हें उम्मीद है कि फिल्म का संदेश अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचेगा और लोगों को शांति तथा सह-अस्तित्व के महत्व पर विचार करने के लिए प्रेरित करेगा। फिल्म की कहानी 10 वर्षीय बालक शुभ के इर्द-गिर्द घूमती है। अपने जन्मदिन के अवसर पर वह समाचारों में युद्ध, हिंसा और मानवीय त्रासदी के दृश्य देखकर मानसिक रूप से विचलित हो जाता है। इसी बीच जब उसके पिता उसे उपहार स्वरूप एक खिलौना बंदूक देते हैं, तो वह उसे स्वीकार करने से इनकार कर देता है। बच्चे की यह प्रतिक्रिया फिल्म के केंद्रीय संदेश को सामने लाती है कि मानव जीवन का उद्देश्य युद्ध और हथियार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारा, संवेदनशीलता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व है। फिल्म अपने सरल लेकिन प्रभावशाली कथानक के माध्यम से दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि हिंसा और युद्ध का सबसे अधिक प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है। यही कारण है कि फिल्म शांति और मानवीय मूल्यों की वकालत करती नजर आती है। फिल्म में श्रेष्ठ, मनोज सहाय, मेहुल प्रसाद, संदिपिका रॉय और अवनीश भारद्वाज ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। कलाकारों के सशक्त अभिनय ने कहानी को प्रभावी ढंग से पर्दे पर उतारने में अहम योगदान दिया है। वहीं नीरज और सुमित की सिनेमैटोग्राफी फिल्म के दृश्य पक्ष को मजबूती प्रदान करती है। सचिन महली ने संगीत और संपादन की जिम्मेदारी संभाली है, जिसने फिल्म को तकनीकी रूप से और अधिक प्रभावशाली बनाया है। फिल्म के अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में चयन से झारखंड के स्वतंत्र फिल्म निर्माण क्षेत्र को भी नई ऊर्जा मिली है। फिल्म जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि इस तरह की उपलब्धियां राज्य की रचनात्मक प्रतिभाओं को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## चटाई में लिपटा मिला सड़ा-गला शव, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित रेलवे कॉलोनी के समीप रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। शव चटाई में लिपटा हुआ था और उससे तेज दुर्गंध निकल रही थी। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस इसे हत्या का मामला मानते हुए जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह कुछ ग्रामीण अपने दैनिक कार्य के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रेलवे कॉलोनी के समीप उनकी नजर एक संदिग्ध अवस्था में पड़ी चटाई पर गई। चटाई से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को संदेह हुआ। पास जाकर देखने पर उसमें एक व्यक्ति का शव मिला। शव की स्थिति अत्यंत खराब थी और वह काफी हद तक सड़-गल चुका था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया। शव की पहचान कराने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों और गुमशुदगी के मामलों का भी मिलान किया जा रहा है। मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। शव की स्थिति को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि व्यक्ति की मौत दो से तीन दिन पहले हुई होगी। आशंका है कि हत्या के बाद अपराधियों ने पहचान छिपाने और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को चटाई में लपेटकर सुनसान स्थान पर फेंक दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे पुलिस और मुफस्सिल थाना पुलिस संयुक्त रूप से जांच में जुट गई है। इसके अलावा स्थानीय लोगों, रेलवे कर्मियों और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि मृतक की पहचान और घटना से जुड़े सुराग जुटाए जा सकें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जनगणना का काम सुस्त, प्राधिकरणों की लापरवाही से पिछड़ा जिला



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** जिले में जनगणना के तहत पहले चरण में हाउस लिस्टिंग का काम चल रहा है। इस कार्य में नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के लापरवाही के कारण जिला लक्ष्य के अनुपात में काम पूरा करने की दिशा में सबसे पिछले पायदान पर है। जनगणना 2027 का कार्य सरकार की प्राथमिकता में है। नोएडा में शनिवार तक महज 5 प्रतिशत ग्रेटर नोएडा में करीब 4 प्रतिशत ही हाउस लिस्टिंग का काम पूरा किया जा सका है। कार्य में धीमी गति को लेकर मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा की ओर से भी दोनों प्राधिकरणों के अधिकारियों को नोटिस जारी किया जा चुका है। जिले में अनुमानित 42 लाख की आबादी मान कर हाउस लिस्टिंग का काम कराया जा रहा है। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी जनगणना के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हुए, जिससे उन्हें इस काम को पूरा करने में दिक्कतें आ रही है। वहीं जिले के नगर पालिका, तहसील व नगर पंचायत क्षेत्र में तकरीबन 80 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। वहीं नोएडा व ग्रेटर नोएडा का क्षेत्र पिछड़ रहा है। जिले की तीनों तहसीलों में जेवर तहसील में सबसे अधिक 75, गौतमबुद्ध नगर सदर तहसील 53.43, दादरी तहसील 48.04, यमुना विकास प्राधिकरण 42.64, नोएडा प्राधिकरण 4.9, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में चार प्रतिशत तक काम हुआ है। तीनों प्राधिकरणों में यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सबसे अधिक 42.64 प्रतिशत काम हो चुका है। जनगणना के काम को लेकर होने वाली बैठक में भी प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के शामिल न होने पर शासन स्तर से नाराजगी जताई गई है। जिला जनगणना अधिकारी अजीत कुमार सिंह का कहना है कि जनगणना के तहत हाउस लिस्टिंग का काम समय पर पूरा करने का प्रयास तेज कर दिया गया है। जहां कम काम हुए हैं वहां प्रशासन अभियान चलाकर कार्य को पूरा करेगा। इसकी लगातार मानिटरिंग शुरू कर दी गई है।

### सैर करने जाएं तो रहें सावधान! टाउन पार्क में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक

**फरीदाबाद, एजेंसी।** सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में एक के बाद बेहतर सुविधा प्रदान की जा रही है। इसलिए यहां हजारों लोग आते हैं। वीकेंड पर तो लोगों की संख्या कई गुणा बढ़ जाती है। एक तरह से यह पार्क पिकनिक स्पाट बन गया है। लेकिन लोग बंदर व आवारा कुत्तों से बेहद परेशान हैं। खासतौर पर सुबह-शाम सैर करने वाले लोग। बंदरों का झुंड इन पर हमला कर देता है। उधर कुत्ते भी अचानक हमला कर रहे हैं। जिन लोगों के हाथ में खाने-पीने की चीज होती है तो बंदर उनके पीछे लग जाते हैं। जब तक उस चीज को नहीं ले लेते, तब तक बंदर पीछा नहीं छोड़ते। इस मामले की शिकायत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से की है। दरअसल टाउन पार्क में कुछ पशु प्रेमी भी आते हैं जो रोज कुत्ते व बंदरों को केले बिस्कुट व अन्य खाने की चीज़ें डालते हैं जिसकी वजह से इनका जमावड़ा पार्क में ही रहता है। जब इन को खाने की वस्तु नहीं मिलती तो स्थानीय निवासी जो पार्क में घूमने आते हैं, तो उन पर यह कुत्ते व बंदर हमला कर देते है। इसलिए सबसे पहले एक पशु प्रेमियों को जागरूक होना होगा। या फिर प्रशासन कार्रवाई करे ताकि अन्य लोगों को परेशानी न हो।

# सीएम विजय ने चलाया करप्शन पर चाबुक, पार्टी फंड के नाम पर चल रहे गोरखधंधे पर गाज

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सीएम बनने के बाद ऐक्टर विजय ने शुक्रवार को पहली कैबिनेट बैठक की। इस दौरान उन्होंने तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन में होने वाले भ्रष्टाचार, अनधिकृत संग्रह और पार्टी फंड जैसी प्रथाओं पर व्यापक कार्रवाई शुरू की। सीएम विजय ने अधिकारियों को आदेश दिया कि शराब बिक्री से मिला एक-एक पैसा राज्य के खजाने तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। जानकारी के मुताबिक सरकारी सूत्रों ने सीएम को बताया कि हर महीने करीब 102 करोड़ रुपए अनौपचारिक 'पार्टी फंड' के जरिए कॉरपोरेशन संचालन में जा रहे थे। अनुमान के मुताबिक पिछले पांच साल में राज्य सरकार के खजाने से करीब 1,600 करोड़ रुपए निकाले जा चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक अब डीएमके के कॉरपोरेशन के इस्तेमाल पर भी जांच केंद्रित हुई है।

**बंद करने का निर्देश:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल लंबे समय से चले आ रहे कॉरपोरेशन के थोक और खुदरा नेटवर्क में चल रहे अनौपचारिक कैश कलेक्शन सिस्टम को बंद करने का निर्देश दिया। इसके करीब 4,048 रजिस्टर्ड आउटलेट हैं। इन सुधारों की निगरानी एक्साइज मिनिस्टर के विग्नेश कर रहे हैं, जो 37 साल के नए मंत्री हैं और एक साधारण बैकग्राउंड से आते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, उनके माता-पिता ने चाय की दुकान चलाई थी। इससे पहले कि उन्होंने केबल वितरण व्यवसाय और बाद में राजनीति में कदम रखा। एनडीटीवी के मुताबिक मंत्री विग्नेश ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार को भ्रष्टाचार या लोगों को दर्द पहुंचाकर होने वाली कमाई की जरूरत नहीं है। सूत्रों के मुताबिक गलत ढंग से पैसे की वसूली, पिछले कुछ वक्त में कॉरपोरेशन में सिस्टम का हिस्सा बन चुके थे। अधिकारियों के मुताबिक तमिलनाडु में शराब बोतल के आकार के अनुसार मानकीकृत मामलों के माध्यम से सप्लाई की जाती है। यहां 180 एमएल की बॉटल 48 केस में पैक होती है। वहीं, 375 एमएल की 12 और बीयर केसेज में आमतौर पर 12 बॉटल्स होती हैं। आरोप है कि हर लिकर केस पर करीब 90 रुपए पार्टी फंड कलेक्शन के नाम पर जाते हैं। वहीं, बीयर में यह 40 रुपए पर केस और वाइन के मामले में 20 रुपए मंत्री या पॉलिटिकल फंड में जाते हैं। अधिकारियों का दावा है कि यह वसूली, वेयरहाउस, ट्रांसपोर्ट और रिटेल आउटलेट्स में होती है। इसके मुताबिक हर महीने करीब 88 लाख उपभोक्ता कॉरपोरेशन के जरिए शराब खरीदते हैं। अंदरूनी आंकड़े बताते हैं कि हर महीने तकरीबन 102 करोड़ रुपए अनाधिकारिक ढंग से जाते हैं।



**अभी तो यह झांकी है:** बताया जाता है कि कॉरपोरेशन के खिलाफ अभियान तो महज शुरुआत भर है। भ्रष्टाचार का दायरा बहुत बड़ा है और आने वाले वक्त में कई विभाग एंटी-करप्शन मिशन की चपेट में आने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री ने हर विभाग में भ्रष्टाचार को चिन्हित करने का आदेश दिया है। खासकर वह विभाग जो सरकारी रेवेन्यू के लिए जिम्मेदार हैं। इसमें भी कॉरपोरेशन को सबसे पहले निशाना इसलिए बनाया गया क्योंकि यहां पर अनाधिकारिक कलेक्शन काफी ज्यादा है। बताया जाता है कि अगला निशाना खनन विभाग पर हो सकता है।

## गुरुग्राम में अब प्रॉपर्टी टैक्स के साथ ही देना होगा सफाई शुल्क, एमसीजी के फैसले से लोगों में नाराजगी

**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम के निवासियों को अब अपने संपत्ति कर के साथ ही कूड़ा शुल्क भी देना होगा। संपत्ति कर के साथ अब नगर निगम ने कूड़ा शुल्क भी वसूलना शुरू कर दिया है। हालांकि बीते दो साल से कूड़ा शुल्क निगम की तरफ से वसूल नहीं किया जा रहा था, लेकिन अब निगम ने इसे वसूलना शुरू कर दिया है। निगम के इस कूड़ा शुल्क का लोगों ने विरोध भी जताया है। शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) विभाग ने नए वित्त वर्ष से गुरुग्राम में भी इस शुल्क की वसूली को अनिवार्य कर दिया है। सरकार की इस नई व्यवस्था के तहत अब संपत्ति कर के बिलों में ही घरों से कूड़ा उठाने के साथ-साथ सड़कों की सफाई का शुल्क भी शामिल किया गया है। हालांकि, शहर में घर-घर से कूड़ा उठाने की कोई स्थायी और पुख्ता व्यवस्था न होने के बावजूद टैक्स बिलों में इस नए चार्ज को जोड़ने पर शहरवासियों ने रोष व्यक्त किया है। हालांकि निगम अधिकारियों ने बताया कि संपत्ति कर के साथ मुख्यालय की तरफ से कूड़ा शुल्क लगाकर भेजा गया है। यह कूड़ा संग्रहण शुल्क अकेला नहीं है, इसमें सड़कों की सफाई, गलियों में जो झाड़ू लगती है, इसमें उसका शुल्क भी शामिल है। जमीनी हकीकत यह है कि नगर निगम गुरुग्राम के पास वर्तमान में घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा करने, उसे अलग करने और उसके वैज्ञानिक निस्तारण की कोई स्थायी या सुचारू व्यवस्था नहीं है। नगर निकाय फिलहाल विभिन्न छोटे ठेकेदारों के माध्यम से अस्थायी उपायों के भरोसे ही पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को खींच रहा है। इस लचर व्यवस्था के कारण शहर की दर्जनों सोसाइटियों और रिहायशी सेक्टरों में लोग निजी स्तर पर कचरा प्रबंधन करने को मजबूर हैं, जहां निजी कचरा उठाने वाले कर्मचारी प्रति घर 50 रुपये से लेकर 150 रुपये तक मासिक शुल्क अलग से वसूलते हैं। ऐसे में लोगों का आरोप है कि उन्हें एक ही काम के लिए दोहरा भुगतान करना पड़ रहा है। शहर की विभिन्न आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठनों ने निगम और सरकार के इस फैसले को पूरी तरह से जनविरोधी बताया है। नागरिकों का कहना है कि जब नगर निगम के वाहन उनके घरों तक कूड़ा लेने आते ही नहीं हैं और वे निजी रेहड़ी-पटरी वालों को अलग से भुगतान कर रहे हैं, तो निगम किस बात का टैक्स वसूल रहा है। निगम केवल अस्थाई एजेंसियों के सहारे काम चला रहा है। शहर में घर-घर से कूड़ा उठाने की कोई स्थायी और पुख्ता व्यवस्था न होने के बावजूद टैक्स बिलों में इस नए चार्ज को जोड़ने पर शहरवासियों ने रोष व्यक्त किया है।




## शादी रचाने और दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला टीचर से ठगी, धर्मांतरण कराने का प्रयास

**संभाजीनगर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में शादी रचाने और दुबई में नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला टीचर से नकदी और सोना ठगने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने यह भी प्रयास किया कि पीड़िता धर्म परिवर्तन करके इस्लाम धर्म अपना ले। सीनियर अधिकारी ने बताया कि 43 वर्षीय पीड़िता नक्षत्रवाड़ी स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उसकी मुलाकात जून 2024 में उसी स्कूल में शिक्षक के रूप में नियुक्त हुए 45 वर्षीय हुसैन अबू सोयदान से हुई थी। अधिकारी के अनुसार, दोनों के बीच दोस्ती हुई। इसके बाद आरोपी ने पढ़ाई पूरी होने पर विदेश में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। उसने कथित तौर पर शादी और दुबई में नौकरी दिलाने का वादा कर पीड़िता के साथ संबंध बनाए। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने यह भी कहा था कि विदेश जाने के लिए उसे इस्लाम धर्म स्वीकार करना होगा। मामले की जांच जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जनवरी 2026 में आरोपी ने एक होटल के कमरे में पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद अप्रैल तक उसने विभिन्न जरूरतों का हवाला देकर उससे कई बार पैसे लिए। इनमें ऑनलाइन माध्यम से 1 लाख रुपये का हस्तांतरण, 3.41 लाख रुपये नकद और लगभग 1.80 लाख रुपये मूल्य के छह तोला सोने के आभूषण शामिल हैं। अधिकारी के अनुसार, एक अप्रैल को बेंगलुरु में कार्यरत पीड़िता के पति घर लौटे और उन्हें पत्नी के विवाहेतर संबंध की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने महिला को घर छोड़ने के लिए कहा। पुलिस ने बताया कि 19 अप्रैल को हुसैन ने कथित तौर पर हिंदू रीति-रिवाज से पीड़िता से विवाह किया और बाद में उसका इस्लाम धर्म में धर्मांतरण कराने की प्रक्रिया भी कराई। हालांकि, 25 अप्रैल के बाद उसने महिला से संपर्क करना बंद कर दिया और उससे दूरी बनाने लगा। जब महिला को एहसास हुआ कि उसके साथ नकदी और सोने के आभूषणों की ठगी हुई है, तो उसने पुलिस से संपर्क किया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## डीएमके ने किया बैठक का बहिष्कार, झामुमो और सीपीआई-एम भी कांग्रेस से नाराज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 8 जून को होने वाली विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक से ठीक पहले गठबंधन के भीतर दरारें और गहरी हो गई हैं। द्रमुक द्वारा इस बैठक का बहिष्कार करने के एलान के बाद अब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी कांग्रेस नेतृत्व की कार्यशैली पर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की है। जहां एक तरफ जेएमएम झारखंड में राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा एकतरफा उम्मीदवार घोषित किए जाने से नाराज है, वहीं सीपीएम ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेताओं विशेषकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर किए गए तीखे हमलों को लेकर कड़ा ऐतराज जताया है। सीपीएम के महासचिव एमए बेबी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक बेहद सख्त लहजे में पत्र लिखा है। इस पत्र की प्रति इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को भी भेजी गई है। उन्होंने लिखा, 'केरल विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेतृत्व द्वारा एक सुनियोजित अभियान चलाया गया कि सीपीएम और बीजेपी के बीच गुप्त समझौता है। यहां तक कि हमारे वरिष्ठ नेता और तत्कालीन मुख्यमंत्री कॉमरेड पिनाराई विजयन पर भी पीएम मोदी के साथ डील करने का आरोप लगाया गया। जनसभाओं में यह सवाल उठाया गया कि अगर कोई डील नहीं है तो प्रवर्तन निदेशालय ने अब तक उनसे पूछताछ या उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया? '

## गाजियाबाद में 2 और अवैध मदरसे सील, 14 दुकानें भी होंगी ध्वस्त; सूर्या हत्याकांड के बाद ऐक्शन में प्रशासन

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के खोड़ा में बकरीद के दिन हुए सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद शुरू हुई प्रशासनिक कार्रवाई लगातार जारी है। शनिवार को कनावनी और लोनी स्थित दो और अवैध मदरसे सील कर दिए गए। वहीं, मोदीनगर में मस्जिद के साथ बनी 14 दुकानों को भी ध्वस्त करने के आदेश जारी किए गए। दुकानदारों पर दो करोड़ 22 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

खोड़ा के नवनीत विहार में 17 वर्षीय छात्र सूर्या की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। मुख्य आरोपी असद पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है, जबकि उसके पिता नवाब समेत चार आरोपी जेल में हैं। शनिवार दोपहर जिला प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ कनावानी स्थित जामिया खुल्फा-ए-राशिदीन मदरसे पर पहुंची और इसे खाली कराकर सील लगा दिया। इसके बाद लोनी थाना क्षेत्र की अशोक विहार कॉलोनी में चल रहे मदरसा इस्लामिया अरबिया काशिफुल उलूम को भी सील कर दिया गया। सीलिंग से पहले मुनादी भी कराई गई। उपजिलाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि मदरसे में संचालक शकील अहमद परिवार के साथ रह रहे थे। सभी को बाहर निकालकर कार्रवाई की गई।



जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की ओर से चस्पा नोटिस के मुताबिक, दोनों मदरसे अवैध हैं और बिना मान्यता के चल रहे थे। मदरसा सोसाइटी का भी रजिस्ट्रेशन उपलब्ध नहीं कराया गया है।? इसके अलावा अग्निशमन विभाग और विद्युत सुरक्षा विभाग से भी एनओसी नहीं ली गई है। संचालकों को नोटिस देकर सात दिन में जवाब मांगा गया है। जवाब न दिए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीलिंग के साथ दोनो मदरसों के विद्युत कनेक्शन काटे गए। विद्युत निगम के मुताबिक, लोनी स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया काशिफुल उलूम के लिए कनेक्शन नहीं लिया गया था। कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। यहां 16 बच्चे पढ़ रहे थे। चोरी की बिजली से इन बच्चों की जान भी खतरे में डाली जा रही थी। कनावानी स्थित मदरसा जामिया खुल्फा-ए-राशिदीन में पढ़ने वाले दो बच्चे 24 मई की दोपहर कनावनी पुश्ता मार्ग पर हिंडन नदी में मांस फेंकते पकड़े गए थे। मदरसा संचालक शमीम, एजाज और जुबैर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। मोदीनगर के गांव बेगामाबाद में जामा मस्जिद के पास शनिवार शाम उपजिलाधिकारी अजित सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम भारी पुलिस बल के साथ पहुंचीं। मस्जिद के आसपास बनीं 14 दुकानों के ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया। मुनादी कराई गई कि दो दिन में दुकानें खाली कर दें। साथ ही दुकानदारों पर 2.22 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। उपजिलाधिकरी अजित सिंह ने बताया कि ये दुकानें नगर पालिका की जमीन पर बनीं हैं।

### सभी के लिए सुलभ हो न्यायपालिका, सीजेआई बोले-लोकतंत्र में यही है जवाबदेही की अंतिम कड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि ऐसा न्यायालय जो केवल उन लोगों के अधिकारों की रक्षा करता है जो मुकदमेबाजी का खर्च उठाने में सक्षम हैं, वह अपने संवैधानिक कार्य को पूरा नहीं कर रहा है, बल्कि केवल उसकी औपचारिकता निभा रहा है। सीजेआई ने कहाकि न्यायपालिका को न केवल अधिकारों का संरक्षक होना चाहिए, बल्कि यह इतनी सुलभ होनी चाहिए कि उसका संरक्षण वास्तविक रूप से महसूस हो। जस्टिस सूर्यकांत शुक्रवार को 'क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन' में वाणिज्यिक विधि केंद्र द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। उन्होंने छात्रों के साथ व्यापक चर्चा की और छात्रों ने उनसे न्यायपालिका, न्याय तक पहुंच और कानूनी पेशे के भविष्य समेत विभिन्न मुद्दों पर कई सवाल पूछे।



# हिमाचल में खुला सरकारी नौकरियों का पिटारा, कैबिनेट बैठक में फैसला; स्वास्थ्य से शिक्षा तक बंपर भर्ती

**शिमला, एजेंसी।** शहरी निकाय और पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद शनिवार को हुई पहली कैबिनेट बैठक में हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने सरकारी नौकरियों का बड़ा पिटारा खोल दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और अन्य विभागों में कुल 1456 पदों को भरने का फैसला लिया गया। इसके साथ ही सरकार ने कर्मचारियों, किसानों, भूमिहीन परिवारों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कई अहम फैसलों को भी मंजूरी दी।

सबसे बड़ा फैसला विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने को लेकर रहा। कैबिनेट ने भर्ती निदेशालय के माध्यम से 400 वर्क इंस्पेक्टर पद भरने को मंजूरी दी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 300 मेडिकल ऑफिसर, 250 मल्टी टास्क वर्कर (क्लास-4) और 200 स्टाफ नर्सों की भर्ती का रास्ता साफ किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में 76 ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट, 36 रेडियोग्राफर और 50 लैब टेक्नीशियन ग्रेड-2 समेत 162 अन्य पद भरने का निर्णय लिया गया। राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में 75 सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति होगी। मंडी जिले के नेरचौक स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी विभाग के लिए दो सहायक प्रोफेसर और दो सीनियर रेजिडेंट पद भी भरे जाएंगे।

### इन पदों भी भर्ती

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में विभिन्न विभागों के 17 सहायक प्रोफेसरों की भर्ती को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) के तीन पद भरे जाएंगे। मंडी मंडलायुक्त कार्यालय में दो जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) पद सृजित कर भरे जाएंगे, जबकि होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में एक जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) और दिव्यांग वर्ग के लिए आरक्षित एक मल्टी टास्क वर्कर पद भरा जाएगा। कैबिनेट ने कांगड़ा जिले के देहरा सिविल अस्पताल में विभिन्न श्रेणियों के 12 पद और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय देहरा में तीन पद सृजित कर भरने को मंजूरी दी। हमीरपुर के नेरी स्थित कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री में भी तीन नए पद भरे जाएंगे। वहीं जुब्बल स्थित ठाकुर रामलाल गर्ल्स स्पोर्ट्स हॉस्टल को खेल विद्यालय में अपग्रेड करने के साथ 23 पदों के सृजन और भर्ती को मंजूरी दी गई।

**भूमिहीन परिवारों और छोटे किसानों को राहत, नियमित होंगे कब्जे:** रोजगार के अलावा कैबिनेट ने कई नीतिगत फैसले भी लिए। सरकार ने सरकारी भूमि पर वर्षों से रह रहे भूमिहीन परिवारों और छोटे किसानों को राहत देने के लिए 'सरकारी भूमि पर कुछ अतिक्रमणों के नियमितीकरण नीति-2026' को मंजूरी दी। यह नीति सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई है और केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजी गई है। किसानों को राहत देते हुए सरकार ने कृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना शुरू करने का फैसला लिया है। इसके तहत जिन किसानों की जमीन नीलामी के खतरे में है, उन्हें तीन लाख रुपये तक के कृषि ऋण पर 50 प्रतिशत ब्याज सरकार वहन करेगी। इससे राज्य के 6356 किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट ने पहले विभिन्न विभागों द्वारा खारिज किए गए करुणामूलक नियुक्ति के मामलों की एक बार फिर समीक्षा करने का भी फैसला लिया। पात्र और वास्तविक मामलों को आवश्यक छूट देकर दोबारा विचार के लिए लिया जाएगा। कर्मचारियों के लिए भी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अध्ययन अवकाश पर जाने वाले कर्मचारियों को अब पूरा वेतन मिलेगा। पहले अध्ययन अवकाश ले चुके कर्मचारियों को भी बकाया राशि का भुगतान किया जाएगा। 31 मार्च 2026 तक सात वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर चुके अंशकालिक कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी बनाया जाएगा। जॉब ट्रेनी को 15 दिन का पितृत्व अवकाश देने को भी मंजूरी दी गई।



**हिमकेयर में बढ़ेगा बीमा कवर:** स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार ने हिमकेयर योजना का दायरा बढ़ाने का फैसला किया। अब इसे बीमा मॉडल पर लागू किया जाएगा और पात्र परिवारों को पांच लाख रुपये के बजाय सात लाख और दस लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा।

**भांग की खेती का रास्ता साफ:** कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश एनडीपीएस नियम, 1989 में संशोधन को मंजूरी दी, जिससे चिकित्सा और वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए नियंत्रित तरीके से भांग की खेती, प्रसंस्करण, भंडारण और परिवहन का रास्ता खुलेगा। स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के चौथे चरण को भी मंजूरी दी गई। इसके तहत पात्र युवाओं को ई-बस खरीदने पर 50 प्रतिशत और डीजल बस खरीदने पर 30 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी ताकि स्वरोजगार को बढ़ावा मिल सके।

### 80 पोस्ट कोड भर्ती विज्ञापन वापस, लौटेगी 4.27 करोड़ फीस

सरकार ने हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी 80 पोस्ट कोड की भर्तियों के विज्ञापन वापस लेने और अभ्यर्थियों को 4.27 करोड़ रुपये परीक्षा शुल्क लौटाने का भी फैसला किया। मंत्रिमंडल ने शिमला जिले के जुब्बल, कोटखाई और रोहड़ू क्षेत्र में आग से प्रभावित 15 परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज को मंजूरी दी। पूरी तरह नष्ट हुए मकानों के लिए प्रत्येक परिवार को सात लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। कुल 84.70 लाख रुपये वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा चरागाह नीति-2026 को मंजूरी दी गई, जिसके तहत वन और पशुपालन विभाग संयुक्त पोर्टल विकसित करेंगे। खनिजों के घरेलू उपयोग के लिए परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालकों को राहत देते हुए कंपाउंडिंग शुल्क 4500 रुपये से घटाकर 500 रुपये कर दिया गया है। स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने, बद्दी सिविल अस्पताल को 200 बिस्तरों वाले अस्पताल में बदलने और सोलन के मंनपुरा में नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने का फैसला भी लिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### लपटों से नहीं, लापरवाही से जलता शहर, बार-बार दोहराता एक ही सच

ताजा मामला दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में लगी भीषण आग का है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले विवेक विहार में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस साल आग लगने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। इन हादसों से बार–बार महानगर के बुनियादी ढांचे, विद्युत प्रणालियों और सुरक्षा नियमों में खामियां सामने आती हैं।ताजा मामला दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में लगी भीषण आग का है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले विवेक विहार में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। इस तरह की घटनाओं ने अवैध निर्माण, प्रशासनिक ढिलाई और कानूनों की अवहेलना की बढ़ती परिपाटी के खतरनाक गठजोड़ को उजागर किया। अग्नि सुरक्षा तंत्र और प्रशासनिक ढांचा कागजों तक सीमित हैं।मालवीय नगर के जिस होटल में आग लगी, वहां सरकार ने छह कमरों की इजाजत दी थी और 25 कमरे चलाए जा रहे थे। नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा था। सवाल यह है कि कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियां क्या कर रही थीं?दिल्ली के शहरी विस्तार ने एक विरोधाभास पैदा कर दिया है। यहां प्रशासन विकेंद्रित है। कई एजेंसियों–दिल्ली दमकल सेवा, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, राज्य सरकार आदि–के बीच कामकाज बंटा हुआ है। जब कोई हादसा होता है, तो एक विभाग दूसरे पर आरोप मढ़ कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। प्रशासनिक गतिरोध के कारण जवाबदेही शून्य हो जाती है।संकरी गलियां, अनधिकृत निर्माण, एक ही प्रवेश एवं निकास द्वार, और अग्नि अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना काम चलाना आम बात है। सख्त कानूनों के बावजूद, जमीनी स्तर पर भवन निर्माताओं और अवैध संचालकों में नियमों के पालन का कोई डर नहीं है। कई इमारतें और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, जो अवैध होती हैं, उनमें अक्सर अग्नि सुरक्षा नियम का ध्यान नहीं रखा जाता। अग्नि सुरक्षा को दरकिनार किया जाना भी गंभीर चिंता का विषय है। इस तरह के हादसे प्रशासनिक और नागरिक लापरवाही का जीता–जागता प्रमाण है। सवाल उठता है कि अनियोजित विस्तार की अंधी दौड़ में जान–माल से समझौता कब तक होता रहेगा?नगर निकायों से संबंधित नियम शहरी सुरक्षा की रीढ़ होते हैं। आपातकालीन निकास, विद्युत भार क्षमता, निर्धारित दूरी और अग्नि सुरक्षा मार्गों और भवन निर्माण से संबंधित मानदंड दशकों के अनुभव के आधार पर तैयार किए गए हैं। इनका उल्लंघन इमारतों को मौत के जाल में बदल देता है। सुविधा, प्रतिष्ठा या लाभ की लालसा में कानूनों को दरकिनार करने की प्रवृत्ति हादसों को निमंत्रण देती है।कायदे से नियमों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। इन्हें ताक पर रखकर इमारत बनाने वालों और रिश्वत लेकर उन्हें मंजूरी देने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। नगर निकायों को नियमों के अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाना चाहिए।शहरी आवास के बदलते स्वरूप भी चिंताजनक हैं। शहर आधुनिक विलासिता तो चाहता है, लेकिन अक्सर सुरक्षित जीवन के मूलभूत सिद्धांतों की उपेक्षा करता है। एक आधुनिक शहर वह नहीं है, जिसमें ऊंची इमारतें, विलासिता, अनाप–शनाप कमाई हो, बल्कि वह है जहां मानव जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

*यदि खेती संकट में पड़ेगी, तो शहर भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। भोजन की हर थाली खेतों से होकर गुजरती है और खेतों का भविष्य अब जलवायु परिवर्तन की आग में झुलस रहा है। यह समय केवल चिंतन का नहीं, बल्कि सामूहिक संकल्प का है। यदि आज भी दुनिया ने जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं लिया, तो आने वाले वर्षों में सूखी धरती और खाली खेत कठोर वास्तविकता बन सकते हैं।*

## सिर्फ पर्यावरण का मुद्दा नहीं, हमारी अर्थव्यवस्था और आजीविका का सवाल है गर्मी

**(नृपेंद्र अभिषेक नृप )**

भारत में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कभी मार्च-अप्रैल तक सुहावना रहने वाला मौसम अब फरवरी के अंत से ही गर्म होने लगता है। कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। धरती जब सूरज के ताप से झुलसने लगे, तब केवल मौसम नहीं बदलता, जीवन का पूरा संतुलन डगमगाने लगता है। कभी जेठ की दोपहर ऋतु का स्वाभाविक स्वभाव मानी जाती थी, मगर आज वही तपती दोपहर भीषण गर्मी का पर्याय बनती जा रही है। खेतों की नमी सूख रही है, नदियों का जल सिकुड़ रहा है, पेड़ों की हरियाली पीली पड़ती जा रही है और किसानों के चेहरे पर भविष्य की चिंता की गहरी रेखाएं उभर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्ट ने जिस खतरे की ओर दुनिया का ध्यान खींचा है, वह केवल तापमान बढ़ने की खबर नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता के सबसे महत्त्वपूर्ण आधार–कृषि और खाद्य सुरक्षा–पर मंडराता संकट है। लू चलना अब एक मौसमी घटना नहीं रही, बल्कि वह धीरे-धीरे समाज, रोजगार और मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह संकट अधिक चिंताजनक है। यहां करोड़ों लोगों की आजीविका खेती पर निर्भर है। खेत केवल अन्न नहीं उगाते, वे गांवों की अर्थव्यवस्था, परिवारों की उम्मीदें और समाज की स्थिरता को भी जीवित रखते हैं। जब तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर पहुंच जाता है और लू के थपेड़े लगातार कई दिनों तक चलते हैं, तब सबसे पहले खेत प्रभावित होते हैं। मिट्टी की नमी समाप्त होने लगती है, फसलों का विकास रुक जाता है और उत्पादन में भारी गिरावट आने लगती है। विशेष रूप से धान जैसी फसलें अत्यधिक तापमान के प्रति बेहद संवेदनशील होती हैं। यही कारण है कि भारत में धान की पैदावार पर बड़े खतरे की आशंका जताई गई है। भारत में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कभी मार्च-अप्रैल तक सुहावना रहने वाला मौसम अब फरवरी के अंत से ही गर्म होने लगता है। कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में लू की तीव्रता हर वर्ष बढ़ रही है। इसका सबसे गहरा असर खेती पर पड़ रहा है। गेहूं की फसल समय से पहले पकने लगती है, दाने का आकार छोटा हो जाता है और उत्पादन घट जाता है। धान की खेती में पानी की आवश्यकता अधिक होती है, लेकिन बढ़ती गर्मी और बारिश कम होने के कारण जल संकट गहराता जा रहा है। जब खेतों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता, तब किसानों की पूरी मेहनत कुछ ही दिनों में बर्बाद हो जाती है। पहले किसान मौसम के संकेतों को देख कर खेती की योजना बना लेते थे, लेकिन अब मौसम की अनिश्चितता ने अनुभव और परंपरा दोनों को चुनौती दे दी है। यही कारण है कि खेती धीरे-धीरे जोखिम भरा व्यवसाय बनती जा रही है। अत्यधिक गर्मी के कारण दुनिया भर में करोड़ों कार्य घंटे प्रभावित हो रहे हैं। भारत में यह स्थिति और गंभीर है, क्योंकि यहां बड़ी आबादी खुले वातावरण में काम करती है। खेतों, निर्माण स्थलों और फैक्टरियों में काम करने वाले श्रमिक सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। जब गर्मी असहनीय हो जाती है, तब काम के घंटे घट जाते हैं और मजदूरी पर इसका असर पड़ता है। फिर इसका सीधा प्रभाव गरीब परिवारों की आय पर पड़ता है। गांवों की अर्थव्यवस्था में कृषि केवल उत्पादन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक स्थिरता का आधार भी है। यदि खेती लगातार नुकसान देने लगेगी, तो ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और पलायन बढ़ेगा। किसान शहरों की ओर रोजगार की तलाश में जाएंगे, जिससे शहरी क्षेत्रों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा। पहले ही महानगर भीड़, प्रदूषण और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। ग्रामीण भारत में खेती के साथ-साथ पशुपालन आजीविका का महत्त्वपूर्ण साधन है- पशुपालन पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण भारत में खेती के साथ-साथ पशुपालन आजीविका का महत्त्वपूर्ण साधन है। अत्यधिक गर्मी के कारण पशुओं में दूध उत्पादन की क्षमता कम हो जाती है। चारे और पानी की कमी से उनकी सेहत पर भी असर पड़ता है। मुर्गी पालन उद्योग भी तापमान बढ़ने से प्रभावित हो रहा है। गर्मी बढ़ने पर पक्षियों की मृत्यु दर बढ़ जाती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। फलों और सब्जियों की खेती भी इस संकट से अछूती नहीं है। अधिक तापमान के कारण फल समय से पहले पक जाते हैं और उनकी गुणवत्ता खराब हो जाती है। सब्जियों की पैदावार घटने से बाजार में कीमतें बढ़ती हैं और महंगाई आम लोगों की रसोई तक पहुंच जाती है। भारत में चावल उत्पादन पर मंडराता खतरा भी चिंता का विषय है। चावल केवल एक फसल नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के भोजन का आधार है। पूर्वी भारत सबसे बड़ा धान उत्पादक क्षेत्र है। यदि यहां तापमान लगातार बढ़ता रहा और पानी की उपलब्धता घटती गई, तो उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है। यह स्थिति केवल किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश की खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती होगी। खाद्यान्न की कमी से कीमतें बढ़ेंगी, तो गरीब तबके पर बोझ बढ़ेगा और सामाजिक असमानता और गहरी हो सकती है। इस संकट का सबसे दुखद पक्ष यह है कि इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार लोग ही सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। गांवों के गरीब किसान, खेतिहर मजदूर और छोटे उत्पादक पर्यावरण को सबसे कम नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन की सबसे बड़ी कीमत वही चुका रहे हैं। दूसरी ओर, दुनिया के विकसित देशों ने दशकों तक औद्योगिक विकास के नाम पर भारी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन किया। आज जब पृथ्वी गर्म हो रही है, तब उसका दुष्परिणाम विकासशील देशों को भुगतना पड़ रहा है। इसलिए जलवायु न्याय की चर्चा भी अब वैश्विक मंचों पर तेज हो रही है। कृषि नीति में अब हमें व्यापक बदलाव करने होंगे। किसानों को मौसम की सटीक जानकारी, फसल बीमा और तकनीकी सहायता उपलब्ध करानी होगी। सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई प्रणाली और प्राकृतिक खेती जैसे विकल्प भविष्य के लिए महत्त्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाने, पेड़ लगाने और प्रदूषण कम करने की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे। केवल सरकारी योजनाएं पर्याप्त नहीं होंगी, बल्कि समाज को भी अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। अत्यधिक उपभोग, संसाधनों की बर्बादी और प्रकृति के प्रति असंवेदनशीलता ने ही इस संकट को जन्म दिया है। यदि मनुष्य प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर नहीं चलेगा, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और कठिन हो जाएगा। हमें यह समझना होगा कि धरती केवल संसाधनों का भंडार नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। खेतों की हरियाली केवल किसानों की नहीं, पूरे समाज के लिए जीवन है।

## ताकि अलनीनो का कम पड़े दुष्प्रभाव

**(उमेश चतुर्वेदी)**

वर्षा की कमी के कारण भूजल का पुनर्भरण यानी रिचार्ज कम होता है, जिससे भूजल स्तर और नीचे चला जाता है। वैसे भी उत्तर भारत के कई हिस्सों में पहले से ही भूजल स्तर काफ़ी नीचे चला गया है। इसलिए सूखे की स्थिति विशेषकर उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के लिए बहुत खतरनाक है। साल 2026 में प्रशांत महासागर में सक्रिय अल नीनो का साया भारत के कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने संशोधित पूर्वानुमान के अनुसार, इस वर्ष मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। नए पूर्वानुमान के अनुसार, इस साल औसत से करीब दस फ़ीसद कम बारिश होने की आशंका है। भारत में, जहाँ कृषि अभी- भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है, उसके लिए मानसूनी बारिश की कमी और भीषण सूखा एक तरह से विपत्ति का ही द्योतक है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सिंचाई का भी प्रबंधन किया जाए। भारत की करीब साठ प्रतिशत अब भी सीधे तौर पर खेती-किसानी पर निर्भर है। सूखे की मार की वजह से इस बड़ी आबादी के सामने सहज तरीके से रोजी-रोटी का संकट उठ खड़ा होगा। इससे बचाव के लिए जरूरी होगा कि सिंचाई के ऐसे साधनों और तकनीक को अपनाया जाए, जिनके ज़रिए पानी को बचाया जा सके और तुलनात्मक रूप से ज़्यादा पैदावार ली जा सके। अल नीनो का दूसरा अर्थ है, कम वर्षा और भीषण सूखा। इस परिस्थिति में भारत में सिंचाई साधनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है, जिनसे न केवल फसलों का बचाव हो सके, बल्कि खाद्य सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जा सके। जहाँ तक भारत में सिंचाई व्यवस्था की बात है, तो मुख्य रूप से यह भूजल और सतही जल यानी नहरों और तालाबों पर आधारित है। चूँकि इस साल अल नीनो के कारण कम बारिश होने की आशंका है, इसलिए इन साधनों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। वर्षा की कमी के कारण भूजल का पुनर्भरण यानी रिचार्ज कम होता है, जिससे भूजल स्तर और नीचे चला जाता है। वैसे भी उत्तर भारत के कई हिस्सों में पहले से ही भूजल स्तर काफ़ी नीचे चला गया है। इसलिए सूखे की स्थिति विशेषकर उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के लिए बहुत खतरनाक है। अल नीनो के चलते इस साल वर्षों पहले बने बांधों और जलाशयों में पानी का भंडारण सामान्य से कम होने की आशंका है। इस पानी का इस्तेमाल ज्यादातर रबी फसलों के लिए होता है। जब पानी कम होगा तो रबी फसलों की सिंचाई के लिए कम उपलब्ध होगा। अल नीनो के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों के सूखे की चपेट में आना स्वाभाविक है। इसकी वजह से पैदावार पर बुरा असर पड़ना तय है। इससे फसलों की बुवाई में देरी हो सकती है और फसलों की बुआई के लिए अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए भूजल की आवश्यकता होगी और उसे चूँकि ट्यूबवेल से निकाला जाएगा, लिहाजा बिजली की माँग बढ़ेगी। इसके लिए सिंचाई के दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी हो जाता है कि किसानों को कम पानी की जरूरत वाली फसलों, जैसे बाजरा, मूँग, अरहर, मक्का आदि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसे कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपाय को अपनाने की बात भी की है। सरकार की ओर से इस संबंध में किसानों को तैयार भी किया जा रहा है। इसके तहत मिट्टी की नमी बनाए रखने के लिए पौधों की जड़ों के आसपास सूखी पत्तियों या प्लास्टिक की शीट की परत बिछाने का सुझाव दिया जा रहा है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

### वर्ग पहेली 6115

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | 20 | | 21 | | ■ | 22 |
| 23 | | | ■ | 24 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1949 को इस राज्य को भारत में शामिल किया गया (3)
4. हरियाणा के प्रमुख राजनीतिज्ञ जो भारत के उपप्रधानमंत्री रहें (4)
7. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक, शत्रुघ्न सिन्हा द्वारा निर्मित फ्लॉप फिल्म (3)
8. यदि ऐसा न होगा तो (3)
9. निगोड़ा, नाकारा (2)
11.एक बार सांस लेने का समय (2)
13. मथुरा से करीब 20 किमी दूर स्थित वृंदावन का एक गांव जहां नंद रहते थे (4)
15. उत्तरप्रदेश के इस शहर का नाम परिवर्तित कर प्रयागराज कर दिया गया है (5)
17. पैना किनारा, राजा भोज की नगरी (2)
18. जीव-जंतुओं के शरीर के त्वचा में से निकले सूक्ष्म तंतु (2)
19. यह बतौर नायिका पूनम ढिल्लों की पहली फिल्म थी (2)
20. हिलने-डुलने की क्रिया, गति (4)
23. पति-पत्नी का कानूनी रूप से संबंध विच्छेद (2)
24. सूर्यपुत्र कर्ण को यह भी कहते थे (4)

**ऊपर से नीचे**
1. तीनों काल (भूत, वर्तमान, भविष्य)(3)
2. इसे अंग्रेजी में ब्रिज कहते है (2)
3. पूर्णिमा की रात यह भी कहलाती है (2)
4. फिल्म इंडस्ट्री में मठाधीश अभिनेता जिनका निधन 3 दिसंबर 11 को हुआ था (5)
5. बहादुर, योद्धा, शूर (2)
6. ले आना, उपस्थित करना (2)
10. क्रोधपूर्ण दृष्टि, क्रोध सूचक भ्रूभंग (3)
11. मध्यस्थ, ब्रोकर (3)
12. बहुत बड़ा, महान, सर्वश्रेष्ठ (2)
14. पुराणानुसार यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी (3)
15. उपासना, आराना, पूजा (उर्दू)(4)
16. यह भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक था (3)
19. नया, नवीन, नव (3)
20.अधिकार, इख्तियार (2)
21. किस समय, किस वक्त (2)
22. वीर, बहादुर, योद्धा (2)

### वर्ग पहेली 6114 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | त | र | ■ | का | न | पु | र |
| ल | ह | क | ना | ■ | ग | जा | ■ |
| आ | ■ | मी | ना | कु | मा | री | ■ |
| ज | ल | ■ | ना | ल | ■ | ■ | सा |
| औ | ला | द | ■ | प | खा | व | ज |
| र | ट | ना | ■ | ति | ल | क | ■ |
| क | ■ | द | स्ता | ■ | ■ | अ | ब |
| ल | गा | न | ■ | स | म | त | ल |

## आज का राशिफल

### मेष
दिन की शुरुआत में अपने आर्थिक लक्ष्यों पर पूरा ध्यान दें। बजट बनाना और बचत को देखना आज आपके लिए अच्छा है। आपको भविष्य की कमाई के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करेगा। करियर में बड़ी जिम्मेदारियां लेने के लिए आप उत्साहित रहेंगे। शाम का समय काम के दबाव को कम करने और करियर को बड़े नजरिए से देखने का है।

### वृष
आज जेब पर थोड़ा काबू रखें और फालतू शॉपिंग से बचें। मंगल की कृपा से बड़े फैसले लेने का भरोसा आज आपमें रहेगा। करियर में आपका दबदबा कायम रहेगा, बस सुबह जरूरी काम निपटा लें। शाम को दोस्तों से कोई बढ़िया खबर मिल सकती है। अगर आप निवेश का सोच रहे हैं, तो सोच-समझकर ही कदम उठाएं। ऑफिस में सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

### मिथुन
आज प्रॉपर्टी या घर की चीजों पर ध्यान रहेगा। थोड़ा खर्च हो सकता है, पर आप आर्थिक सुरक्षा का रास्ता निकाल लेंगे। ऑफिस में लोगों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। सुबह मेहनत से काम निपटाएं। शाम को हड़बड़ी न करें, बल्कि शांति से आगे की रणनीति बनाएं।

### तुला
आज बिजनेस और बातचीत के नए आइडिया मुनाफा देंगे। अगर कहीं पैसा फंसा है, तो मिलने के आसार हैं। बातचीत आज आपकी सबसे बड़ी ताकत है। मीटिंग्स और इंटरव्यू आज आपके पक्ष में रहेंगे। कुछ नया सीखने का मौका न छोड़ें। आप अपनी स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए किसी छोटे कोर्स पर गौर कर सकते हैं।

### वृश्चिक
आज बचत पर ध्यान दें और किसी को उधार देने से बचें। काम का दबाव बढ़ेगा, पर आप अपनी सहजता से सब संभाल लेंगे। शाम को आने वाले कल के लिए नया प्रोजेक्ट प्लान करना बहुत अच्छा रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी और सीनियर्स आपकी तारीफ करेंगे। अगर किसी के साथ साझेदारी में काम कर रहे हैं, तो पारदर्शिता रखना सबसे ज्यादा जरूरी है।

### धनु
आज आर्थिक रूप से सब ठीक है। सेहत या कुछ नया सीखने पर पैसा खर्च करना फायदेमंद रहेगा। करियर में बुध आपकी सोच को और साफ कर रहे हैं। फाइलें और प्लानिंग जैसे काम आज बहुत अच्छे से पूरे होंगे। शाम होते-होते ऑफिस के बदलते हालातों के साथ तालमेल बिठाना आपके लिए आसान हो जाएगा।

### कर्क
आज आपको पैसों के मामले में अनुशासन सिखा रहे हैं। फालतू खर्चे न करें। जल्दी पैसे कमाने के चक्कर में न पड़ें, धैर्य ही जीत दिलाएगा। करियर में तरक्की आपकी निरंतरता से मिलेगी। टीम के साथ काम करना आज ज्यादा फलदायी रहेगा। दिन का पहला हिस्सा टीम वर्क का है, जबकि शाम को थोड़ा शांत रहकर आने वाले कल की प्लानिंग करना सबसे अच्छा रहेगा।

### सिंह
आज आर्थिक लक्ष्यों को लेकर थोड़े गंभीर हो जाएंगे। कमाई के नए रास्ते मिल सकते हैं, बस किसी के कहने पर तुरंत निवेश न करें, पहले खुद परख लें। करियर में दिन का पहला हिस्सा तैयारी के लिए अच्छा है। जैसे ही शाम को चंद्रमा आपकी राशि में आएंगे, आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। दोस्तों और सहकर्मियों से मदद मिलेगी और करियर के नए रास्ते खुलेंगे।

### कन्या
पैसों को लेकर आज धैर्य रखें। जोखिम भरे कामों या सट्टे से दूर रहें। जो पुरानी योजनाएं हैं, उन्हें ही चलने दें। जरूरत पड़े तो घर के किसी बड़े की सलाह ले लें। काम के शुरुआती दबाव को अपनी लगन से संभाल लें। शाम होते-होते पार्टनर या क्लाइंट्स से आपको काफी मदद मिलेगी। आज अकेले काम करने के बजाय टीम के साथ तालमेल बिठाकर चलना ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

### मकर
पैसों को लेकर आज सावधानी बरतें। हिसाब-किताब साफ रखें और बकाया चुकाने पर ध्यान दें। प्रॉपर्टी के मामले आगे बढ़ सकते हैं। भावनाओं में बहकर शाम को फालतू खर्च न करें। करियर में आज एकाग्रता और धैर्य की जरूरत है। मुश्किलों को आप अपनी समझदारी से सुलझा लेंगे। शाम को काम की जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा हो सकती है, इसलिए बदलाव के लिए तैयार रहें।

### कुंभ
आज सोच-समझकर आर्थिक फैसले लेने का दिन है। अपनी पढ़ाई या काम को बढ़ाने में किया गया निवेश अच्छा फल देगा। बिना जानकारी के कोई रिस्क न लें। काम के दौरान आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। बातचीत से जुड़े काम आसानी से निपटेंगे। शाम को नेटवर्किंग से कोई नया आइडिया मिल सकता है। जो लोग टीचिंग, मार्केटिंग या सेल्स में हैं, आज उनका प्रदर्शन शानदार रहेगा।

### मीन
पार्टनरशिप या किसी क्रिएटिव काम से पैसे आने के योग हैं। नए कामों में सारा पैसा न लगाएं, बजट को प्रैक्टिकल रखें। अटके हुए पैसों को लेकर कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। सुबह का समय जरूरी काम पूरे करने का है। शाम होते ही आपकी रचनात्मकता बढ़ेगी। अगर आप मीडिया, डिजाइनिंग या कंसल्टिंग में हैं, तो आज आपको नई पहचान मिल सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# भारतीय महिला टीम ने 4×100 मीटर रिले रेस में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारत की महिला 4×100 मीटर रिले टीम ने न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर श्रेणी की एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। श्राबनी नंदा, एस.एस. स्नेहा, सुदेशना शिवंकर और तमन्ना की चौकड़ी ने ताइवान के बानकियाओ स्टेडियम में शानदार 44.07 सेकेंड का समय निकालकर पोडियम पर टॉप किया। इस दौरान, भारतीय टीम ने पिछला मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया और वियतनाम पर 0.31 सेकेंड के आसान अंतर से जीत हासिल की। वियतनाम दूसरे स्थान पर रहा।



रिले में जीत के अलावा, भारत को फील्ड इवेंट्स में भी सफलता मिली जिसमें शैली सिंह ने महिलाओं की लंबी कूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। शैली ने 6.24 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया और अपने प्रतियोगी से आगे रहीं। उन्होंने मीट में भारत को मेडल टैली में एक और गोल्ड जोड़ा।

**तेजस राष्ट्रमंडल खेलों के लिए नहीं कर पाए क्वालिफाई** – भारत के तेजस शिरसे ने भी ट्रैक पर प्रभावित किया और मेन्स 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। कड़े मुकाबले के बीच तेजस ने बेहतरीन दौड़ लगाई और दूसरे स्थान पर रहे। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने बाधा दौड़ स्पर्धा में अपनी लगातार प्रगति को भी जारी रखा। तेजस ने पहले नेशनल चैंपियनशिप में भी गोल्ड जीता था। उनका गोल्ड जीतने का टाइम 13.50 सेकेंड था। उन्होंने 13.61 सेकेंड के अपने ही मीट रिकॉर्ड में सुधार किया, लेकिन वह कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) के लिए क्वालिफाई करने से चूक गए, क्योंकि इसके लिए निर्धारित क्वालिफिकेशन समय 13.39 सेकेंड था।

# विश्व कप से पहले अर्जेंटीना टीम की मुश्किलें बढ़ी, मैत्री मैच में नहीं खेल सके चोटिल मेसी

**नई दिल्ली।** विश्व कप फुटबॉल शुरू होने में जब केवल तीन दिन का समय बचा है तब स्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी की फिटनेस अर्जेंटीना के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण होंडुरास के खिलाफ अर्जेंटीना के मैत्री मैच में नहीं खेले जिससे यह सुनिश्चित नहीं है कि वह विश्व कप में अपनी टीम के पहले मैच तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं।



तीन सप्ताह में 39 वर्ष के होने वाले मेसी ने मैच से पहले अपने साथियों के साथ अभ्यास किया, लेकिन अर्जेंटीना की 2-0 से जीत के दौरान वह बेंच पर ही बैठे रहे। टीम ने कहा है कि मेसी कब तक फिट हो पाएंगे यह उनकी शारीरिक और कार्यात्मक प्रगति पर निर्भर करेगा। अर्जेंटीना विश्व कप से पहले अपना अंतिम अभ्यास मैच मंगलवार को ऑबर्न, अलबामा में आइसलैंड के खिलाफ खेलेगा।अर्जेंटीना 16 जून को एरोहेड स्टेडियम में अल्जीरिया के खिलाफ विश्व कप खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शुरुआत करेगा। माना जा रहा है कि मेसी विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे। उनके नाम पर विश्व कप में सर्वाधिक 26 मैच खेलने का रिकॉर्ड है। उन्हें विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने के जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोस के 16 गोल के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए केवल चार गोल की जरूरत है।

# भारत ने छठी बार जीता खिताब, फाइनल में बांग्लादेश को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में भारत ने मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती। सात वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भारत ने एक बार फिर दक्षिण एशिया की चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। भारत की ओर से प्यारी जाक्सा (42वां मिनट), सैनफिदा नोंगरुम (46वां मिनट) और लिंडा कोम सेर्टो (82वां मिनट) ने गोल किए। वहीं, बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल रितु पोरना चकमा ने दागा।

### पहले हाफ में बराबरी पर पहुंचा बांग्लादेश

मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार आक्रमण किए। कई मौकों के बाद 42वें मिनट में प्यारी ज़ाक्सा ने शानदार गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, पहले हाफ के अतिरिक्त समय में बांग्लादेश की रितु पोरना चकमा ने बेहतरीन गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। यह पूरे टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ हुआ पहला गोल था।

### दूसरे हाफ में भारत का दबदबा

दूसरे हाफ की शुरुआत होते ही भारत ने फिर बढ़त हासिल कर ली। 46वें मिनट में प्यारी जाक्सा के शानदार क्रॉस पर सैनफिदा नोंगरुम ने हेडर के जरिए गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया।



## अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा सर्वोच्च स्कोर

# 2023 के बाद भारत ने घरेलू टेस्ट मैच में बनाए 550+ रन

**मुल्लांपुर।** भारतीय टीम ने कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के शतकों की मदद से अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत ने मुल्लांपुर में खेले जा रहे इस मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। भारत के लिए इस मैच में कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक जड़े। वहीं, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर ने अर्धशतकीय पारी खेली।

### अफगानिस्तान की पारी लड़खड़ाई 5 विकेट 113 रन

अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम पूरी तरह हावी हो गई है। उसने पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। अफगानिस्तान ने 5 विकेट पर 113 रन बना लिए हैं। रहमत शाह और अफसर जजई क्रीज पर हैं।प्रसिद्ध कृष्णा ने हश्मतुल्लाह शाहिदी (20) और सेदीकुल्लाह अटल (17) को आउट किया। वहीं, मानव सुथार ने रहमानुल्लाह गुरबाज (12) को स्लिप में साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। इससे पहले उन्होंने अपने डेब्यू मैच के पहले ही ओवर में अब्दुल मलिक को कैच आउट कराया।

### घरेलू पिच पर किया दमदार प्रदर्शन

अफगानिस्तान के खिलाफ यह टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में भारत को मजबूत टीमों का सामना करना है। यही कारण है कि भारत के लिए यह मैच काफी अहम है। भारत पिछले कुछ समय से घरेलू मैदान पर भी टेस्ट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था। लेकिन इस मैच में बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने 2023 के बाद पहली बार टेस्ट में घरेलू मैदान पर 550 रनों का आंकड़ा पार किया। इससे पहले टीम ने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए मैच में 571 रन बनाए थे।

### अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी

इससे पहले, शुभमन गिल और ऋषभ पंत की जोड़ी ने टेस्ट के दूसरे दिन 169 रनों की साझेदारी निभाते हुए इतिहास रच दिया। पंत और गिल द्वारा की गई ये साझेदारी अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से की गई किसी भी विकेट के लिए हुई सबसे बड़ी साझेदारी है। टेस्ट के दूसरे दिन गिल और पंत ने मिलकर 48 रन और जोड़े। भारतीय कप्तान 177 गेंदों का सामना करने के बाद 126 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में गिल ने 15 चौके और एक छक्का लगाया। टेस्ट के पहले दिन भी भारतीय बल्लेबाजों का जलवा रहा। टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। यशस्वी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और वह 24 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद राहुल को साई सुदर्शन के रूप में बढ़िया जोड़ीदार मिला। राहुल–सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 184 गेंदों में 139 रनों की अहम साझेदारी निभाई। सुदर्शन ने 104 गेंदों का सामना करते हुए 81 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में सुदर्शन ने 13 चौके लगाए। वहीं, राहुल ने अपने टेस्ट करियर का 11वां शतक लगाया और 165 गेंदों में 100 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजी क्रम के आगे अफगानिस्तान के गेंदबाज पूरी तरह से बेबस दिखाई दिए।

**सलीम सैफी ने किया प्रभावित–** अफगानिस्तान के लिए इस मैच में सबसे सफल गेंदबाज मोहम्मद सलीम सैफी रहे। सलीम ने इस मैच में 140 रन लुटाकर छह विकेट लिए। वह टेस्ट में फाइव विकेट हॉल पूरे करने वाले अफगानिस्तान के तीसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले जियाउर रहमान और निजात मसूद ऐसा कर चुके हैं।

# वेस्टइंडीज-श्रीलंका दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द

### टॉस के बाद एक भी बॉल नहीं डली, सीरीज 1-1 की बराबरी पर आई

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** श्रीलंका के वेस्टइंडीज दौरे का दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। किंग्स्टन के सबीना पार्क स्टेडियम में शनिवार रात को टॉस के बाद एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। काफी देर इंतजार के बाद अंपायर्स ने मैच रद्द कर दिया। बारिश के कारण टॉस निर्धारित समय से 30 मिनट देरी से हुआ था। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था, लेकिन इसके बाद खेल नहीं हो सका।




**विंडीज के लिए तीसरा मैच करो या मरो जैसा** – पहला वनडे हार चुकी वेस्टइंडीज के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा था। मैच रद्द होने के साथ ही उसकी सीरीज जीतने की संभावना समाप्त हो गई।मेजबान टीम सोमवार को तीसरा और अंतिम वनडे जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर कर सकती है। वेस्टइंडीज के लिए आखिरी मैच वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन के लिहाज से भी अहम होगा। वनडे रैंकिंग में सुधार टीम की वर्ल्ड कप राह आसान कर सकता है।

**शाई होप को स्पेशल जर्सी दी गई** – इस बीच कप्तान शाई होप ने अपने करियर का 150वां वनडे खेलने की उपलब्धि हासिल की। उन्हें मैच से पहले विशेष जर्सी देकर सम्मानित किया गया, लेकिन बारिश के कारण उनका यह यादगार दिन मैदान पर अधूरा रह गया।

# फ्रेंच ओपन: 19 साल की मीरा आंद्रीवा बनीं चैंपियन

### 1992 के बाद हासिल की ये बड़ी उपलब्धि

**पेरिस (एजेंसी)।** रुसी महिला खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा ने फ्रेंच ओपन 2026 का टाइटल जीतकर इतिहास रच दिया है. उन्होंने सिर्फ 19 साल की उम्र में ही ये बड़ा टाइटल अपने नाम किया है. जिसके साथ वो 1992 के बाद पेरिस में सबसे कम उम्र की चैंपियन बनने का रिकॉर्ड बनाया। शनिवार को पेरिस के स्टेड रोलैंड-गैरॉस में खेले गए महिला सिंगल्स फाइनल में मीरा आंद्रीवा ने पोलैंड की माजा चवालिनस्का को 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस जीत के साथ, मीरा आंद्रीवा 1992 में मोनिका सेलेस के बाद पेरिस में सबसे कम उम्र की महिला सिंगल्स चैंपियन बन गई. यह जीत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आंद्रीवा की तेजी से बढ़ती सफलता में एक और अहम पड़ाव है। एक घंटे 22 मिनट में जीत पक्की करने के बाद, भावुक आंद्रीवा जश्न में कोर्ट पर गिर पड़ीं और फिर अपनी कोच कोंचिता मार्टिनेज को गले लगाया. पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 और 1994 की विंबलडन चैंपियन मार्टिनेज ने आंद्रीवा के खेल को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान आंद्रीवा ने कहा, 'मैं बहुत छोटी उम्र से ही टीवी पर रोलैंड-गैरॉस देखती आ रही हूं. इस टूर्नामेंट को जीतना हमेशा से मेरा सपना रहा है, और सच कहूं तो मुझे यकीन ही नहीं हो रहा है कि अभी मेरे हाथों में यह ट्रॉफी है।' रोलैंड-गैरॉस में इस युवा खिलाड़ी का सफर शानदार रहा है. वह पहली बार 2023 में क्वालिफीइंग राउंड से गुजरकर मेन ड्रॉ में पहुंची थीं और सेमीफाइनल तक का शानदार सफर तय करके अपनी पहचान बनाई थी. दो साल बाद, वह इस मशहूर क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में लौटीं और आखिरकार प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया।








**दूसरी सबसे कम उम्र की चैंपियन** – इस जीत के साथ एंड्रीवा 2020 में इगा स्वियातेक के बाद फ्रेंच ओपन महिला एकल जीतने वाली टीनएज खिलाड़ी बन गईं। वह 1992 में मोनिका सेलेस के बाद फ्रेंच ओपन में सबसे कम उम्र की महिला चैंपियन भी हैं।

**च्वालिंस्का लगातार 9 मैच जीतकर फाइनल पहुंची थीं** – फाइनल में हार के बावजूद च्वालिंस्का का अभियान यादगार रहा। वर्ल्ड रैंकिंग में 114वें स्थान पर मौजूद पोलिश खिलाड़ी क्वालिफायर के रूप में टूर्नामेंट में उतरी थीं और लगातार नौ जीत दर्ज कर फाइनल तक पहुंची थीं। उन्होंने वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका को भी हराकर बाहर किया था।



# वैभव सूर्यवंशी बोले- मैं वर्ल्ड क्रिकेट को डोमिनेट करूंगा

### ● मुझे रेड बॉल खेलना पसंद, कोहली का कंधे पर हाथ रखना सपने जैसा था

**पटना (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी के भारतीय क्रिकेट टीम में चुने जाने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने सोशल मीडिया पर उनका एक इंटरव्यू शेयर किया है। इसमें वैभव ने कहा कि मुझे सिर्फ अच्छा नहीं खेलना है, बल्कि अगले 10-20 साल तक डोमिनेट करना है। वैभव ने कहा कि मेरा सपना क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में खेलना है। राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर के साथ इंटरव्यू में उन्होंने आईपीएल 2026 के फाइनल का भी जिक्र किया और कहा, जब विराट कोहली ने मेरे कंधे पर हाथ रखा तो मुझे ये किसी सपने की तरह लगा। 15 साल वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स टीम के लिए चुना गया है। राजस्थान रॉयल्स की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो में रोमी भिंडर ने वैभव सूर्यवंशी से पूछा- आईपीएल 2026 की जर्नी को किस तरह देखते हैं? इस पर वैभव ने कहा, आईपीएल का टूर्नामेंट दो से ढाई महीने तक चलता है। इसमें मेंटली और फिजिकली मजबूत रहना पड़ता है। हर मैच के बाद हम टीम में बैठकर चर्चा करते थे कि क्या कमी रह गई। कौन-सी गलती हुई और उसे दोबारा कैसे नहीं दोहराना है। इससे काफी फायदा हुआ, क्योंकि आपस में बातचीत करने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

**ऑरेंज कैप छूने का शौक था, आज पहन रहा हूं** – रोमी भिंडर ने एक पुराना किस्सा याद दिलाते हुए कहा- वैभव जब पहली बार आपको ऑरेंज कैप मिली थी, तब आप हनुमान मंदिर गए थे और कहा था कि ऑरेंज कैप के बारे में नहीं सोचेंगे, वरना नजर लग जाएगी।

इस पर वैभव ने मुस्कुराते हुए कहा, जब मैं आईपीएल में किसी खिलाड़ी के सिर पर ऑरेंज कैप देखता था, तो सोचता था कि एक बार इसे छूकर देखूं। आज खुद इसे पहन रहा हूं, तो बहुत अच्छा लग रहा है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान मैंने इसके बारे में नहीं सोचा, क्योंकि मुझे लगता है कि ज्यादा सोचने से नजर लग जाती है।

**फाइनल खेलता तो और ज्यादा अच्छा लगता** – क्या आप आईपीएल 2026 के अपने परफॉर्मेंस से संतुष्ट हैं? के जवाब पर वैभव ने कहा, अगर आखिरी मैच में हम जल्दी विकेट नहीं गंवाते, तो शायद आईपीएल 2026 का फाइनल देख नहीं रहे होते, बल्कि खेलते। अगर टीम ट्रॉफी जीतती और उसके बाद मुझे ये अवॉर्ड्स मिलते, तो ज्यादा खुशी होती। उन्होंने आगे कहा, लोग पूछते हैं कि दूसरी ट्रॉफी कब आएगी। मुझे उम्मीद है कि सिर्फ दूसरी ट्रॉफी ही नहीं, बल्कि आने वाले सालों में तीसरी, चौथी और पांचवीं ट्रॉफी भी जीतेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### झुके बिजली के खंभे और पेड़ बना खतरा

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राणपुर से मुड़वा के बीच मुख्य सड़क किनारे झुके हुए बिजली के खंभे और पेड़ स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि समय रहते इन्हें दुरुस्त नहीं किया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क किनारे कई स्थानों पर बिजली के खंभे झुक गए हैं, जबकि कुछ पेड़ भी खतरनाक स्थिति में खड़े हैं। खेती-किसानी का मौसम शुरू होने वाला है और बड़ी संख्या में किसान प्रतिदिन खेतों की ओर आवागमन करेंगे। ऐसे में दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विद्युत फीडर से प्राणपुर, बाजितपुर समेत चार गांवों में बिजली आपूर्ति की जाती है। यदि झुके हुए खंभे और अधिक क्षतिग्रस्त होकर गिर जाते हैं तो न केवल जान-माल का नुकसान हो सकता है, बल्कि कई गांवों की बिजली आपूर्ति भी ठप पड़ सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार विद्युत विभाग को सूचना दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों ने विभाग से शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू कराने और संभावित खतरे को टालने की मांग की है। इस संबंध में विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर सूरज कुमार ने बताया कि जहां-जहां से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य जल्द कराया जाएगा।

### अवैध खनन के विरुद्ध चलाया गया छापेमारी अभियान


**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** अवैध बालू खनन,परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध दाउदनगर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई सब इंस्पेक्टर विक्की कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा की गई। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा वाहन जांच, अनुसंधान तथा अवैध खनन के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में दोनों बालू लदे ट्रैक्टर पकड़ा गया है। पुलिस को देखते ही दोनों वाहनों के चालक वाहन को छोड़कर भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अरई से एक और बुद्धू बिगहा के पास से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर कोजब्त किया गया है। ट्रैक्टर और बालू को जब्त कर थाना लाया गया है|

गोह थाना क्षेत्र में एनएच 120 पर पीछे से ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर

# तीन की मौत, तीन घायल

## मोसरमा मेला से लौट रहा था परिवार, ग्रामीणों का हंगामा, घंटों बाधित रहा आवागमन







- एक झटके में उजड़ गया परिवार, सड़क हादसे ने छीन ली तीन जिंदगियां
- कार में सवार थे सात लोग

**निज संवाददाता** | गोह (औरंगाबाद)

जिले के गोह थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-120 पर रविवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना उस समय हुई जब मोसरमा मेला से लौट रही एक कार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के छिहन बिगहा निवासी उपेंद्र यादव की पत्नी 45 वर्षीय ममता कुमारी, उनकी 18 वर्षीय पुत्री चुलबुल कुमारी तथा उपहारा थाना क्षेत्र के डड़वा गांव निवासी विनोद यादव की 17 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के रूप में हुई है। हादसा इतना भीषण था कि तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

बताया जाता है कि कार में कुल सात लोग सवार थे, जो अरवल जिले के प्रसिद्ध मोसरमा मेला से घूमकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान गोह थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में उपेंद्र यादव की 14 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी, 12 वर्षीय पुत्र समर कुमार तथा स्वर्गीय विनोद यादव की 40 वर्षीय पत्नी संगीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार मुस्कान और समर की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर गोह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। गोह थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं ट्रैक्टर चालक की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। एक ही परिवार की मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# नौ जुलाई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा होगा शहीद जगदेव की प्रतिमा का अनावरण

**निज संवाददाता** | रफीगंज (औरंगाबाद)



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आगामी 9 जुलाई को रफीगंज प्रखंड के बलिगांव पहुंचकर समाजवादी नेता एवं शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने बताया कि बलिगांव में शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का निर्माण स्थानीय कुशवाहा समाज के सहयोग से कराया गया है। समाज के लोगों की लंबे समय से इच्छा थी कि प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हाथों कराया जाए। इसी उद्देश्य से विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने रिसियप निवासी अशोक कुशवाहा तथा बलिगांव के धनंजय कुशवाहा, अमरजीत कुशवाहा और हंसराज कुशवाहा के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बलिगांव आने और प्रतिमा का अनावरण करने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 9 जुलाई की तिथि तय की है और उसी दिन वे बलिगांव पहुंचकर प्रतिमा का विधिवत अनावरण करेंगे। कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। डॉ. प्रकाश चंद्र ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के अग्रणी नेता थे। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा बलिगांव और आसपास के क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा। विधायक ने क्षेत्र के लोगों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री के आगमन से शहीद जगदेव प्रसाद के संघर्ष, विचार और सामाजिक योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

## निवेश का झांसा देकर दो लोगों से की 4.44 लाख की साइबर ठगी

**पटना(नि.सं.)।** साइबर अपराधियों ने निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर और मोबाइल फोन हैक कर दो लोगों से कुल 4.44 लाख रुपये की ठगी कर ली। दोनों पीड़ितों ने मामले की शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। पहले मामले में सुल्तानगंज क्षेत्र की एक महिला को ठगों ने एक निजी कंपनी में निवेश करने का प्रस्ताव दिया। जालसाजों ने उन्हें रेंटल इनकम मॉडल के जरिए नियमित और अधिक मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया। उनके झांसे में आकर महिला ने 2.58 लाख रुपये निवेश कर दिए। ठगों ने महिला को अगले महीने से लाभांश और रिटर्न मिलने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद जब उन्होंने कंपनी से संपर्क कर पैसे की मांग की तो उन्हें लगातार अलग-अलग बहाने बनाकर टाल दिया गया। बाद में संबंधित लोगों का मोबाइल फोन बंद हो गया, तब महिला को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। दूसरे मामले में आलमगंज निवासी एक युवक का मोबाइल फोन हैक कर साइबर अपराधियों ने उसके बैंक खाते से 1.86 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित के अनुसार हैकरों ने विभिन्न खातों में राशि स्थानांतरित कर दी। जांच में सामने आया है कि 85 हजार रुपये एक खाते, 65 हजार रुपये दूसरे खाते, 10 हजार रुपये तीसरे खाते में भेजे गए। इसके अलावा कुछ राशि एक ट्रैवल एजेंसी और अन्य खातों में भी स्थानांतरित की गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद युवक ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है और संबंधित बैंक खातों तथा मोबाइल नंबरों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# एनएच-139 को फोरलेन बनाने की मांग को लेकर आज होगा औरंगाबाद में महाधरना

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद




राष्ट्रीय राजमार्ग-139 को फोरलेन बनाने की मांग को लेकर एनएच-139 संघर्ष समिति ने आज औरंगाबाद में महाधरना आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित ब्लॉक मोड़ के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन परिसर में संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुग्रह मध्य विद्यालय के सामने महाधरना कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पिछले एक दशक से एनएच-139 पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। समिति के अनुसार बीते दस वर्षों में इस मार्ग पर करीब 2500 से अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने सड़क को फोरलेन बनाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की है। संघर्ष समिति ने केंद्र और राज्य सरकार से अविलंब एनएच-139 को फोरलेन करने की मांग की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि झारखंड के पलामू जिले में हरिहरगंज सीमा तक फोरलेन सड़क का निर्माण दो से तीन वर्ष पूर्व ही पूरा कर लिया गया, जबकि बिहार में औरंगाबाद से बिहटा तक सड़क का चौड़ीकरण अब तक नहीं हो सका है। समिति ने इसे सरकार की दोहरी नीति करार दिया। बैठक में दोमुहान पुल का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। वक्ताओं ने कहा कि पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले सप्ताह से भारी वाहनों का परिचालन बंद है, जिससे आम लोगों और व्यवसायियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने डायवर्जन निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग भी की।

संघर्ष समिति के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो महाधरना के बाद चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। साथ ही जिले के लोगों से आज आयोजित महाधरना में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में एनएच-139 के फोरलेन निर्माण की मांग का समर्थन करते हुए इसे क्षेत्र के विकास और सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया।

# देव के शक्तिपीठ में मनाया गया मां काली का वार्षिकोत्सव छप्पन भोग व अखंड कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

**निज संवाददाता** | देव (औरंगाबाद)



सूर्यनगरी देव स्थित रानी तालाब परिसर में मां काली के स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं ने मां काली का दिव्य एवं भव्य श्रृंगार कर उनकी विशेष पूजा-अर्चना की। पूरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। धार्मिक विद्वानों ने बताया कि मां काली का विधिवत श्रृंगार सकारात्मक ऊर्जा, सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। वैदिक परंपरा के अनुसार गोपाल बाबा एवं विवेक मिश्रा द्वारा मां काली का विशेष श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं के सहयोग से तैयार किए गए छप्पन भोग का अर्पण मां काली को किया गया। इसके बाद पूरे देव बाजार में खीर प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मलमास के पावन अवसर पर काली स्थान शिवालय समिति ट्रस्ट की ओर से 24 प्रहर अखंड कीर्तन का आयोजन भी किया गया। समिति के पुजारी पंडित दिनेश दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वेदी पूजन कर अखंड कीर्तन का शुभारंभ कराया था। कुरका, चैनपुर, आनंदपुरा, कुम्हारबीघा और तिलौटाबीघा की कीर्तन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति से रानी तालाब परिसर को पूरी रात भक्ति रस में सराबोर रखा। वहीं विनोद जी द्वारा रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। रविवार को अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति के साथ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नाम संकीर्तन से पापों का नाश होता है और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में काली स्थान शिवालय समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक धनराज, सचिव राहुल सिंह, संरक्षक दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष उपेंद्र चौधरी सहित समिति के अनेक सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं मां काली के वार्षिकोत्सव के आयोजन में समाजसेवी विवेक मिश्रा, रवि पांडेय, पवन पांडेय, बलेश गुप्ता, मुकेश सिंह और मुकुल सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर नगर अध्यक्ष पिंटू साहिल, उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता, सिद्धेश्वर विद्यार्थी और समाजसेवी आलोक सिंह ने रानी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। धार्मिक आयोजनों के कारण पूरे देव नगर में दिनभर श्रद्धा, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

## पीएमसीएच के छात्र का शव कमरे से हुआ बरामद

**पटना(नि.सं.)।** राजधानी पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके किराये के कमरे से बरामद होने के बाद सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गुड्डू राजा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मुजफ्फरपुर जिले का निवासी था और पीएमसीएच में लैब टेक्नीशियन की पढ़ाई कर रहा था। जानकारी के अनुसार गुड्डू राजा ने सत्र 2025-27 में पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के आई विभाग में लैब टेक्नीशियन कोर्स में नामांकन लिया था। वह बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के गौरैया स्थान स्थित हीरा चंद्र झा के मकान में किराये पर रहकर पढ़ाई कर रहा था। रविवार को उसका शव कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे की जांच शुरू की। तलाशी के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें लिखा था, मेरा सफर अब यहीं तक था। हालांकि मृतक के परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाए।

# दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ की बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन, कुमार गौरव बने जिलाध्यक्ष

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ, औरंगाबाद इकाई की एकदिवसीय बैठक रविवार को पिपरडीह मोड़ स्थित एक सेमिनार हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संगठन मंत्री गौतम कुमार ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दलपति एवं ग्राम रक्षा दल के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने और आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए कुमार गौरव को जिलाध्यक्ष, सुनील कुमार को जिला संगठन मंत्री तथा दिलीप भारती को जिला सचिव चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों के चयन पर उपस्थित सदस्यों ने खुशी जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम संगठन के हित में प्रभावी कार्य करेगी तथा दलपति एवं ग्राम रक्षा दल के सदस्यों की समस्याओं को मजबूती से उठाएगी।

सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प भी लिया। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि जिले में जल्द ही प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस संबंध में पत्रांक संख्या 3582 के आलोक में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया गया। सदस्यों ने बिहार सरकार से मांग करते हुए कहा कि ग्राम रक्षा दल के सदस्यों को स्थायीकरण का लाभ दिया जाए, ताकि उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ संगठन से जुड़े लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। बैठक में सुनील पांडे, मनोज कुमार, धीरेंद्र पंडित, अभिषेक कुमार यादव, छोटू, सोनू, ममता कुमारी, सविता देवी, सरोज देवी सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

# आलोक सिंह दोबारा बने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

**निज संवाददाता** | पटना



उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के संगठनात्मक चुनाव के तहत आज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मतदान कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव आलोक कुमार सिंह ने जीत लिया है। आलोक कुमार सिंह एक बार फिर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा, आज प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने नामांकन किया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है और हमारे ऊपर दायित्व है। जो भी फैसला होगा उसे स्वीकार करना चाहिए। सबका सहयोग जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में किसी एक का ही चयन होगा। इसके बाद उपेंद्र कुशवाहा ने घोषणा की कि विधायक आलोक सिंह प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। प्रशांत पंकज और सुभाष चंद्रवंशी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किए गए हैं, जबकि हिमांशु पटेल को प्रधान महासचिव बनाया गया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राज्यस्तरीय महाधिवेशन एवं संगठनात्मक चुनाव कार्यक्रम का आयोजन पटना के रविंद्र भवन में किया गया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने अलग अलग मुद्दों पर अपनी बात रखी।

# 112 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**निज संवाददाता** | अंबा (औरंगाबाद)




जिले के अंबा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 112.5 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस दौरान शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक कार को जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई कसौटी नहर के समीप की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवीनगर थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव निवासी दीपक कुमार और नीतीश कुमार के रूप में हुई है। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी राहुल राज ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार के माध्यम से अवैध शराब की बड़ी खेप अंबा थाना क्षेत्र से होकर ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस पदाधिकारी देवनारायण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस टीम ने कसौटी मोड़ से लगभग 300 मीटर आगे कसौटी नहर जाने वाली सड़क पर घेराबंदी कर वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से टनाका ब्रांड की देसी शराब के 15 कार्टन बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार प्रत्येक कार्टन में 300 मिलीलीटर की 25 बोतलें थीं। इस तरह कुल 375 बोतलें, यानी 112.5 लीटर अवैध देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब और कार को जब्त कर थाना ले आई। अंबा थाना में दोनों आरोपियों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम, 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अब इस शराब तस्करी नेटवर्क के मुख्य सरगना और अन्य सहयोगियों की पहचान में जुटी है। थाना प्रभारी राहुल राज ने कहा कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# आठ दशक बाद लोहड़ी पाल के घर पहुंचा उजाला, पहली बार जला बिजली का बल्ब, खुशी से भर आईं परिवार की आंखें

**निज संवाददाता** | देव (औरंगाबाद)



आजादी के करीब 80 वर्ष बाद देव प्रखंड स्थित हसौली पंचायत के कुंडा गांव निवासी लोहड़ी पाल के घर आखिरकार बिजली की रोशनी पहुंच गई। जिस घर ने वर्षों तक अंधेरे को अपनी नियति मान लिया था, वहां पहली बार जब बल्ब जला तो वह सिर्फ एक बल्ब नहीं था, बल्कि उम्मीद, सम्मान और सपनों की नई किरण थी गरीबी और अशिक्षा के कारण लोहड़ी पाल कभी बिजली कनेक्शन नहीं ले सके। जीवनभर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण किया। उम्र बढ़ने और शरीर कमजोर पड़ने के बाद उन्होंने बकरी पालन को ही अपनी जीविका बना लिया। आर्थिक तंगी के बीच बिजली का कनेक्शन लेना उनके लिए एक अधूरा सपना बनकर रह गया था। कुछ दिन पहले उन्होंने अपने पड़ोसी और राजेश मिश्रा से अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा, हमको तो पता नहीं है कि बिजली कैसे लगेगी, आप मदद कर दीजिए। यह सुनते ही राजेश मिश्रा उन्हें बिजली विभाग के कार्यालय ले गए और कनेक्शन के लिए आवेदन कराया।

करीब 25 दिनों के इंतजार के बाद वह ऐतिहासिक पल आया, जिसका लोहड़ी पाल वर्षों से इंतजार कर रहे थे। बिजली विभाग के कर्मी उनके घर पहुंचे, मीटर लगाया और कनेक्शन चालू कर दिया। जैसे ही घर में पहली बार बल्ब जला, लोहड़ी पाल और उनके परिवार की आंखें खुशी से नम हो गईं। उन्होंने श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना कर इस नए उजाले का स्वागत किया। एक साधारण बल्ब जलने की यह घटना केवल बिजली आने की कहानी नहीं है, बल्कि उस संघर्ष, उम्मीद और बदलाव की कहानी है, जिसका इंतजार एक गरीब परिवार दशकों से कर रहा था। लोहड़ी पाल के चेहरे पर खिली मुस्कान यह बताती है कि किसी जरूरतमंद की छोटी-सी मदद भी उसके जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

# अंडर-18 एशिया कप जीत पर भारतीय हॉकी टीम को बधाई, श्रवण कुमार ने टीम के प्रदर्शन को सराहा

- फाइनल में जापान को 4-1 से हराकर भारत बना चैंपियन
- 10 वर्ष बाद भारत ने जीता प्रतिष्ठित एशियाई खिताब

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने अंडर-18 पुरुष एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम की शानदार जीत पर खिलाड़ियों को बधाई दी है। श्रवण कुमार ने कहा कि भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबले में मेजबान जापान को 4-1 से पराजित कर उत्कृष्ट खेल, अनुशासन और मजबूत टीम भावना का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि यह जीत पूरे देश के लिए गर्व और गौरव का विषय है।

उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में टीम ने जिस आत्मविश्वास और रणनीति के साथ खेल दिखाया, वह भारतीय हॉकी के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। श्रवण कुमार ने कहा कि भारत ने लगभग एक दशक बाद इस प्रतिष्ठित एशियाई खिताब पर कब्जा जमाया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय हॉकी की मजबूत उपस्थिति फिर से स्थापित हुई है। यह अंडर-18 पुरुष एशिया कप में भारत की तीसरी खिताबी जीत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस उपलब्धि से देशभर के युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी और आने वाले वर्षों में भारतीय हॉकी विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सहयोगी सदस्यों को भी इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अवैध ब्रेकर हटाने का आदेश, प्रशासन करेगी कार्रवाई

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** औरंगाबाद-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-139 से इमामगंज, तरार और मनार जाने वाले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) मार्ग पर बने अवैध ब्रेकरों को हटाने का निर्देश अनुमंडल प्रशासन ने दिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में की गई शिकायत के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई शुरू की है। जानकारी के अनुसार तरार गांव निवासी विजय कुमार सिन्हा ने सड़क पर बनाए गए अवैध ब्रेकरों को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि अनधिकृत रूप से बनाए गए ब्रेकरों के कारण आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।